www.epaper.azadsipahi.in
* ओड़िशा संस्करण
19 जुलाई, 2025
श्रावण, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 269

भारत में बना डाइविंग सपोर्ट जहाज आइएनएस निस्तार नौसेना में शामिल



SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN

Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

FLORENCE GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

Euro Kids Pre-School
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत

ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

## निकाय चुनाव नहीं होने पर झारखंड हाइकोर्ट की सख्त टिप्पणी

# 'रूल ऑफ लॉ' का गला घोंट रही है राज्य सरकार

- मुख्य सचिव को 25 जुलाई को पेश होने का आदेश




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम की पूर्व पार्षद रोशनी खलखो की निकाय चुनाव को लेकर अवमानना याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान हाइकोर्ट ने नगर निकाय चुनाव नहीं कराने को लेकर राज्य सरकार पर नाराजगी जतायी है। जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि न्यायालय के आदेश को सरकार बाइपास कर 'रूल ऑफ लॉ' की अनदेखी कर रही है। राज्य में संवैधानिक तंत्र विफल होता प्रतीत हो रहा है। कोर्ट ने 25 जुलाई को राज्य के मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

**हाइकोर्ट के आदेश का नहीं हुआ पालन:** याचिकाकर्ता रोशनी खलखो के अधिवक्ता विनोद कुमार ने बताया कि 4 जनवरी 2024 को ही हाइकोर्ट ने तीन सप्ताह के भीतर स्थानीय नगर निकाय चुनाव कराने के लिए अधिसूचना जारी करने का आदेश दिया था। जनवरी 2025 में मुख्य सचिव की ओर से हाइकोर्ट को अंडरटेकिंग दिया गया था कि चार माह के भीतर राज्य में स्थानीय नगर निकाय का चुनाव करा लिया जायेगा। अब कोर्ट ने अगले शुक्रवार को मुख्य सचिव को सशरीर पेश होने को कहा है। इस दिन अवमानना से जुड़े आरोप पत्र का भी गठन होगा।

### ओबीसी आरक्षण बना अड़चन ट्रिपल टेस्ट अब तक अधूरा

दरअसल, झारखंड में नगर निकायों का कार्यकाल अप्रैल 2023 में ही समाप्त हो चुका है। तय समय सीमा 27 अप्रैल 2023 तक चुनाव होने थे, लेकिन ओबीसी आरक्षण तय करने की प्रक्रिया के चलते चुनाव टल गये। सरकार ने ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया शुरू तो की, लेकिन एक साल बाद भी इसे पूरा नहीं कर सकी। वर्तमान में नगर निकायों का संचालन प्रशासकों द्वारा किया जा रहा है और पिछले ढाई वर्षों से कोई निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं है।

### झारखंड में कहां-कहां होना है नगर निकाय चुनाव

- नगर निगम- 09 (रांची, हजारीबाग, मेदिनीनगर, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, चास, आदित्यपुर और मानगो)
- नगर परिषद- 21 (गढ़वा, विश्रामपुर, चाईबासा, झुमरी तिलैया, चक्रधरपुर, चतरा, चिरकुंडा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, गुमला, जुगसलाई, कपाली, लोहरदगा, सिमडेगा, मधुपुर, रामगढ़, साहिबगंज, फुसरो और मिहिजाम)
- नगर पंचायत-19 (बंशीधर नगर, मझिआंव, हुसैनाबाद, हरिहरगंज, छतरपुर,लातेहार, कोडरमा, डोमचांच, बड़की सरैया, धनवार, महगामा, राजमहल, बरहरवा, बासुकीनाथ, जामताड़ा, बुंडू, खूंटी, सरायकेला और चाकुलिया)

## पश्चिम बंगाल में गरजे प्रधानमंत्री

# घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई होगी : मोदी

भाजपा किसी भी साजिश को कामयाब नहीं होने देगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दुगार्पुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर में कहा कि बंगाल में टीएमसी ने अपने स्वार्थ के लिए घुसपैठ को बढ़ावा दिया। इसके लिए इकोसिस्टम बनाया जा रहा है। ये राज्य-देश और बांग्ला संस्कृति के लिए खतरा है। टीएमसी ने घुसपैठियों के पक्ष में नयी मुहिम शुरू की। मैं साफ कहता हूं कि जो भारत का नागरिक नहीं है और घुसपैठ करके आया है, उसपर संविधान के तहत कार्रवाई होकर रहेगी। बंगाल के खिलाफ साजिश को भाजपा कामयाब नहीं होने देगी, ये मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने दुगार्पुर में 5000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इसमें ऑयल, गैस, बिजली, सड़क और रेल से जुड़ी कई अन्य विकास परियोजनाएं शामिल हैं। दुगार्पुर बंगाल के पश्चिम वर्धमान जिले का शहर है। राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। 2025 में मोदी की यह दूसरी पश्चिम बंगाल यात्रा है। इससे पहले उन्होंने 29 और 30 मई को अलिपुरद्वार और कूच विहार में परियोजनाओं का शिलान्यास किया था।

**मुर्शिदाबाद घटना में पुलिस ने कुछ न किया:** प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल में मुर्शिदाबाद जैसी घटना हुई है। हत्या हो जाती हो और पुलिस ने कुछ भी नहीं किया। यहां राज्य सरकार जान और दुकान की रक्षा नहीं कर सकती, तो निवेशकों को भी चिंता होती है। उन्होंने कहा कि आज बंगाल के अस्पताल भी सुरक्षित नहीं है, जब डॉक्टर बेटी के साथ अत्याचार हुआ तो टीएमसी सरकार अपराधी को बचाने में लगी रही। देश इससे उभरा ही नहीं तो एक और कॉलेज में बेटी के साथ दुर्व्यवहार हुआ। टीएमसी के नेता इसके आरोपियों को भी बचाने में लगे हैं।



### टीएमसी सरकार बंगाल के विकास के आगे खड़ी

मोदी ने कहा कि टीएमसी सरकार बंगाल के विकास के आगे दीवार बनकर खड़ी है। जिस दिन टीएमसी की दीवार गिरी, तब बंगाल विकास की गति पकड़ लेगा। टीएमसी की सरकार जायेगी, तभी असली परिवर्तन आयेगा। हम बंगाल में अवसर मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की नीति भी भ्रष्टाचारियों के लिए बनायी जाती है। युवाओं की शिक्षा और कौशल के साथ जो कुछ यहां हो रहा है वह चिंता बढ़ाने वाला है।

# हजारीबाग : खनन कार्यालय पहुंची इडी की टीम, खंगाली फाइलें

सात घंटे से अधिक समय तक पांच सदस्यों की टीम ने जांच-पड़ताल की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग में फिर एक बार प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम ने शुक्रवार को दबिश दी। टीम का निशाना इस बार जिला खनन कार्यालय था। पांच सदस्यीय टीम लगभग 11 बजे खनन विभाग के कार्यालय पहुंची और फाइलों को खंगालना शुरू किया। खबर भेजे जाने तक कार्रवाई जारी थी। टीम के सदस्यों ने एक-एक फाइल की गहनता से जांच की। बताया जाता है की एजेंसी को कुछ अहम जानकारी मिली है, इसी आधार पर यह छापेमारी चल रही है। इस दौरान किसी को अंदर जाने या अंदर से बाहर आने की इजाजत नहीं थी।

बताते चलें कि हजारीबाग में विगत 6 जुलाई को भी इडी की टीम ने छापेमारी की थी। जिसमें बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद का आवास समाधान और उनके नजदीकी मंटू सोनी, पंचम कुमार, मनोज दांगी और हजारीबाग के एक सीए बादल गोयल, कटकमदाग प्रमुख कुमारी विनीता के अलावा दो अन्य लोगों के घरों पर छापेमारी की गई थी। इस छापेमारी को भी इस प्रकरण से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोल लिंकेज मामले में यह छापेमारी चल रही है। पिछले दिनों कोल लिंकेज मामले में खनन विभाग ने कार्रवाई करते हुए 142 कंपनियों का कोल लिंकेज समाप्त कर दिया था। कंपनी द्वारा कोयला लेने के लिए अग्रिम राशि झारखंड राज्य खनिज विकास निगम को वापस करने का आदेश भी निर्गत कर दिया था।

# बासतला स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर तीन हाथियों की मौत

## बरबिल-हावड़ा जन शताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आये

- मौत के बाद ट्रैक पर घंटों जमे रहे शेष चार हाथी
- 2018 में भी तीन हाथी ट्रेन की चपेट में आये थे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** झारग्राम-खड़गपुर रेल खंड पर गुरुवार देर रात ट्रेन की चपेट में आने से तीन हाथियों की मौत हो गयी। मरने वाले में एक शिशु हाथी के अलावे एक नर एवं एक मादा हाथी शामिल है। यह घटना पश्चिम बंगाल के झारग्राम से लगभग सात किलोमीटर दूर बासतोला रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर रात करीब 12.40 बजे हुई। घटना के बाद झुंड के शेष चार हाथी मारे हुए हाथियों के आसपास काफी देरी तक जमे रहे। रेलवे एवं वन विभाग ने मिलकर तीनों हाथियों के शव को पोस्टमार्टम के बाद दफना दिया। वन विभाग के दृष्टिकोण से यह घटना झारग्राम वन प्रमंडल क्षेत्र के मानिकपाड़ा रेंज में हुई है। इससे पहले इस तरह की अगस्त 2018 में गिधनी से कानीमहुली स्टेशन के बीच हावड़ा-मुंबई ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से टकराकर तीन हाथी मरे थे।



**ट्रेनों का परिचालन दो-ढाई घंटे के लिए बाधित रहा:** मिली जानकारी के मुताबिक 12022 डाउन बरबिल-हावड़ा जन शताब्दी एक्सप्रेस बुधवार को देर से चल रही थी। ट्रेन 12.32 बजे झारग्राम स्टेशन पहुंची और दो मिनट रुकने के बाद गंतव्य की ओर आगे बढ़ी। झारग्राम से अगला स्टेशन बासतोला सात किमी दूर है। यहां तक पहुंचने में ट्रेन को 8-9 मिनट लगे होंगे। इसी से दुर्घटना के समय का अंदजा लगा। घटना के बाद अप एवं डाउन लाइन पर ट्रेनों का परिचालन दो-ढाई घंटे के लिए बाधित रहा। तीन हाथियों के मरने की घटना से रेलवे एवं वन विभाग के अधिकारी हलकान हैं। उन्होंने कहा है कि घटना की जांच विस्तार से जांच होगी।

### क्या जानकारी साझा नहीं की गयी थी!

प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथियों के रेलवे क्षेत्र में आवाजाही की सूचना वन विभाग द्वारा रेलवे और आरपीएफ के साथ साझा किया जाता है। इस सूचना के आधार पर रेलवे नोटिस जारी करके हाथी प्रभावित स्टेशनों के बीच ट्रेन की स्पीड को 40 किमी / घंटा करने का नोटिस जारी किया जाता है। गुरुवार रात की घटना से पहले इस तरह का कोई नोटिस जारी नहीं किया गया था। वन विभाग ने रेलवे को हाथियों के बारे में सूचना दी थी या नहीं, इसकी फिलहाल पुष्टि नहीं हुई थी।

### रेलवे ने माकुल उपाय नहीं किया: रेंजर

झारखंड के चाकुलिया रेंज के रेंजर दिग्विजय सिंह ने कहा कि हाथियों के रेलवे ट्रैक के आसपास जंगल में होने कि जानकारी रेलवे को वन विभाग द्वारा दी जाती है। बार-बार नोटिस देकर रेलवे को सलाह दी गयी है कि ट्रेक रेल प्रशासन ट्रेक के दोनों तरफ लोहे का बाड़ बना दे। अभी तक रेलवे ने सुरक्षा का ऐसा कोई माकुल उपाय नहीं किया है।

# छत्तीसगढ़ शराब घोटाला: पांच दिन की इडी रिमांड पर चैतन्य बघेल

राज्य के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे हैं चैतन्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के भिलाई में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक यह गिरफ्तारी शराब घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में हुई है। इडी ने एऊ ने चैतन्य बघेल को रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने चैतन्य को 22 जुलाई तक इडी की पांच दिन की रिमांड पर भेजा है। कोर्ट में भूपेश बघेल, चरणदास महंत, मोहम्मद अकबर समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे। इससे पहले भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि इडी आ गयी। आज विधानसभा सत्र का अंतिम दिन है। अडाणी के लिए तमनार में काटे जा रहे पेड़ों का मुद्दा आज उठाना था। भिलाई निवास में 'साहेब' ने इडी भेज दी है।



**क्या है छत्तीसगढ़ का शराब घोटाला:** छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में इडी जांच कर रही है। इडी ने एसीबी में एफआइआर दर्ज करायी है। दर्ज एफआइआर में दो हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के घोटाले की बात कही गयी है। इडी ने अपनी जांच में पाया कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में आइएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के सिंडिकेट के जरिये घोटाले को अंजाम दिया गया था।

### मायूस नजर आये भूपेश बघेल

चैतन्य की गिरफ्तारी के बाद भूपेश बघेल पहले विधानसभा पहुंचे। इसके बाद वह पार्टी के सीनियर नेताओं के साथ रायपुर के विशेष कोर्ट पहुंचे। कोर्ट की कार्रवाई के दौरान भूपेश बघेल समेत कई सीनियर नेता मौजूद थे। हालांकि इस दौरान भूपेश बघेल थोड़ा परेशान दिखाई दिये। चैतन्य बघेल का शुक्रवार को जन्मदिन था। इसी दिन इडी की गिरफ्तारी के लेकर बघेल ने मोदी-शाह पर निशाना साधा। भूपेश बघेल ने कहा कि पिछली बार मेरे जन्मदिन पर इडी को भेजा गया था। इस बार मेरे बेटे के जन्मदिन पर मोदी-शाह ने अपने 'मालिक' को खुश करने के लिए इडी को भेजा है। भूपेश बघेल न झुकेगा और न ही डरेगा। आज विधानसभा में अडाणी का मुद्दा उठेगा, इसलिए इडी को भेजा गया है।

# छत्तीसगढ़: मुठभेड़ में छह नक्सली ढेर

भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों को एकबार फिर बड़ी कामयाबी मिली है। सूबे के नारायणपुर जिले में शुक्रवार को नक्सलियों के साथ सुरक्षा बलों की भीषण मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में छह नक्सली मार गिराये गये। अबूझमाड़ क्षेत्र के जंगल में दोपहर के वक्त नक्सलियों का सामना सुरक्षा बल के जवानों से हुआ। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम को एक खुफिया इनपुट मिला था कि इलाके में बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसके बाद टीम इलाके में अभियान पर निकली थी। सुरक्षा बलों ने नक्सलियों से सरेंडर करने को कहा लेकिन उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में छह नक्सली मारे गये। जिनकी लाशें बरामद की जा चुकी हैं। खबर लिखे जाने तक तलाशी अभियान जारी था। नक्सलियों के पास से एके-4, एसएलआर राइफलें, अन्य घातक हथियार, विस्फोटक सामग्री और दैनिक इस्तेमाल के सामान बरामद किये गये हैं। शुक्रवार दोपहर से सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी चल रही थी। पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि चूंकि सुरक्षा बलों का अभियान जारी है, इसलिए उनकी सुरक्षा को देखते हुए ज्यादा जानकारी साझा नहीं की जा सकती है।

## न्यूज रील्स

### केंद्रीय गृह सचिव 28 जुलाई को आयेंगे रांची

रांची। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन 28 जुलाई को रांची आयेंगे। वे झारखंड में उग्रवाद, अपराध और विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। झारखंड के गृह सचिव वंदना दाडेल ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। झारखंड में उग्रवाद और अपराध की विशेष समीक्षा की जायेगी।

### भारत में बन रहा पहला ड्यूल स्टेल्थ ड्रोन

हैदराबाद। ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने अपने हवाई रक्षा कवच का लोहा पूरी दुनिया में मनवाया। अब जल्द दुनिया हमारी एक और हवाई ताकत देखेगी। भारत दुनिया का पहला ड्यूल स्टेल्थ ड्रोन बना रहा है। यह दुश्मन के हाईरेंज राडार और इंफ्रारेड सिग्नल्स से बचने के साथ ही सेकंड्स से भी कम समय में अटैक कर सकेगा। 'रामा' खास स्वदेशी कोटिंग मटेरियल है, जो राडार और इंफ्रारेड की पहचान को 97% तक कम कर देता है। अभी सिर्फ अमेरिका, चीन और रूस के पास ही राडार से छुपने वाले स्टेल्थ ड्रोन हैं।




आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 19 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


# बिहार में 'मर्डर-मर्डर' खेल रहे हैं अपराधी

## ■ बवासीर का इलाज करा रहा था कुख्यात चंदन, घुस कर मार दी गोली

## ■ शूटआउट इन पारस अस्पताल, प्लानिंग, मर्डर और जश्न का अनोखा खेल

**आजाद सिपाही विशेष**

बिहार की राजधानी पटना में एक सनसनीखेज हत्याकांड हुआ। इस हत्याकांड का जब सीसीटीवी फुटेज सामने आया, तो लगा कि कोई फिल्म का सीन चल रहा हो। लेकिन जब असलियत पता चली तो बिहार में लॉ एंड आर्डर का चेहरा बेनकाब हो गया। लोग सीसीटीवी फुटेज देख सिहर गये कि अस्पताल में ऐसा भी हो सकता है। वह भी पारस अस्पताल में। पांच शूटरों ने पारस अस्पताल में कुख्यात चंदन मिश्रा की हत्या कर दी। बिहार की राजधानी पटना में यह पहली घटना थी, जब बेखौफ अपराधी अपना चेहरा दिखाते हुए बड़े आराम से एक बड़े अस्पताल के अंदर घुसकर इलाजरत मरीज की हत्या की। चंदन मिश्रा जेल से पैरोल पर निकला था। घटना को अंजाम देने के बाद छह अपराधी दो बाइक पर सवार होकर खुशी का इजहार करते हुए आराम से फरार हो गये। तस्वीर में ऐसा दिख रहा है, मानो उन्होंने कोई जंग जीती हो। यह घटनास्थल पुलिस मुख्यालय से लगभग उतना ही करीब है, जितना पटना हवाई अड्डा से। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी पहुंची और फिर जांच-पड़ताल, पूछताछ और एफएसएल टीम के द्वारा जांच किये जाने के पूरे तामझाम किये गये। रात तक यह भी स्पष्ट हो गया कि इस को अंजाम देने वाला शख्स कौन है। वह शख्स खुद को 'बादशाह' कहलाने पर गर्व महसूस करता है और शायद इसी वजह से उसने जानबूझकर अपने चेहरे को दिखाते हुए इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया। बिहार में चल रहे 'मर्डर-मर्डर' के खेल को खंगाल रहे **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

कुख्यात चंदन मिश्रा हत्याकांड के तीन सीसीटीवी वीडियो सामने आये हैं। वीडियो से पता चलता है कि तौसीफ नाम के एक शख्स ने अपने गैंग के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। यह गैंगवार का मामला है। सीसीटीवी में दिख रहा है कि तौसीफ और उसका गैंग अस्पताल के बाहर प्लानिंग कर रहे थे। फिर वे बेखौफ अस्पताल के अंदर घुसे और चंदन मिश्रा को गोलियों से भून डाला। वारदात के बाद शूटर विक्ट्री साइन दिखाते हुए फरार हो गये। घटना के कुछ घंटों के अंदर पारस अस्पताल में चंदन मिश्रा हत्या कांड का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आ गया है, जिसमें यह दिख रहा है कि पांच अपराधी बड़े आराम से पारस अस्पताल के अंदर कमरे में प्रवेश करते हैं और फिर फायरिंग कर बाहर निकल गये। साथ ही उनके जाने का भी सीसीटीवी फुटेज सामने आया, जिसमें दो बाइक पर तीन-तीन अपराधी हथियार लहराते हुए दिख रहे हैं। घटना करने के बाद ये 6 अपराधी पारस अस्पताल से सटी गली से निकलते हुए बड़े आराम से अपने गंतव्य की ओर निकल गये। अपराधी जिस रास्ते से फरार हुए, वह रास्ता भी सीसीटीवी में कैद हो चुका है। सीसीटीवी के तहत अपराधी समनपुरा मस्जिद होते हुए दीघा से आशियाना रोड और फिर फुलवारी गुमटी पार करते हुए फरार हो गये। इस घटना ने बिहार पुलिस को यह बताया कि अपराधी कितने बेखौफ हैं कि उन्हें पहचान लिये जाने का भी भय नहीं था। उनके दिलों में पुलिस का भय रत्ती भर भी नहीं है।

### कंधा से लेकर पैर तक लगी थी 32 गोलियां

घटनास्थल तक पुलिस के अलावा कोई और नहीं पहुंच पाया, इसलिए गोलियों की संख्या स्पष्ट नहीं हो पा रही थी। शुरुआती समय में यह कहा जा रहा था कि अपराधियों ने उन्हें चार गोलियां मारी हैं, लेकिन सच्चाई कुछ और है। चंदन मिश्रा को चार नहीं करीब 36 गोलियां मारी थीं। कंधा से लेकर पैर तक कुल 32 गोलियां लगी थीं। अपराधियों ने फिल्मी स्टाइल में कंधे से लेकर पैर तक कोई ऐसी जगह नहीं छोड़ी थी, जहां गोलियां नहीं मारी।

### बिहार में आपराधिक घटनाएं बढ़ीं

दरअसल, बिहार में पिछले कुछ दिनों से लगातार आपराधिक घटनाएं हो रही। पटना में बिजनेसमैन गोपाल खेमका का मर्डर हुआ, फिर सीतामढ़ी में प्रॉपर्टी डीलर पुट्टू खान की उनके घर के पास गोली मारकर हत्या कर दी गयी। फिर गुरुवार को पटना के हाइ प्रोफाइल पारस अस्पताल में बेखौफ बदमाशों ने कुख्यात चंदन मिश्रा को गोली मार दी। चंदन मिश्रा बक्सर का रहने वाला था और 36 साल की उम्र में उस पर 10 से ज्यादा मर्डर के साथ 24 मामले दर्ज है। पारस अस्पताल में चंदन मिश्रा बवासीर का इलाज करा रहा था।



### पुलिस ने अपराधियों के करीब पहुंचने का किया दावा

इस मामले पर पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने भी माना कि यह हत्याकांड पूरी तरह सुनियोजित थी, इसलिए उन्होंने यह कहा कि इस मामले में बाहरी और आंतरिक (अस्पताल से जुड़े) लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। उन्होंने तो हत्यारों तक बहुत जल्द पहुंच जाने का भी दावा किया, लेकिन सार्वजनिक रूप से पुलिस के हाथ अब तक खाली दिख रहे हैं। हालांकि पटना एसएसपी ने यह कहा कि हमने तकनीकी और मानव खुफिया स्रोतों से जो सुराग इकट्ठा किये हैं, उनके आधार पर हम बहुत जल्द हत्यारों तक पहुंचने वाले हैं। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस ने इस मामले में उस शख्स को हिरासत में लिया है, जो लोगों के द्वारा बादशाह कहने पर खुश होता है।

### तौसीफ बादशाह ने इस गैंगवार की साजिश रची थी

पुलिस के अनुसार, तौसीफ बादशाह ने इस गैंगवार की साजिश रची थी। वो पहले भी कई मामलों में आरोपी रह चुका है। तौसीफ को अस्पताल की पूरी जानकारी थी। उसका एक करीबी वहां इलाज के लिए भर्ती था। सीसीटीवी दिखता है कि शूटर इमरजेंसी और ओपीडी गेट से होते हुए सीधे कमरा नंबर 209 में पहुंचे, जहां चंदन मिश्रा भर्ती था। कमरे में अंदर से लॉक करने की सुविधा नहीं थी। शूटरों ने इसका फायदा उठाया और चंदन की हत्या कर दी। सीसीटीवी के तीसरे वीडियो में आरोपी अस्पताल से बाहर निकलते हुए विक्ट्री साइन दिखा रहे हैं। फिर वे बाइक पर पिस्टल लहराते हुए फरार हो गये। इस गोलीबारी में चंदन का अटेंडेंट दुर्गेश पाठक भी घायल हो गया। दुर्गेश पाठक ने भी एफआइआर दर्ज करायी है। पुलिस ने इस मामले में दो एफआइआर दर्ज की हैं। पहली एफआइआर चंदन मिश्रा के परिजनों ने दर्ज करवाई है। दूसरी एफआइआर दुर्गेश पाठक ने दर्ज करवाई है। पुलिस का कहना है कि यह मामला गैंगवार से जुड़ा है। तौसीफ ने हाल ही में पटना में अपना गैंग बनाया है। पहले बक्सर में चंदन और शेरू गैंग का दबदबा था। पुलिस आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

### अपराध के रास्ते राजनीति की गली

बिहार में पोस्टर वायरल हो रहा है, जिसमें सीसीटीवी में दिखने वाला शख्स पोस्टर में दिख रहा है। यह फुलवारी शरीफ का रहने वाला शिक्षिका का पुत्र तौसिफ खान है। पशुपति कुमार पारस की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (राष्ट्रीय) में तौसिफ की तस्वीर के दो मतलब हो सकते हैं। यह या तो पशुपति कुमार पारस की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) में शामिल हो चुका था या फिर शामिल होने वाला था। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है, लेकिन पोस्टर में दिख रही तस्वीर यह जरूर बता रही है कि तौसिफ खान भी अपराध की दुनिया से गुजरते हुए अब राजनीति में भी कदम रखने वाला था।

### अपराधियों का राज बाः आरजेडी

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मोतिहारी दौरे के बीच, राष्ट्रीय जनता दल ने राजधानी पटना में जगह-जगह पोस्टर लगाकर एनडीए नेताओं को निशाने पर लिया है। बिहार में पोस्टर के जरिए सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर लगातार तेज हो रहा है। आरजेडी की ओर से शुक्रवार को लगाये गये इन पोस्टरों में बिहार में बढ़ते अपराध पर सवाल उठाये गये हैं। गुरुवार को पारस अस्पताल में दिनदहाड़े हुई गोलीबारी और हत्या जैसी घटनाओं का जिक्र कर राज्य की कानून-व्यवस्था पर तंज कसा गया है।

---

# दिल्ली में झारखंड महोत्सव 21 को, दिखेगी झारखंडी संस्कृति की झलक

**झारखंड के गौरव को राष्ट्रीय पटल पर प्रस्तुत करने का प्रयास किया जा रहा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली में झारखंड के लोगों के लिए झारखंड महोत्सव 21 जुलाई को होगा। महोत्सव के दौरान झारखंड की लोककला, नृत्य, संगीत की झलक देखने को मिलेगी। इस मंच पर राज्य की सांस्कृतिक विविधता के साथ-साथ सामाजिक एकता का भी प्रदर्शन किया जायेगा। इस विशेष अवसर पर झारखंड के कई आइएएस, आइपीएस अधिकारी के अलावा दिल्ली-एनसीआर में रह रहे वरिष्ठ पेशेवर और केंद्र सरकार एवं राज्य के जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान झारखंड एसोसिएशन दिल्ली अपनी आधिकारिक वेबसाइट का लोकार्पण भी करेगी। यह वेबसाइट दिल्ली-एनसीआर में बसे झारखंड वासियों के लिए एक सूचना केंद्र के रूप में कार्य करेगी, जिसमें एक हेल्पलाइन नंबर, आपसी संपर्क हेतु सदस्यों का डेटाबेस, और झारखंड मूल के लोगों के लिए रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, कानूनी सहायता आदि क्षेत्रों में सहयोग हेतु महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध करायी जायेंगी।




### झारखंड एसोसिएशन दिल्ली की पहल

झारखंड एसोसिएशन दिल्ली ने झारखंड के लोगों के लिए मुफ्त एंबुलेंस सेवा शुरू करने की योजना बनायी है। संस्था ने हाल ही में एक आंतरिक सहयोग अभियान चलाया, और केवल तीन दिनों के भीतर ही 51000 रुपये का सहयोग सदस्यों द्वारा प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में झारखंडी मूल के युवाओं के लिए करियर काउंसलिंग, सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं, फोक डांस प्रस्तुतियां, खेलकूद और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने वाली चर्चा सत्र भी आयोजित किये जायेंगे। इस आयोजन के माध्यम से झारखंड के गौरव को राष्ट्रीय पटल पर प्रस्तुत करने का प्रयास किया जा रहा है और दिल्ली-एनसीआर में झारखंड मूल के लोगों को एक मजबूत सामाजिक पहचान देने की दिशा में यह एक अहम कदम साबित होगा।

---

# देवघर में युवक को अपराधियों ने मारी गोली, अस्पताल में भर्ती

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** शहर के झौसागढ़ी मोहल्ले में शुक्रवार दोपहर में दिनदहाड़े बदमाशों ने भीड़ भरे चाय दुकान के पास एक युवक को मारी गोली दी। गंभीर हालत में युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जख्मी 20 वर्षीय अभिजीत कुमार ठाकुर बिलासी मोहल्ले के रामपुर आदर्श भवन का रहने वाला है। आपसी वर्चस्व को लेकर गोली मारने की बात सामने आ रही है। वैसे पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है। सदर अस्पताल में जख्मी का इलाज जारी है। फिलहाल वह बयान देने की स्थिति में नहीं है। डॉक्टर के अनुसार युवक को पीठ में गोली लगी है।



घटना की जानकारी पाकर पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुट गयी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, घटनास्थल से पुलिस ने एक खोखा भी जब्त किया है। हमलावरों का पता लगाने के लिए पुलिस घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाल रही है।

---

# आवास बोर्ड : दिव्यांगों को आवंटन में मिलेगा पांच प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दिव्यांगजनों को झारखंड में आवास-दुकान आवंटन में पांच प्रतिशत तक क्षैतिज आरक्षण दिया जायेगा। राज्य सरकार के निर्देश पर नगर विकास एवं आवास विभाग ने इस संबंध में झारखंड राज्य आवास बोर्ड आवासीय-भू-संपदा का प्रबंधन एवं निस्तार, संशोधन नियमावली 2025 को लागू कर दिया है। इसके तहत दिव्यांगों को आवंटन उनकी संबंधित श्रेणी यथा, क, ख, ग एवं घ के लिए निर्धारित प्रतिशत का 5 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण रहेगा। आवंटन की गणना में यदि इकाई की संख्या 01 से कम रहने पर भी 01 इकाई आवंटित की जायेगी। यदि गणना में इकाइयों की संख्या प्रतिशत में अथवा अपूर्ण संख्या में आये तो ऐसी स्थिति में निकतमपूर्ण संख्या की गणना की जायेगी। इसके उपरांत शेष बचे इकाइयों को उस श्रेणी के व्यक्तियों के बीच आवंटित किया जायेगा। नगर विकास विभाग के प्रधनप सचिव सुनील कुमार ने इस संबंध में स्पष्ट किया है कि दिव्यांग उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में उस श्रेणी के लिए निर्धारित प्रतिशत यथावत रहेगा। झारखंड राज्य आवास बोर्ड यह सुनिशिचत करेगा कि दिव्यांगजनों को आवंटित इकाइयों का विचलन किसी भी परिस्थिति में न हो।



---

# संथाल में आजसू ने की जिला प्रभारियों की नियुक्ति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निर्देश पर पार्टी के प्रधान महासचिव और पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने शुक्रवार को संगठन विस्तार अभियान को गति देने के संथाल परगना में जिला प्रभारियों की नियुक्ति की है। पार्टी की ओर से संथाल के छात्र युवा आजसू प्रभारी के रूप में केंद्रीय महासचिव अजय कुमार और दिलीप किस्कू को सहप्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा दुमका में अरुण महतो और विक्रम सिंह, साहिबगंज में आलोक जॉय पाल और मनोज मरांडी, गोड्डा में सचिन कुशवाहा और ध्रुव साह, देवघर में संजीव महतो और देवेंद्र महतो, जामताड़ा में मनोज सिंह मेलर और विनोद प्रसाद और पाकुड़ में चतुरानन पांडेय और केदार महतो को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने सभी नवनियुक्त प्रभारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में पार्टी के संगठन को संथाल परगना में नयी दिशा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने जिला प्रभारियों को उन्होंने इन पदाधिकारियों से जिलों में बैठक कर जल्द प्रखंड प्रभारियों की नियुक्ति करने और ग्राम स्तर तथा संगठन विस्तार अभियान को गति देने का निर्देश दिया है।



### एसटी प्रकोष्ठ के महानगर प्रभारी बने निर्मल



वहीं रांची महानगर अनुसूचित जनजाति प्रभारी निर्मल उरांव को बनाया गया है, जबकि महादेव टोप्पो और सुरेंद्र लिंडा को पार्टी की रांची महानगर संयोजक मंडली का सदस्य बनाया गया है। इन्हें रांची महानगर में आदिवासी जनता के बीच पार्टी के संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 30.3 °c | 23.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.37 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.13 बजे |



# राज्य में हो रहा अवैध बालू खनन विधायक अमित ने की छापेमारी

## कई गाड़ियों को किया पुलिस के हवाले

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिल्ली से जेएमएम के विधायक अमित महतो गुरुवार देर रात से आंदोलन पर हैं। सिल्ली विधानसभा के राहे थानाक्षेत्र के बालूघाट पर वो अपने दलबल के साथ अवैध बालू खनन का आरोप लगाकर वो घाट पर ही बैठ गये हैं। जब पुलिसकर्मी उन्हें समझाने पहुंचे तो उन्होंने स्थानीय पुलिसकर्मी और प्रशासन के मिली भगत का आरोप लगाते हुए आग बबूला हो गये। विधायक को गुस्सा होता देख पुलिस ने उन्हें आश्वस्त किया कि बालू तस्करों पर कार्रवाई होगी। विधायक के लोगों ने एक हाइवा और 8 से 10 ट्रैक्टर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। अब पुलिस स्थानीय सीओ का इंतजार कर रही है ताकि इस अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों पर मामला दर्ज किया जा सके। जानकारी के मुताबिक एक हाइवा, एक टर्बो, एक बालू लदा ट्रैक्टर, एक खाली ट्रैक्टर,चार ट्रैक्टर जेएसबी मेटल, एक जेसीबी मशीन जब्त किया गया है। इस दौरान विधायक अमित महतो ने कहा कि बीती रात को सूचना मिली कि अवैध तरीके से बालू का उठाव हो रहा है। जिसके बाद हम पहुंचे। 8 से 9 गाड़ियों को पकड़ा गया है। कुछ गाड़ियों को थाना पहुंचाया गया। बालू माफियाओं का मनोबल बढ़ गया है। वो मनमानी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। आप सबको पता होगा कि एनजीटी का आदेश है कि 15 अक्टूबर तक बालू का उठाव नहीं होना है। इसके बावजूद भी ये मनमानी कर रहे हैं। माफियाओं पर कैसे शिकंजा कसा जाये इसके लिए हम तत्पर हैं। कार्रवाई होगी। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास करेगी कि किसकी गाड़ियां। गलत करने वालों को हम नहीं बख्शेंगे। मनमानी करने वालों को जेल भेजा जायेगा। डीएसपी ने इस मामले को लेकर कहा है कि गुरुवार रात हमें सूचना मिली थी कि कुछ लोग अवैध बालू उत्खनन कर रहे हैं। इसकी सूचना विधायक को भी हुई। सूचना अनुसार हमलोग रात्रि में ही मौके पर पहुंचे। इस दौरान खनन में जो गाड़ी शामिल थी उन सबको पकड़ा गया है। आगे की जांच जारी है। जिन लोगों का भी नाम सामने आयेगा उनपर कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान कई गाड़ियां जब्त हुई हैं जिनमें एक हाइवा, एक जेसीबी है, एक टर्बो हैं और कुछ ट्रैक्टर पकड़ाये हैं। एक कार भी बरामद हुई है।





# एयर एंबुलेंस का ढोल पीटने वाली सरकार टेंपो में लादकर मरीज को ले जा रही : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलास मरांडी ने एक बार फिर झारखंड सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सड़क पर घायल व्यक्ति के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था कराने के बजाय स्वास्थ्य मंत्री ने उसे टेंपो में लादकर अस्पताल भेजा। इससे अधिक शर्मनाक स्थिति और क्या हो सकती है? उन्होंने कहा कि एयर एंबुलेंस का ढोल पीटने वाली सरकार हकीकत में केवल फर्जी विज्ञापनों से अपनी वाहवाही लूटने में लगी है। झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था इतनी जर्जर हो चुकी है कि खुद मंत्री और मुख्यमंत्री भी अपने या अपने परिजनों का इलाज राज्य के अस्पतालों में करवाने का साहस नहीं कर पाते। दरअसल नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक वीडियो रिशेयर किया है। उस वीडियो में देखा जा रहा है कि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी एक घायल व्यक्ति को इ-रिक्सा में बैठा कर अस्पताल भेज रहे हैं। इसी को लेकर उन्होंने झारखंड सरकार पर हल्ला बोला है।





मरीज को टेंपो में बैठाते स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी।

# बाबूलाल मरांडी को तथ्य नहीं, सिर्फ आरोप लगाने की आदत : झामुमो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आरोपों को तथ्यहीन और ओछी राजनीति करार दिया। उन्होंने कहा, हेमंत सरकार ने राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अभूतपूर्व कदम उठाये हैं। पहली बार राज्य में बाइक एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर एंबुलेंस जैसी सेवाएं प्रदान करने की दिशा में सरकार गंभीरता से काम कर रही है, ताकि दूरदराज के गांवों और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले इलाकों में भी मरीजों तक तेजी से पहुंचा जा सके। पांडेय ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा, जो लोग अपने शासनकाल में स्वास्थ्य के नाम पर कागजी घोषणाओं से आगे नहीं बढ़ सके, वे अब विकास कार्यों पर सवाल उठा रहे हैं। हेमंत सरकार ने जिला अस्पतालों के उन्नयन से लेकर नयी स्वास्थ्य योजनाओं तक हर स्तर पर सुधार किये हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष झूठ फैलाने की बजाय सकारात्मक राजनीति करे।

## भाजपा का झारखंड सरकार पर तीखा प्रहार

# स्वच्छता में गिरावट, 74वां संविधान संशोधन बना मजाक : अजय साह

**सरकार मंत्री के बंगले चमकाने में व्यस्त, राजधानी की सफाई भगवान भरोसे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में झारखंड के बेहद खराब प्रदर्शन और राजधानी रांची की गिरती रैंकिंग को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि इस शर्मनाक स्थिति की जिम्मेदारी पूरी तरह राज्य सरकार की है, जो ना सिर्फ शहरी शासन के प्रति असंवेदनशील है, बल्कि संविधान की मूल भावना का भी उल्लंघन कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि संविधान का 74वां संशोधन शहरी निकायों में लोकतांत्रिक शासन की व्यवस्था सुनिश्चित करता है, लेकिन झारखंड सरकार पिछले पांच वर्षों से नगर निकाय चुनाव कराने में विफल रही है। नतीजतन राज्य के सभी नगर निकाय सिर्फ अधिकारियों के हवाले हैं, जिन पर कोई जनप्रतिनिधि नियंत्रण नहीं रखता।

साह ने कहा कि जब व्यवस्था में जवाबदेही नहीं होती, तो भ्रष्टाचार अपने आप पनपता है। झारखंड में वही हो रहा है, सरकार के सरंक्षण में अधिकारियों की मिलीभगत से नगर निकाय भ्रष्टाचार के अड्डे में तब्दील हो चुके हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार जहां स्वच्छ भारत मिशन जैसी ऐतिहासिक पहल को जन-आंदोलन बना रही है, वहीं राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार मिशन को ही नीति बना लिया है।

प्रदेश प्रवक्ता ने यह भी कहा कि सरकार जनता की बुनियादी जरूरतों को दरकिनार कर, मंत्रियों के लिए दो-दो आलीशान बंगलों के सौंदर्यीकरण में व्यस्त है, जबकि राजधानी रांची की गलियां कचरे के ढेर में तब्दील होती जा रही हैं। उन्होंने यह भी पूछा कि हाइकोर्ट द्वारा बार-बार संज्ञान लेने और निर्देश देने के बावजूद अब तक निकाय चुनाव क्यों नहीं कराये गये? जब बाकी राज्यों में समय पर चुनाव हो सकते हैं, तो झारखंड में रुकावट क्यों?

अंत में भाजपा ने स्पष्ट मांग की कि राज्य सरकार तत्काल नगर निकाय चुनावों की घोषणा करे और लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था बहाल करे, ताकि झारखंड विकास, पारदर्शिता और स्वच्छता की पटरी पर लौट सके।



# 74वें संशोधन पर ज्ञान देने से पहले अपने भ्रष्ट निकायों का हिसाब दे भाजपा : विनोद पांडेय

**झामुमो ने कहा, राष्ट्रपति सम्मान ने साबित किया कि झारखंड सही दिशा में है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में झारखंड के प्रदर्शन को लेकर भाजपा द्वारा लगाये गये आरोपों का झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने करारा जवाब दिया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा को शहरी विकास पर सवाल उठाने से पहले अपने कार्यकाल की विफलताओं और भ्रष्ट निकायों का हिसाब देना चाहिए। उन्होंने कहा, भाजपा का काम सिर्फ झूठ फैलाना और जनता को गुमराह करना रह गया है। हेमंत सरकार के कुशल नेतृत्व में झारखंड ने हाल ही में स्वच्छता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां दर्ज की हैं। जमशेदपुर और बुंडू को राष्ट्रपति और केंद्रीय मंत्री द्वारा सम्मानित किया जाना इस बात का प्रमाण है कि झारखंड सही दिशा में है।

**74वें संशोधन पर भाजपा का प्रवचन हास्यास्पद :** 74वें संविधान संशोधन को लेकर भाजपा के आरोपों पर पांडेय ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, जिन्होंने अपने शासनकाल में नगर निकायों को अफसरशाही के हवाले कर दिया और चुने हुए बोर्ड भ्रष्टाचार के अड्डे में तब्दील हो गये, वे आज लोकतंत्र की दुहाई दे रहे हैं। हेमंत सरकार निकाय चुनाव को लेकर गंभीर है और कानूनी प्रक्रिया पूरी होते ही चुनाव करायेगी।

**राष्ट्रपति सम्मान और झारखंड की उपलब्धियां :** विनोद पांडेय ने कहा कि विपक्ष की नकारात्मक राजनीति के बीच झारखंड के लिए यह गर्व का क्षण है कि हाल ही में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में राज्य के दो शहरों ने राष्ट्रीय स्तर पर झंडा बुलंद किया हैः जमशेदपुर को 3-10 लाख आबादी वाले शहरों में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसे सम्मानित किया।

बुंडू को प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर के रूप में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सम्मानित किया।

इस मौके पर नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, सुडा निदेशक सूरज कुमार और दोनों शहरों के पदाधिकारियों ने सम्मान प्राप्त किया।

उन्होंने कहा, भाजपा भूल रही है कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2016 में झारखंड की स्थिति चिंताजनक थी। लेकिन 2017 से लगातार सुधार कर हेमंत सरकार ने झारखंड को स्वच्छता के क्षेत्र में एक मिसाल बनाया है। अब जमशेदपुर को फाइव स्टार रैंकिंग और कई शहरों को ओडीएफ++ श्रेणी में रखा गया है।

**भाजपा का काम सिर्फ भ्रम फैलाना :** पांडेय ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, जनता जानती है कि किसने झारखंड को सिर्फ लूट का अड्डा बनाया और किसने गरीब, किसानों, महिलाओं और मजदूरों की जिंदगी बदलने का काम किया। भाजपा का काम सिर्फ सोशल मीडिया पर शोर मचाना है, जबकि हेमंत सरकार जमीनी हकीकत बदल रही है।

**प्रधान सचिव और निदेशक की सराहना :** नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार और सूडा निदेशक सूरज कुमार ने भी मुख्यमंत्री और जनता के सहयोग को इस सफलता का श्रेय देते हुए सभी नगर निकायों से आगामी सर्वेक्षण में और बेहतर प्रदर्शन का आह्वान किया।

**झामुमो का संदेश :** यह समय झूठ और घृणा की राजनीति का नहीं, बल्कि झारखंड के विकास को नयी ऊंचाई देने का है। भाजपा को भी राज्य के नागरिकों की मेहनत का सम्मान करना सीखना चाहिए।



## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** कामकाज में अनपेक्षित परिस्थितियों के बावजूद कुछ तात्कालिक समस्याओं का समाधान हो सकेगा।

**वृष** अप्रत्यक्ष शत्रुओं से मार्मिक पीड़ा होगी, शारीरिक कष्ट, वाहन दुर्घटना होने की संभावना।

**मिथुन** हर्ष-विषाद की समानता,अनेक विपदाओं का सामना करना होगा मानसिक चिंता बढ़ेगी।

**कर्क** आर्थिक स्थिति सुदृढ़,निर्माण कार्य में प्रगति। रोजी-रोजगार के क्षेत्र में विपदायें व मानसिक तनाव कम होगा।

**सिंह** नये लोगों से सम्पर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ, शुभ समाचार मिलेगा।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

## नाबार्ड के 44वें स्थापना दिवस समारोह में मंत्री ने की घोषणा

# किसानों को तीन दिन के अंदर मिलेगा केसीसी का लाभ : शिल्पी नेहा तिर्की

**नाबार्ड जल्द ही इ-केसीसी लॉन्च करने जा रहा, जिससे तुरंत मिलेगा लोन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में अब किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) का लाभ लेने के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि नाबार्ड जल्द ही इ-केसीसी लॉन्च करने जा रहा है, जिससे किसानों को 3 से 4 दिनों में केसीसी का लाभ मिल जायेगा।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने नाबार्ड के 44वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इ-केसीसी के लॉन्च से किसानों को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि सरकार, संस्थान, सहकारिता समूह, सहकारिता बैंक और अधिकारी टीम भावना से काम करें, तो समय सीमा के अंदर लाभुकों को योजना का लाभ अवश्य मिल सकता है।

मंत्री ने कहा कि एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन) इस दिशा में बेहतर प्रयोग साबित हो सकता है। वित्तीय समावेशन और महिला सशक्तिकरण की दिशा में नाबार्ड अच्छा काम कर रहा है।

**बैंकों को किसानों के हित में काम करने की जरूरत :** मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि बैंकों को किसानों के हित में काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग के उलट ऋण की राशि में कटौती अपराध की श्रेणी में आता है। किसानों के द्वारा ऋण के लिए अंकित राशि का भुगतान हो, इस बात का खास ध्यान बैंकों को रखने की जरूरत है।

इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले लैंप्स-पैक्स और कृषि के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले किसानों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में पद्मश्री चामी मुर्मू भी शामिल थीं। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने इस दौरान नाबार्ड के स्थापना दिवस पर लगाये गये स्टॉल का भी भ्रमण किया। नाबार्ड के द्वारा तैयार पुस्तिका का विमोचन भी अतिथियों के द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक गौतम सिंह मौजूद थे।



### ग्रामीण उद्यमिता पर पैनल चर्चा

इस अवसर पर समावेशी विकास हेतु ग्रामीणा उद्यमिता का संवर्धन विषय पर एक चर्चा हुई। जिसमें केश्रीनिवासन, अनामिका शर्मा, प्रशांत गटानी, डॉ अमन कुमार, निशांत कुमार सहित अन्य उद्यमी वक्ताओं ने भागीदारी की एवं नाबार्ड की भूमिका की सराहना की। इस मौके पर झारखंड स्टेट कॉपरेटिव बैंक की चेयरपर्सन बिभा सिंह भी उपस्थित थीं।

# जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद बनाये गये हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट के वरीय न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद को हाइकोर्ट का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। केंद्र सरकार के विधि मंत्रालय ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। दरअसल झारखंड हाइकोर्ट के मौजूदा चीफ जस्टिस एमएस राव का त्रिपुरा हाइकोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया है। झारखंड हाइकोर्ट के नये मुख्य न्यायाधीश जस्टिस तरलोक सिंह चौहान के पदभार ग्रहण करने तक हाइकोर्ट के वरीय न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नरायण प्रसाद को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।



देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# हत्या का आरोपी डीएसपी का निजी ड्राइवर गिरफ्तार

## पत्नी भी पकड़ी गयी, भेजे गये जेल

**आजाद सिपाही**
**खबर का असर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के दीपाटोली की रहने वाली नवविवाहिता अन्नू कुमारी को प्रताड़ित करने, मारपीट करने, गला घोंट कर हत्या करने और फिर शव को फंदे से लटकाकर आत्महत्या की साजिश रचने के आरोपी एक डीएसपी के निजी ड्राइवर और उसकी पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 5 जुलाई को जब अन्नू कुमारी की मौत की सूचना पुलिस को मिली थी तो पुलिस ने उसके पति धर्मवीर कुमार, ससुर अवध किशोर सिंह, सास सरिता देवी, ननद दयावंती पांडेय और ननदोई राहुल कुमार पांडेय डीएसपी का निजी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

तुरंत पति, ससुर, सास, ननद को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। ननदोई फरार था, कुछ देर बाद पति को जेल भेज दिया गया था और तीन लोगों को छोड़ दिया गया था। इस मामले को आजाद सिपाही ने प्रमुखता से रविवार को छापा था। इसके बाद ननदोई और ननद भी जेल भेज दिये गये हैं।


सिस्टम पर भारी पड़ा डीएसपी का प्राइवेट ड्राइवर

2290531/2025/CW-1
भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
सूचना
यह आम जनता की जानकारी के लिए है कि प्रधान मंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) पर 01.04.2025 से शुरू हो चुकी है। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है जो बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता के योग्य हैं।
5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम आयु का कोई भी बच्चा (31 जुलाई, 2025 तक), जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है, पुरस्कार के लिए पात्र है।
किसी भी नागरिक से खुले नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) के माध्यम से प्राप्त किए जाएंगे। पुरस्कारों के लिए स्व-नामांकन और सिफारिशों, दोनों पर विचार किया जाएगा बशर्ते वे ऑनलाइन किए गए हों। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15.08.2025 है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) देखें।
CBC46101/11/0014/2526

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 19 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in
04

## बाबाधाम के लिए कांवरियों का जत्था रवाना



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** पवित्र श्रावण माह के पावन अवसर पर धर्म प्रेमी रहे स्व० सुनील कुमार सिन्हा के द्वारा निरंतर चालिस वर्षों से होते आ रहे कावड़ यात्रा कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवार को रामनगर स्थित रामलखन आवास से भव्य कावड़ यात्रा में शामिल बम मंडली ने बड़ा अखाड़ा मंदिर, बुढ़वा महादेव मंदिर, बड़ा बाजार ग्वाल टोली चौक श्री राम जानकी, हनुमान मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर हजारीबाग से सुल्तानगंज से बाबा बैद्यनाथ धाम,देवघर के लिए कावड़ यात्रा को रवाना स्व०सिन्हा की धर्मपत्नी संगीता सिन्हा ने कावरियों को तिलक लगाकर जलार्पण के उद्देश्य और सावन माह की पवित्रता को समझाते हुए संयम और भक्ति के साथ यात्रा करने की अपील करते हुए बुढ़वा महादेव से रवाना किया। कांवरिया संघ में शामिल श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए गाजे-बाजे के साथ देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए कूच किया। इस अवसर पर दीना यादव, अशोक यादव, हरीश श्रीवास्तव, बिनय प्रसाद बिनु, सिद्धि श्री, सौम्या सिन्हा और परिवार के अन्य सदस्यों ने भी कांवरियों को रवाना किया। कावड़ यात्रा करने वालों में संगीत सुनील, संगीत सोनल विनीत अग्रवाल, नितेश चंद्र अग्रवाल गुड्डु, हर्ष देव, बबलू चंद्रवंशी, अक्षय यादवेंद्र, शुभम सिन्हा, दिलीप चतुर्वेदी, रुपेश सिंह, राजू पांडे, विकाश कुमार कश्यप, अमन अग्रवाल, शिवम पंसारी, अजय कुमार, अमनदीप सिंह, अंकित यधुवंशी, राम सेवक उर्फ टून्टूनिया बम, राजू कुमार, विक्की सिन्हा, राम कृष्णा उर्फ़ आर.के, भैया नितेश कुमार, अभिनव प्रकाश बाबा, आशीष कुमार, सुधीर कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया थाना क्षेत्र के खैरा-बेडमक्का सडक मार्ग के बुढिया माता मंदिर पास स्कूल वाहन दोपहर करीब ढाई बजे स्कूली बच्चों से भरे वाहन में तीन युवक सवार बाइक से जा टकराया। इस दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। वहीं स्कूल वाहन पर सवार बच्चे बिल्कुल सुरक्षित बताया जा रहा है वहीं घायलों में बाइक सवार खैरा निवासी गौतम राम (23 वर्ष) पिता लोकन राम, महेश राम (24 वर्ष) पिता भिखन राम ओथ अक्षय कुमार (22 वर्ष) पिता बसंत रविदास शामिल है। बताया जाता है कि उक्त तीनों युवक एक ही बाइक (जेएच 11 एए 3220) पर सवार होकर खैरा से बेडमक्का की ओर जा रहे थे। इसी बीच बुढिया माई मंदिर के पास डीएवी सैफर्ड पब्लिक स्कूल टाटीझरिया के बच्चों से भरे वाहन (जेएच 05 बीए 5255) बच्चो को छोड़ने खैरा जा रही थी। इसी बीच बाइक स्कूली वैन से जा टकराया। स्थानीय लोग और परिजनों के सहयोग से घायलों को निजी वाहन से जिला अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया। जिसमें गौतम राम और महेश राम की हालत गंभीर बनी हुई है। गौतम राम का जांघ, हाथ, जीभ, पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया है। महेश राम का पैर टूट गया है और उसे गंभीर चोट लगी है। अक्षय कुमार को भी चोटें आई है और वह घायल है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों वाहनों में भीषण टक्कर हुई। टाटीझरिया थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, एएसआइ दीपक पाल घटनास्थल पर पहुंचे। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को थाना ले आया गया है। घटनास्थल पर खैरा पंचायत समिति सदस्य विनय कुमार दास, मिथिलेश वर्मा, वार्ड सदस्य उमेश कुमार, अरविंद केसरी, शंकर वर्मा, राजेंद्र रजक, राजू प्रसाद, गिरधारी सिंह समेत ग्रामीण राहत कार्य में जुटे रहे।

## जानकी यादव का हुआ स्वागत



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चांदनी चौक पर झारखंड पिछड़ा वर्ग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष और बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव का स्वागत जेएमएम प्रखंड सह बीस सुत्री अध्यक्ष अध्यक्ष सलीम अंसारी, मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी मुखिया सुखदेव यादव, युवा नेता अनुज रवि इत्यादि ने माला पहनाकर और संयुक्त रूप से बुके देकर किया गया। इस दौरान हेमंत सोरेन जिंदाबाद जानकी यादव जिंदाबाद का नारे भी लगाये गये। वहीं कार्यकर्ताओं ने कहा कि जानकी यादव को पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर पिछड़े वर्ग के लोगों को समाजिक न्याय को मजबूती मिलेगा। इसके लिए लोगों ने हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताया है। मौके पर पंसस प्रतिनिधि उमेश साव, उमेश ठाकुर, अशोक दास और काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी होने पर होगी कार्रवाई

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** फर्जी प्रमाणपत्र बनाने की शिकायत के बाद डीसी सह जन्म-मृत्यु के जिला रजिस्ट्रार ऋतुराज ने गंभीरता दिखाते हुए कहा है कि फर्जी वेबसाइट बनाकर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की सूचना मिल रही है। इससे आम लोग भ्रमित होते हैं और सरकारी अभिलेखों की विश्वसनीयता भी कमजोर होती है। जन्म और मृत्यु निबंधन कार्य के लिए भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय, नयी दिल्ली द्वारा विकसित सीआरएस पोर्टल dc.crsorgi.gov.in ही अधिकारिक वेबसाइट है। डीसी ने पूरे मुद्दे को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक कर पदाधिकारियों और पंचायत सचिव को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने फर्जी वेबसाइट को चिह्नित करने, जिले के सभी प्रज्ञा केंद्रों, स्थानीय इंटरनेट कैफे से गलत जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर रोक लगाने संबंधी आदेश दिये। उन्होंने कहा कि नगर पर्षद झुमरीतिलैया, नगर पंचायत कोडरमा-डोमचांच में प्रशासक-कार्यपालक पदाधिकारी, सभी सरकारी अस्पतालों में उपाधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिव जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए अधिसूचित हैं। बैठक में एसडीओ रिया सिंह, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी कृष्णमूर्ति प्रसाद, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी सुभाष यादव, सभी बीडीओ, कनीय क्षेत्रीय अन्वेषक मो असअद जलील और पंचायत सचिव मौजूद थे।

## प्रसिद्ध व्यवसायी सुधांशु सुमन के पिता सतीश नाथ सहाय का निधन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध व्यवसायी और समाजसेवी सुधांशु सुमन के पिता सतीश नाथ सहाय का गुरुवार को देर रात्रि हजारीबाग शहर के नवाबगंज स्थित अपने आवास पर 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। सतीश नाथ सहाय का जीवन आदर्श, संस्कार और सेवा भावना का प्रतिमान रहा। वे अपने शालीन व्यवहार, सादगी और सामाजिक सरोकारों के लिए समाज में विशेष रूप से सम्मानित थे। एक शिक्षक के रूप में उन्होंने शिक्षा जगत में अमिट छाप छोड़ी और अनेक विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा देने का कार्य किया। वे मूल रूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मांडू विधानसभा अंतर्गत टाटीझरिया प्रखंड के घुघुलिया गांव के निवासी थे। उन्होंने अपने जीवन का लंबा समय हजारीबाग में शिक्षा एवं समाजसेवा के कार्यों में समर्पित किया। अपने पीछे उन्होंने भरा-पूरा परिवार छोड़ा है जिसमें तीन पुत्र और एक पुत्री हैं। उनके ज्येष्ठ पुत्र श्रवण कुमार सहाय केबी वीमेंस कॉलेज,हजारीबाग में प्रोफेसर हैं। द्वितीय पुत्र सुधांशु सुमन झारखंड के प्रसिद्ध व्यवसायी और समाजसेवी हैं, उनके कनिष्ठ पुत्र सनातन सहाय धनबाद में निवासरत हैं। उनकी सुपुत्री सीमा सहाय गोवा में निवास करती हैं।

# एनजीटी रोक के बावजूद थमने का नाम नहीं ले रही बालू तस्करी

**बालू तस्करों में नहीं है प्रशासन का खौफ**

**प्रशासन की नाक के नीचे धड़ल्ले से जारी है बालू तस्करी का खेल : ग्रामीण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** राज्य में एनजीटी रोक के बावजूद चलकुशा और गोरहर थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन और परिवहन का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। एनजीटी के रोक के बाद भी हर रात करीब दो दर्जन से अधिक टीपर और सैकड़ों ट्रेक्टर बालू से लदे एनएच दो मार्ग को पार कर अपने गंतव्य की और निकलते हैं। जिनका संचालन दो-तीन संगठित नेटवर्क द्वारा किया जा रहा है, यह पूरा कारोबार रात के अंधेरे में बेखौफ तरीके से चलता है। यह काम रात दस बजे से शुरू होकर सुबह 5-6 बजे तक जारी रहता है। जो विभागीय चुप्पी और निष्क्रियता को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े करता है। क्या यह चुप्पी अनभिज्ञता की है या कहीं मिलीभगत का संकेत है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस अवैध धंधे से न केवल ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ी हैं, बल्कि सरकार को भी लाखों रुपये राजस्व का बड़ा नुकसान हो रहा है। एक पुलिस अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कभी कभार उच्च अधिकारियों को दिखाने के लिए ट्रैक्टर तो पकड़ लिए जाते हैं। लेकिन बड़े वाहनों को कोई रोक टोक नहीं करता है। गरीबों को बालू अब महंगे दामों में खरीदना पड़ रहा है, और मनमानी वसूली ने आम लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि चलकुशा थाना के सामने से प्रशासनिक अधिकारियों की जानकारी होने के बाद भी अवैध बालू से लदे वाहनों का बेरोकटोक गोरहर थाना क्षेत्र से पार होना लोगों के बीच तीव्र असंतोष और शंका का कारण बना हुआ है। स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब आम राहगीरों से पूछताछ होती है। तो ये भारी वाहन कैसे आसानी से गुजर जाते हैं? क्या यह विभागीय लापरवाही है, या फिर पूरे सिस्टम की मिलीभगत? जब यह कारोबार इतने बड़े पैमाने पर फल फूल रहा है, तो यह सवाल उठना लाजिमी है कि संबंधित विभाग और निगरानी एजेंसियों की आंखें इस पर कैसे बंद हैं। कहीं यह चुप्पी मौन स्वीकृति तो नहीं है।



### क्या कहते हैं कारोबारी

बालू तस्करी के कार्य में शामिल एक कारोबारी ने अपनी पहचान उजागर नहीं होने के शर्त पर बताया कि एनजीटी की रोक के बाद प्रति टीपर गाड़ी पुलिस प्रशासन को छह हजार से बढ़ाकर अब आठ हजार रुपये और प्रति ट्रेक्टर दो हजार रुपये से बढ़ाकर तीन हजार रुपये महीने का देना पड़ रहा है। साथ ही रात्रि गश्ती दल के द्वारा प्रति गाड़ी दो सौ रुपये और कारोबार को चलाने में शामिल नेटवर्क टीम को अलग से खर्च देना पड़ता है।

### कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी

बरकट्ठा अंचलाधिकारी श्रवण कुमार झा ने कहा अवैध बालू खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कारोबारियों के विरुद्ध अब ठोस कार्रवाई कर इसमें शामिल दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम व अन्य धाराओं के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। गोरहर थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि मेरे थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदे वाहन गुजरते हैं इसकी मुझे कोई सूचना नहीं है। इस बात की मैं छानबीन करूंगा।

## नौ नाबालिग को कराया गया मुक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा रेलवे स्टेशन पर फर्जी आधार कार्ड पर दिल्ली ले जा रहे नौ नाबालिग को आरपीएफ द्वारा मुक्त कराये जाने के मामले में कोडरमा के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी ने संज्ञान लेते हुए इन बच्चो को हर संभव विधिक सहायता दिलाये जाने का निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा को दिया है। उल्लेखनीय है कि गिरिडीह जिले के मालडा पांडेयडीह निवासी नौ नाबालिग बच्चों को दिल्ली में काम दिलाने के नाम पर बहला फुसला कर ले जाया जा रहा था। सूचना मिलने पर कोडरमा स्टेशन पर आर पी एफ ने सक्रियता दिखाते हुए सभी बच्चो को मुक्त कराया। फिलहाल मुक्त कराये गये सभी बच्चे चाइल्ड लाइन में रखे गये है और उनकी काउंसिलिंग की जा रही है। मामले की जानकारी प्राप्त होते ही प्रधान जिला जज बाल कृष्ण तिवारी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के सचिव गौतम कुमार को सभी मुक्त कराये गये बच्चों को तत्काल विधिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के सचिव गौतम कुमार ने तत्परता दिखाते हुए चाइल्ड लाइन में रह रहे सभी बच्चो से मिल कर उनका हाल चाल जाना और बाल कल्याण समिति और चाइल्ड लाइन के पदाधिकारियों को बच्चों के उचित रख रखाव और उन्हें समुचित सुविधाए मुहैया कराने के निर्देश दिए। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार के साथ सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नीतिन कुमार निशांत, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी नरेन्द्र कुमार सिंह, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष रिंकी ओझा आदि मौजूद थे।

## सड़क हुई जर्जर, ग्रामीण हो रहे परेशान, आवागमन बाधित



आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** प्रखंड अंतर्गत योगियाटिल्हा पंचायत अंतर्गत ग्राम गरचाच पीडब्ल्यूडी रोड से कर्बला तक कालीकरण सड़क का निर्माण लगभग 15 वर्ष पूर्व किया गया था। पूरा सड़क जर्जर अवस्था में हो गया है। आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर बारिश के समय में आवागमन बाधित हो गया है। सड़क पर पूरी तरह बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने के कारण उक्त सड़क से आने जाने वाले छोटे बड़े वाहनों को चलना मुश्किल हो गया है। उक्त जर्जर सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने से मोटरसाइकिल एवं छोटे वाहनों बारिश में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। मुखिया इरफान अंसारी ने कोडरमा उपायुक्त, सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक अमित कुमार यादव से मांग की है कि उक्त सड़क का कालीकरण अविलंब कराया जाये। उप मुखिया रहीम अंसारी, संजय राणा, चंद्रीका राणा, अलाउद्दीन अंसारी, बीरेंद्र राणा, जुबेर अंसारी, रामचन्द्र राणा, शंभू राणा, सरफुद्दीन अंसारी, जहीर अंसारी, जहीर अब्बास, सरफुद्दीन अंसारी, मकबूल अंसारी, शाहजहां अंसारी सहित कई लोगों ने उक्त जर्जर सड़क के निर्माण करने की मांग की है।

## कट ऑफ डेट को लेकर त्रिपक्षीय वार्ता में नहीं बनी बात

# विस्थापित युवा मोर्चा ने धरना जारी रखने का लिया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव अंचल कार्यालय में शुक्रवार को कोल कंपनियों से कट ऑफ डेट की मांग करने को लेकर त्रिपक्षीय वार्ता हुई। त्रिपक्षीय वार्ता हजारीबाग उपायुक्त की आदेश अनुसार भू-अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार के नेतृत्व में किया गया। मौके पर अंचल अधिकारी मनोज कुमार, प्रखंड विकास अधिकारी जितेंद्र मंडल, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी एनटीपीसी के अधिकारी डीजीएम लैंड कुलदीप बारा, अमुदला प्रताप और विस्थापित युवा मोर्चा के सदस्य शामिल थे। त्रिपक्षीय वार्ता में उचित निर्णय नहीं होने पर रैयत व विस्थापित प्रभावित मोर्चा ने अनिश्चितकालिन धरना जारी रखने का निर्णय लिया। ज्ञात हो कि एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के विस्थापितों द्वारा युवा विस्थापित संघर्ष समिति के बैनर तले कट ऑफ डेट को लेकर पिछले 39 वें दिनों से बड़कागांव हजारीबाग मुख्य पथ के तेरह माईल में विस्थापित -प्रभावित के लोग धरने पर बैठे हैं। जिसका समर्थन देने बड़कागांव विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी भी धरना में शामिल हुए। हालांकि प्रशासन इतने दिनों तक बेखबर थी, लेकिन प्रशासन की नींद टुटी और इनलोंगों की समस्या सुनने पहुंचे। लेकिन धरना स्थल ना पहुंचकर एनटीपीसी कार्यलय बुलाया गया, मना करने पर प्रखंड मुख्यालय बुलाया गया। जहां घंटो त्रिपक्षीय वार्ता की गयी। यह वार्ता सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी के पहल पर हुई।



**त्रिपक्षीय वार्ता में इन बिंदुओं पर हुई चर्चा:** वार्ता के दौरान चर्चा करते हुए कट ऑफ डेट 2016 को बढ़ा कर विस्थापन का वर्तमान समय कर उसी तिथि को विस्थापन मनाने और इसका लाभ देने, झुठे मुकदमे को निरस्त करने, एनटीपीसी कंपनी या इसके एमडीओ कंपनी या संबंधित कंपनी में कार्यरत मजदूरों को वेबजह नहीं हटाने, हटाए गए कर्मियों को पुनः कंपनी में काम पर लगाने आदि बातों के साथ अन्य संबंधित बातें अधिकारियों के समक्ष रखा गया। जिसे जिला के वरीय पदाधिकारी को उक्त सभी बिंदुओं को लिखित अवगत कराकर जिला स्तरीय त्रिपक्षीय वार्ता करवाने का आश्वासन दिया और इसी बात को लेकर पदाधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे और उनकी मांग को लेकर उपायुक्त के साथ वार्ता करवाने का आश्वासन के साथ समाप्त करने की बात कही, लेकिन आंदोलनकारी पहले उपायुक्त कंपनी के अधिकारीयों और जनप्रतिनिधियों और विस्थापित प्रभावित ग्रामिणों के साथ त्रिपक्षीय वार्ता के बाद महाधरना हटाने की बात स्वीकार की और बाद में पुनः धरना स्थल पर डटे रहे।

मौके पर बड़कागांव विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, पंसस रितेश ठाकुर युवा विस्थापित संघर्ष समिति के अमित कुमार साव, विकास कुमार, मुकुल कुमार, बिनोद कुमार, सोनू कुमार, सहदेव कुमार अन्य सदस्य मौजूद थे। दर्जनों जनप्रतिनिधि अब तक दे चुके हैं समर्थन।

## लगातार हो रही बारिश से गिरा घर



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** पिछले लगभग एक माह से हो रही बारिश से प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मायापुर निवासी एक निर्धन परिवार का घर ध्वस्त हो गया। मायापुर निवासी विधवा साबो मसोमात, पति स्व हीरामन भुइयां अपने दो बेटों समेत कुल 9 पारिवारिक सदस्यों के साथ कच्चा मिट्टी एस्बेस्टस वाले घर में रहता है। अचानक उसका घर बुधवार को ध्वस्त हो गया। उसका परिवार अब भी उसी गिरे हुए मकान के बीच रहने को विवश है। ऐसे घर में रहने से उसके पारिवारिक सदस्यों को भी छती होने की शंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे गरीब व्यक्ति को यदि अबुआ आवास और पीएम आवास की सुविधा नहीं मिल पाता है तो किसे दोष ठहराया जा सकता है। जिससे उसका आशियाना छिन गया है। जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी द्वारा ऐसे लोगों को दरकिनार किया जाना कई सवाल उत्पन्न करता है। विधवा साबो देवी ने कहा कि हमारा अबुआ आवास पहले स्वीकृत था,बाद में पता चला कि किसी ने उसे कटवा दिया। फिर से सूची में नाम चढ़वाने के लिए कई अधिकारियों से पैरवी किया है। इसी बीच घर गिर गया। अब चिंता सता रही है कि हमलोग कैसे इस घर में रहें। प्रमुख संतोष मंडल ने प्रशासनिक अधिकारियों से अपील किया है कि ऐसे असहाय लोगों को आवास प्रमुखता से मिले।

## डीसी ने संप्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** डीसी शशि प्रकाश सिंह ने शुक्रवार को हजारीबाग सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सम्पूर्ण परिसर को देखा और विभिन्न व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण की शुरुआत मुख्य द्वार से की गयी, जहां आगंतुकों के आगमन-प्रस्थान पंजी की जांच की गयी। साथ ही, परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का अवलोकन कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गयी। डीसी ने अध्ययनरत बच्चों की कक्षा में जाकर उनसे सीधा संवाद किया और पढ़ाई से संबंधित प्रश्न पूछे। उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति और उपलब्धता की जानकारी ली। बता दें कि सम्प्रेक्षण गृह में स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध है और बच्चे आधुनिक तकनीक के माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बच्चों से बातचीत के क्रम में डीसी ने उनकी खेलकूद, योगा और अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में रुचि की जानकारी ली। इसके अलावा, उन्होंने रसोईघर का निरीक्षण कर बच्चों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण किया। साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से रोस्टर के अनुसार कर्मियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पेयजल की उपलब्धता और छतों की मरम्मती जैसे बिंदुओं पर भी उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई कर समस्याओं के समाधान के लिए निर्देश दिये।

## विद्यार्थियों के बीच खेल किट का वितरण



**कटकमसाडी (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के अथक प्रयास से संसदीय क्षेत्र के कटकमसाडी प्रखंड क्षेत्र के +2 उच्च विद्यालय कटकमसांडी के छात्र छात्राओं के शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक विकास और नशामुक्त जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विधालय के विधार्थियों को एनआरएल के सहयोग से कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत खेल किट, फुटबॉल, क्रिकेट का किट, बैडमिंटन किट, वालीबॉल का किया गया वितरण। हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल कि सोच यह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के विधार्थियों पढ़ाई-लिखाई के साथ - साथ खेल के मैदान में अपना परचम लहराने का काम करे, और संसदीय क्षेत्र का नाम रौशन करें। इस संदर्भ में पुर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने बताया कि इस समय में जो बच्चे विधालय जा रहें हैं उन बच्चों को मोबाइल फोन और स्थानीय तौर पर नशे कि लत से बच्चों मैदान नहीं पहुंच पा रहें हैं जिसे देखकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के अथक प्रयास से कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के विधार्थियों को पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खेल किट फुटबॉल, वालीबॉल, बैडमिंटन, बैट विकेट, उपलब्ध कराया गया है। प्रखंड क्षेत्र के विधार्थियों पढ़ाई-लिखाई के साथ साथ खेल कूद करते हैं तो विभिन्न प्रतियोगिताएं में भांग ले सकते हैं और उनका स्वास्थ्य मानसिक रूप से ठीक, और सामाजिक कुरीतियां से दूर रहेंगे। मौके पर अंचल अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार, कटकमसाडी पश्चिमी भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोर कुमार राणा, शाहपुर पंचायत पुर्व मुखिया प्रेमचंद प्रसाद, बीरेंद्र कुमार बीरू, कटकमसाडी पंचायत मुखिया श्रीति पांडेय, रंजीत कुमार, साजन सिंह, शंभू पासवान, गौतम कुमार, अंतिम रजक, वैभव, सुधीर, अनुराग मित्तल विद्यालय के सभी प्राचार्य और बच्चे शामिल रहे।

## महाविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में 'विद्यालय अवलोकन कार्य और पाठ योजना 'विषय से संबंधित दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर करते हुए महाविद्यालय की आइक्यूएसी कॉर्डिनेटर और एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कुमारी स्वर्णा मिश्र ने कहा कि 'बिना योजना का कार्य सिर्फ एक अभिलाषा मात्र होती है, इसलिए यह कार्यशाला प्रशिक्षुओं के अवलोकन कार्य में मिल का पत्थर साबित होगा। इस कार्यक्रम में उपस्थित रहने वाले सहायक प्राध्यापकगण जिनमें बबली कुमारी, डॉ ओमकार नाथ शर्मा, अशोक कुमार झा, डॉ सतीश चंद यादव, वीरेन्द्र देव, शशिभूषण देव, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार बर्मा, प्रवीण कु० जायसवाल, जितेंद्र कुमार, अद्दश मुखर्जी, जयपाल राणा, डॉ० अम्बरीश कु० दुबे, डॉ० विजयकांत चक्रवर्ती, सीमा, अजीत कुमार, भुवनेश्वर कुमार महतो, संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रीती पुनम हेमब्रम, नाजरा, सुनीता, आजाद और बीएड सत्र 2024-2026 के समस्त प्रशिक्षु शिक्षकों और अन्य उपस्थित रहे।

## सर्पदंश से मासूम बच्चे की मौत

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत नासरगंज गांव में गुरुवार की बीती रात सर्पदंश से एक मासूम बच्चे की मौत हो गयी। मृतक बच्चे की पहचान नासरगंज निवासी मिथुन कुमार के दो वर्षीय पुत्र मानविक के रूप में की गयी है। मिथुन के पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि गुरुवार की देर रात मिथुन अपनी पत्नी और बच्चे के साथ घर में पलंग पर सोया हुआ था। इसी बीच एक जहरीला सांप कमरे में प्रवेश कर गया और मिथुन के दो वर्षीय पुत्र को डंस लिया। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। वहां मौजूद चिकित्सकों ने एंटी वेनॉम इंजेक्शन मिथुन को देते हुए किसी अन्य अस्पताल या क्लिनिक में जाकर बच्चे को लगवाने की सलाह दी। जिसके पश्चात मिथुन बच्चे को लेकर सतगांवां के ही एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे और बच्चे को एन्टी वेनॉम इंजेक्शन लगवाया। चिकित्सक ने उन्हें बच्चे को फौरन सदर अस्पताल कोडरमा ले जाने की सलाह दी। जिसके पश्चात बच्चे को लेकर सदर अस्पताल कोडरमा लेकर आये। जहां मौजूद चिकित्सकों ने बच्चे को लाने में देर होने की बात कहते हुए बताया कि बच्चे की मौत हो चुकी है। वे लोग बच्चे को लेकर आखिरी उम्मीद में देवघर एम्स पहुंचे जहां बच्चे की जांच की गयी लेकिन और मृत घोषित कर दिया।

## विद्यालय में खेल सामग्री का वितरण



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। दुलमी प्रखंड के उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय में बच्चों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया गया। यह खेल सामग्री हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से उपलब्ध करायी गयी है, जिसका उद्देश्य बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिला रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, और बतौर विशिष्ट अतिथि दुलमी प्रखंड सांसद प्रतिनिधि बिक्की कुमार महतो, भाजपा दुलमी प्रखंड अध्यक्ष नरेश कुमार, भाजपा नेता इंद्रदेव साव, बबली सिंह, मच्छेंद्र कुमार और रंजीत नायक उपस्थित थे। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य शंकर करमाली के द्वारा मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। वितरित की गई खेल सामग्री में क्रिकेट किट, फुटबॉल, वॉलीबॉल और बैडमिंटन किट शामिल हैं, जिससे विद्यालय के छात्रों को विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर राजीव जायसवाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, "खेल बच्चों, खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस वितरण समारोह से विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों में काफी उत्साह देखने को मिला इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य शंकर करमाली, शारीरिक शिक्षक मनोज महतो, सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं और सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित



गोला (आजाद सिपाही)। गोला मेन रोड स्थित कैलाश इंटरप्राइजेज में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रकृति प्रेमियों, किसान और छात्रों के बीच फलदार और छायादार पौधों का वितरण किया गया। लोगों से अपील किया गया कि पौधा लगाइए और उसे सिंच कर पेड़ बनाइए ताकि आपको अपने उद्देश्य पर कामयाबी हासिल हो सके। कार्यक्रम में सैकड़ों पौधा का वितरण किया गया। मौके पर एसबीआइ के शाखा प्रबंधक स्वाति कुंडुलीना, ओमप्रकाश बुधिया, कपिल देव प्रसाद अग्रवाल, प्रदीप चन्द्र लाला, जनार्दन पाठक, संजय बक्सी, मनोज मिश्र, अल्ट्राटेक सीमेंट कम्पनी के क्षेत्रीय प्रबंधक स्वप्निल मिश्रा, शिक्षक हरि नारायण प्रसाद, आशीष कुमार दास, शिवप्रकाश, शत्रुघ्न प्रसाद, सुषमा कुमारी, महेंद्र अग्रवाल, पूनम चौधरी, मधु कुमार, मानवेन्द्र कुमार झा, राजकुमार यादव, गुलजार कादरी, अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के सुमेर सिंह, राहुल साहदेव, प्रवेश शाह, शुभम लोधा, शाहबाज आदि थे।

## तंबाकू नियंत्रण को लेकर छात्र-छात्राओं के बीच चलाया गया जागरूकता अभियान



चतरा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (NTCP) के तहत दिनांक 18 जुलाई 2025 को नाजरेथ विद्या निकेतन विद्यालय और इंदुमती टिब्डेवाल सरस्वती विद्या मंदिर में छात्र-छात्राओं के बीच तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों को लेकर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बच्चों को तंबाकू से होने वाले घातक प्रभावों, जैसे कि ओरल कैंसर, फेफड़ों से जुड़ी गंभीर बीमारियां, हृदय रोग आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। बताया गया कि तंबाकू एक स्लो पॉइजन की तरह शरीर को अंदर से क्षतिग्रस्त करता है और इसके सेवन से व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इस अवसर पर ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे 2019 के आंकड़ों को साझा करते हुए बताया गया कि झारखंड राज्य में प्रतिदिन लगभग 146 बच्चे किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन प्रारंभ कर रहे हैं, जो कि अत्यंत चिंता का विषय है। युवाओं को इस घातक लत से रोकना समय की मांग है, क्योंकि यही युवा हमारे राष्ट्र के भविष्य हैं। कार्यक्रम में सदर अस्पताल में संचालित डेंटल ओपीडी स्थित तंबाकू मुक्ति केंद्र की जानकारी भी दी गयी, जहां तंबाकू छोड़ने के इच्छुक लोगों को निःशुल्क काउंसलिंग और औषधीय उपचार की सुविधा उपलब्ध है। छात्रों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और उपस्थित जनों को तंबाकू सेवन न करने की शपथ दिलायी गयी और राष्ट्रीय तंबाकू क्विट हेल्पलाइन नंबर 1800-11-2356 के माध्यम से सहायता प्राप्त करने की जानकारी दी गयी। जिला प्रशासन ने आमजनों से अपील किया है कि तंबाकू के सेवन से स्वयं भी बचें और अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करें। स्वस्थ युवा स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र की नींव है।

## पीसीसीएफ ने किया एनएचआइ पदाधिकारियों के साथ भारतमाला परियोजना का निरीक्षण



मांडू (आजाद सिपाही)। वन जीवों के आवागमन में बाधा न हो इसको लेकर वन विभाग के वरीय अधिकारियों और एनएचआई के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को भारत माला एक्सप्रेसवे का निरीक्षण किया। इसके उपरांत मांडू वन विभाग कार्यालय में संयुक्त रूप से बैठक किया। अधिकारियों ने भारत माला एक्सप्रेसवे निर्माण में वन जीव हाथियों के संभावित सड़क पार करने हेतु पैसेज निर्माण के लिए स्थल का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा वन प्रक्षेत्र परिसर में नये क्यूआरटी वाहन का प्रदर्शन किया गया। मौके पर पीसीसीएफ श्री सामंता ने बताया कि उक्त वाहन से जंगल में आग लगने पर टैंकर ले जाने, जंगली जानवरों के रेस्क्यू में पिंजरा ले जाने, हाथी भगाओ दस्ता को भी प्रभावित क्षेत्र में ले जाने की सुविधा है। मौके पर पीसीसीएफ शशिकर सामंता, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, आरएफओ बटेश्वर पासवान समेत सभी वन कर्मी और एनएचआई के पदाधिकारी मौजूद थे।

## पुश्तैनी जमीन की रक्षा को लेकर ग्रामीणों का उबाल

# प्रबंधन, प्रशासन और रैयत हुए आमने-सामने

- छाई डैम निर्माण कार्य रोकने पहुंचे सैकड़ों महिला-पुरुष
- प्रबंधन अड़ा निर्माण पर
- रैयत बोले, जमीन नहीं देंगे
- प्रशासन-पुलिस रही अलर्ट
- टकराव के टले हालात



आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा/पतरातू। पतरातू प्रखंड के बलकुदरा, रसदा और जयनगर गांवों के रैयतों ने छाई डैम निर्माण के विरोध में जोरदार प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को निर्माण कार्य को रुकवाने का प्रयास किया। हजारों की संख्या में जुटे ग्रामीण महिला-पुरुषों में काफी आक्रोश देखने को मिला। एक ओर प्रबंधन और जिला प्रशासन निर्माण कार्य जारी रखने पर अड़े रहे, तो दूसरी ओर रैयत अपनी पुश्तैनी जमीन की रक्षा के लिए डटे रहे। तनावपूर्ण माहौल के बीच दोनों पक्षों के बीच वार्ता की सहमति बनी है, हालांकि रैयतों की मांग है कि जब तक बातचीत पूरी नहीं हो जाती, तब तक काम पूरी तरह रोका जाये। प्रबंधन ने वार्ता को लेकर सहमति जतायी है, लेकिन काम बंद करने से इंकार किया है। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि यह जमीन उनके पूर्वजों की धरोहर है और वे इसे किसी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे। यदि वार्ता में उनकी मांगें नहीं मानी गयी तो वे पुनः आंदोलन को तेज करेंगे। वहीं पीवीयूएनएल प्रबंधन ने अपनी बात रखते हुए कहा कि डैम निर्माण के लिए जरूरी प्रक्रिया के तहत ही कार्य हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय लोगों को रोजगार देने का काम पहले भी किया गया है और आगे भी किया जायेगा, लेकिन काम पूरी तरह सिस्टम से ही होगा। फिलहाल सभी की नजरें प्रस्तावित वार्ता पर टिकी हैं, जिसके बाद आगे की दिशा तय होगी। प्रदर्शन स्थल बलकुदरा आमसभा में विधायक रोशन लाल चौधरी, झामुमो के हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया, जिला परिषद सदस्य राजाराम प्रजापति, बलकुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा, जयनगर मुखिया हीरा देवी, लबगा मुखिया किरण यादव, सामाजिक कार्यकर्ता लालू यादव, उदय अग्रवाल, आशीष शर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थें।

**CCL** Fuelling Sustainable Growth

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनिरत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in/** संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, **www.centralcoalfields.in**) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक गंभीर

कुजू(आजाद सिपाही)। क्षेत्र के गिरी मोहल्ला, पोचरा स्थित नाले के पास बीती रात अनियंत्रित होकर एक टेंपो पलट गया। इस दौरान टेंपो सवार की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। वहीं, गंभीर रूप से घायल टेंपो चालक को ग्रामीणों ने इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की देर संध्या करीब सात बजे टेंपो चालक करण सिंह पिता रंजीत सिंह टेंपो संख्या जेएच 24 ए 5753 को लेकर करमा से पोचरा होते हुए रांचीरोड की ओर जा रहा था। इसी बीच उक्त नाला के पास स्पीड ब्रेकर और अंधेरा होने की वजह से अनियंत्रित होकर टेंपो पलट गया। जिसमें टेंपो सवार बरवाटांड़ (मरार बस्ती) रामगढ़ निवासी शंकर ठाकुर की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि चालक करण सिंह को गंभीर चोटें आयी हैं। जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं, कुजू पुलिस ने टेंपो को जब्त कर ओपी ले आई है। साथ ही, शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

ई-निविदा सूचना सं.: ई-टेंडर/जीएसयू/2025/04, दिनांक 17.07.2025: भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए मदों के समक्ष उल्लेखित तारीख को अपराह्न 3.00 बजे से पहले ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं तथा अपराह्न 3.30 बजे खोली जाएंगी। **निविदा सं.: ई-केजीपी-जीएस-6-2025**, कार्य का विवरण: खड़गपुर मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अधीन आंदुल, बागनान एवं उलुबेड़िया स्टेशनों में मध्यम उन्नयन (सॉफ्ट अपग्रेडेशन) तथा दिव्यांगजन सुविधा का शेष कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 19,42,00,481.03, **बयाना राशि:** रु. 11,21,000; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0.00; **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीने। **खुलने की तारीख:** 08.08.2025; **बोली शुरू होने की तारीख:** 25.07.2025 से 08.08.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। निविदाओं के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए इच्छुक निविदाताण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑन लाइन जमा करें। इस कार्य के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। **टि.प्र:** प्रत्याशित बोलीदाताण सभी निविदाओं में भाग लेने हेतु नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। (PR-408)

## 19 जुलाई को पोषण किट वितरण सह स्वास्थ्य मेला का आयोजन

रजरप्पा(आजाद सिपाही)। शनिवार को दुलमी प्रखंड मुख्यालय परिसर में एक भव्य पोषण किट वितरण सह स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जायेगा। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए आज रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल दुलमी पहुंचे। उन्होंने दुलमी प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित मिश्रा, दुलमी प्रखंड सांसद प्रतिनिधि विक्की कुमार महतो, मंडल अध्यक्ष नरेश कुमार, भाजपा नेता इंद्रदेव साव, बबली सिंह, मच्छेंद्र कुमार, रंजीत नायक, और महावीर कुमार के साथ मिलकर कार्यक्रम स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। राजीव जायसवाल ने बीडीओ और सहिया दीदीयों के साथ भी बैठक की और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। यह मेला क्षेत्र में पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें लोगों को पोषण किट वितरित किये जायेंगे और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी व सेवाएं प्रदान की जायेंगी। ज्ञात हो कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दुलमी प्रखंड के 450 गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरण किया जायेगा। यह सूची स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सहिया दीदीयों के द्वारा सर्वेक्षण करा कर, कई स्तर के जांच के बाद तैयार कराया गया है, जिसके अनुसार सभी 450 गर्भवती महिलाओं को पोषण किट दिया जायेगा। दुलमी प्रखंड के दस पंचायतों में 450 गर्भवती महिलाओं को यह पोषण किट दिया जाना है। रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल का क्षेत्र के विकास और जनता के कल्याण के प्रति समर्पण सराहनीय है।

# चतरा में जिला स्तरीय फर्स्ट लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

- सभी खिलाड़ियों को सामूहिक रूप से खेल भावना और अनुशासन की शपथ दिलायी गयी




आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के तहत संचालित समग्र शिक्षा अभियान और झारखंड शिक्षा परियोजना चतरा के संयुक्त तत्वावधान में आज स्थानीय जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जिलास्तरीय फर्स्ट लिटिल चैंप बालक/बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उपायुक्त कीर्तिश्री दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात मैदान में उपस्थित सभी खिलाड़ियों को सामूहिक रूप से खेल भावना और अनुशासन की शपथ दिलायी गयी। तत्पश्चात उपायुक्त ने मैदान में पहुंचकर प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और सभी को मन लगाकर, अनुशासित ढंग से खेल खेलने की प्रेरणा दी। उपायुक्त ने कहा कि चतरा जिले में पहली बार जिला स्तर पर लिटिल चैंप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है, जो कि नन्हें बच्चों में खेल के प्रति रुचि विकसित करने की एक सराहनीय पहल है। कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों को इस मंच के माध्यम से राज्य स्तर तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के सभी 12 प्रखंडों से बालक और बालिका वर्ग की 12-12 टीमें भाग ले रही हैं, और जिलास्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले टीमें राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। उपायुक्त और उप विकास आयुक्त ने फुटबॉल में कीक मारकर टूर्नामेंट का औपचारिक शुभारंभ किया। उपायुक्त ने कहा कि बच्चों के लिए जर्सी पोशाक और जूतों की विशेष व्यवस्था की गयी है, ताकि वे उचित सुविधा के साथ खेल सकें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार, जिला ओलंपिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा, संघ के सचिव राकेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी, तकनीकी पदाधिकारीगण और जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकगण और अभिभावक उपस्थित थे। बालक और बालिका वर्ग के बीच हुए कई रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों का उत्साह चरम पर पहुंचा दिया। विभिन्न प्रखंडों की टीमों ने अनुशासन, तकनीक और जुझारूपन के साथ प्रदर्शन किया। जिसमें चतरा ने प्रतापपुर को 1-0 से हराया। टंडवा ने मयूरहंड को 2-0 से पराजित किया। गिद्धौर ने सिमरिया पर 2-0 से जीत दर्ज की। हंटरगंज ने कान्हाचट्टी को 2-0 से हराया। लावालौंग ने चतरा को 2-0 से पराजित किया। टंडवा ने कुंदा को 2-0 से हराया। गिद्धौर ने इटखोरी को 3-0 से शिकस्त दी। हंटरगंज ने पत्थलगड्डा पर 2-0 से जीत दर्ज की। लावालौंग ने गिद्धौर को पराजित कर अगले दौर में स्थान सुनिश्चित किया। बालिका वर्ग में चतरा ने टंडवा को 1-0 से हराया। मयूरहंड ने प्रतापपुर को 2-0 से पराजित किया। हंटरगंज ने पत्थलगड्डा को शानदार 4-0 से हराया। लावालौंग ने कुंदा पर 1-0 से जीत दर्ज की। चतरा ने सिमरिया को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से पराजित किया। इटखोरी ने मयूरहंड को 2-0 से हराया। कान्हाचट्टी ने हंटरगंज को कड़े मुकाबले में 1-0 से मात दी। लावालौंग ने गिद्धौर को 1-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। वहीं दर्शकों और अभिभावकों की उपस्थिति ने प्रतियोगिता को और अधिक प्रेरणादायक बनाया।

## झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की हुई बैठक



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के पतरातू एवं बड़कागांव प्रखंड के प्रमुख पदाधिकारियों की एक बैठक आज भुरकुंडा के उत्सव मैरिज हॉल में आयोजित किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता पतरातू प्रखंड अध्यक्ष मुकेशलाल सिंदुरिया ने किया, जबकि इस बैठक में वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैठक में 31 जुलाई को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले त्राहिमाम महाधरना की तैयारी की समीक्षा की गयी और दिल्ली जाने वालों की सूची बनाने की जवाबदेही दोनों प्रखंड अध्यक्ष को दिया गया। बैठक में तय किया गया कि दिल्ली जाने वाले सदस्य उसके पहले अपने अपने क्षेत्र में बैनर, पोस्टर लगाने, पर्चा वितरण का काम करेंगे, ताकि आम लोगों को उनके दिल्ली जाने का उद्देश्य पता चल सके। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि आज वैश्य और ओबीसी का मुद्दा झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। हमें इस बात का गर्व है कि वैश्य और ओबीसी का मुद्दा भुरकुंडा की पावन धरती से शुरू हुआ था। श्री साहु ने कहा कि 31 जुलाई को दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले त्राहिमाम महाधरना कार्यक्रम में आसपास के राज्यों के वैश्य नेताओं, सांसदों, विधायकों तथा बुद्धिजीवियों को निमंत्रण भेजा जा रहा है। केंद्रीय तैयारी समिति की अगली बैठक 20 जुलाई को रामगढ़ में रखी गयी है, जिसमें पतरातू और बड़कागांव के भी प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे। यह भी तय किया गया कि जो सदस्य किसी कारणवश दिल्ली नहीं जा पा रहे हैं, लेकिन वे प्रचार प्रसार में पूरा सहयोग करेंगे। इस बैठक में वरीय उपाध्यक्ष ढ़लन साव (बड़कागांव), केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता सह जिला प्रभारी बीरेन्द्र कुमार( गोला), केंद्रीय सदस्य भुनेश्वर साव, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश साव, प्रखंड उपाध्यक्ष श्रीनिवास अग्रवाल, देवकुमार पंडित, अशोक साव, अजय साहु, भरत केशरी, मिथलेश लाल, गोपाल केशरी, जीवन गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष पिंटू गुप्ता, हरिदास साव, माथुर साव, उपेन्द्र शर्मा, सत्येन्द्र शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## मांडू विधायक निर्मल ने बीआरएल में दो पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



कुजू (आजाद सिपाही)। मांडू को भारत का अव्वल विधानसभा बनायेंगे। इसके लिए हमारी ओर से ब्लूप्रिंट तैयार कर ली गयी है। अपने तीन माह कार्यकाल के दौरान बरसात के दिनों में भी अब तक करीब दो सौ करोड़ रुपये का पीसीसी पथ निर्माण कार्य योजना का शिलान्यास किया है। हमारी प्राथमिकता है कि विस क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा फंड उपलब्ध कराया जाये। उक्त बातें मांडू विधायक निर्मल महतो ने शुक्रवार को नगर विकास और आवास विभाग के सौजन्य से नप क्षेत्र के बीआरएल डैम कॉलोनी में दो अलग-अलग पथ निर्माण कार्य योजना का शिलान्यास के दौरान कही। इससे पूर्व, विधायक प्रतिनिधि (उद्योग विभाग) नरेश प्रसाद साहू की अगुवाई में विधायक निर्मल महतो का भव्य स्वागत किया गया। विधायक ने अभिमन्यु प्रसाद के आवास से राजेश मंडल के आवास तक 17 लाख 27 हजार 62 रुपए की लागत से 350 मीटर पेवर्स ब्लॉक और उपेंद्र सिंह के घर से रविंद्र सिंह के घर तक 6 लाख 51 हजार की लागत से 150 मीटर पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास विधिवत नारियल फोड़कर और शिलापट का अनावरण कर किया। मौके पर नप इंजीनियर विनोद कुमार, वार्ड पार्षद कौशल्या देवी, राजू चतुर्वेदी, जयकिशोर महतो, चिंतामन महतो, अशोक प्रसाद, रामचल मुंडा, उपेंद्र सिंह, अरुण दुबे, विनोद सिन्हा, विक्रम सिंह, राठौड़, चंद्रकांत झा, बलराम सिंह, शंकर सिंह, संजय बहादुर, महेंद्र शर्मा, संवेदक हरमीत सिंह कालरा और अशोक कुमार, अरविंद मिश्रा, सुबोध साहू, लक्ष्मी देवी, सुषमा देवी, रेणु देवी, रानी सिंह, वीणा मिश्रा, मालती देवी, गीत देवी, मंजू देवी, कुसुम देवी, अनु सिंह, पूजा कुमारी समेत कई लोग शामिल रहे। शिलान्यास बोर्ड से प्राक्कलित राशि गायब होने के सवाल पर विधायक निर्मल महतो ने कहा कि हर हाल में बोर्ड पर राशि को लिखा जाना चाहिए। जिसे पता चल सके की फंड कितना का है। पूर्व में संवेदक द्वारा बोर्ड पर लिखा जाता था, लेकिन किस कारणों से राशि को लिखना संवेदक मुनासिब नहीं समझते है। इसकी जानकारी मिलने पर बताई जायेगी। मामला जायज है और संज्ञान में लेते हुए हर हाल में पहल करने की बात कही।

## मगनपुर से बाइक की चोरी

गोला (आजाद सिपाही)। गोला के मगनपुर से शुक्रवार को बाइक की चोरी कर ली गयी। बताया गया कि मगनपुर निवासी उर्मिल कुमार का काला रंग का स्प्लेंडर जे एच 01 बी 6400 भारत माला सड़क के पास खड़ा था। इसी दौरान किसी अज्ञात ने बाइक को लेकर फरार हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कुछ पता नहीं चला।

## रांची-पटना फोरलेन सड़क के बीचों बीच पलटा ट्रक, घंटों यातायात बाधित

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत फोरलेन पर गुरुवार की देर रात ब्रेक फेल हो जाने के कारण माया टुंगरी के पास सीट लदा ट्रक डिवाइडर से टकराकर सड़क के बीचो-बीच पलट गया। जानकारी के अनुसार जमशेदपुर से दिल्ली जा रही एलपी ट्रक संख्या एनएल 01एन 7904 का अचानक चुट्टूपालू घाटी में ब्रेक फेल हो गया। इस दौरान चालक यूपी निवासी पारस अपने सूझबूझ से कई वाहनों को अपनी चपेट में आने से बचाते हुए डिवाइडर से टकराकर पलट गया। ट्रक पर सवार खलासी अखिलेश और चालक बाल बाल बच गये। घटना के बाद सड़क के दोनों ओर लंबी कतार लग गयी। जिससे यातायात घंटों बाधित हो गयी। इधर, घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को घंटों मशक्कत के बाद हाइड्रा के माध्यम से साइड हटवाया। जिसके बाद देर रात यातायात सुचारू रूप से चालू हो सकी।

## खेत जुताई के दौरान दुर्घटना में किसान की मौत

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सोनबरसा गांव में ट्रैक्टर पलटने से एक किसान की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। यह घटना शुक्रवार की है। मृतक किसान सोनवर्षा गांव के जटून यादव के 35 वर्ष पुत्र तिलक यादव सोनबरसा गांव स्थित अपने खेत की जुताई करवा रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर खेत में फंस गया। खेत में फंसे ट्रैक्टर को तिलक यादव निकालने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर का इंजन ऊपर की ओर उठा और उल्टा पलट गया। जिसमें ट्रैक्टर में बैठा तिलक यादव दब गया। ग्रामीणों द्वारा आनन-फानन में ट्रैक्टर को हटाया गया, लेकिन उससे पहले तिलक यादव की मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस सोनबरसा गांव पहुंची और घटना से संबंधित जानकारी लिया। इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। ज्ञात हो कि किसान तिलक यादव घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था। वह अपने पीछे अपनी पत्नी माता-पिता और बच्चों को छोड़ गया है। परिजनों के करूण चित्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया है।

# समारोह में ट्रांसजेंडरों को किया गया सम्मानित

- ट्रांसजेंडरों को मुख्य धारा से जोड़ने में संभव प्रयास करेगा जिला प्रशासनः डीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को समाज के मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से समाहरणालय सभा कक्ष में सम्मान समारोह सह ट्रांसजेंडर कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने कहा कि ट्रांसजेंडर समूह को मुख्य धारा से जोड़ने और सम्मानित जीवन जीने के लिए हर संभव प्रयास जिला प्रशासन करेगा। सम्मान समारोह के दौरान उपायुक्त के द्वारा उपस्थित ट्रांसजेंडर समूह के लोगों से कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी। मौके पर उपायुक्त ने ट्रांसजेंडर समूह की समस्याओं की विस्तृत जानकारी ली। ट्रांसजेंडर समूह को मुख्य धारा से जोड़ने को लेकर बैठक के दौरान उपायुक्त ने चर्चा के क्रम में समाहरणालय अंतर्गत विभिन्न विभागों में दैनिक मजदूरी दर पर ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को रोजगार देने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने समाहरणालय और बस स्टैंड रामगढ़ में ट्रांसजेंडर शौचालय निर्माण करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपस्थित ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को शॉल ओढ़ाकर और पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही 18 ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को पहचान पत्र उपलब्ध कराया गया।

# बिहार में बेखौफ अपराधी

विधानसभा चुनाव की ओर बढ़ते बिहार में अपराधी बेकाबू हो गये हैं। राजधानी पटना के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में दिनदहाड़े 5 शूटर्स ने जिस तरह एक गैंगस्टर की हत्या की, उससे यही लगता है कि कानून-व्यवस्था का डर खत्म हो चुका है। पिछले दिनों में एक के बाद एक कई आपराधिक घटनाएं हुई हैं। ऐसे में चुनाव से पहले नीतीश सरकार के सामने कानून-व्यवस्था को ठीक करना सबसे बड़ी चुनौती बन गया है।

**संगठित अपराध :** हॉस्पिटल में जिसकी हत्या हुई, वह खुद हत्या के मामले में जेल में बंद था और फिलहाल पैरोल पर बाहर आया था। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक इस वारदात में विरोधी गैंग शामिल हो सकता है। इसका मतलब कि राज्य में संगठित अपराध फिर सिर उठा रहा है। इसी महीने 4 जुलाई को बिहार के बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या हुई थी और उसमें भी भाड़े के शूटर्स का इस्तेमाल किया गया था।

**लगातार कई वारदात :** नेशनल क्राइम रेकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों में बिहार भले अपराध में कई दूसरे राज्यों से पीछे दिखता हो, लेकिन सच यही है कि आंकड़े पूरी कहानी नहीं बताते। राज्य में ये अपराध तब हो रहे हैं, जब पूरा फोकस क्राइम कंट्रोल पर है। खेमका हत्याकांड के कुछ दिनों बाद ही पटना में भाजपा नेता विक्रम झा की हत्या कर दी गयी थी। इसके बाद एक वकील और शिक्षक को निशाना बनाया गया। यह सिलसिला कहीं रुकता नहीं दिख रहा।

**नीतीश और भाजपा ने लालू-राबड़ी यादव के कार्यकाल को हमेशा जंगलराज के तौर पर पेश किया। लेकिन, अब वही सवाल पलट कर उनकी ओर आ रहे हैं। राज्य सरकार अपने बचाव में बार-बार दो दशक पुरानी बातें नहीं उठा सकती।**

**अजीब तर्क :** बिहार पुलिस भी मान रही है कि हाल में हत्याएं बढ़ी हैं। हालांकि उसके एक वरिष्ठ अधिकारी जो कारण गिनाते हैं, उन पर भरोसा करना मुश्किल है। उनके हिसाब से जून में ज्यादा वारदात होती हैं, क्योंकि मॉनसून आने के पहले तक किसान खाली बैठे होते हैं। इस तरह के बहानों से तो क्राइम कंट्रोल नहीं हो सकता। और न ही यह कहने से काम चलेगा कि चुनावी साल की वजह से राजनीतिक दलों और मीडिया का इधर फोकस ज्यादा है।

**राजनीतिक असर :** बिहार में लॉ एंड ऑर्डर के मुद्दे के साथ हमेशा राजनीति का पहलू जुड़ा रहा है। राज्य के लोगों के जहन में कई बुरी यादें हैं और राजनीतिक खेल में यह कोशिश होती है कि वे यादें कभी कमजोर न पड़ें। अभी तक इसका फायदा सीएम नीतीश कुमार को मिला है। नीतीश और भाजपा ने लालू-राबड़ी यादव के कार्यकाल को हमेशा जंगलराज के तौर पर पेश किया। लेकिन, अब वही सवाल पलट कर उनकी ओर आ रहे हैं। राज्य सरकार अपने बचाव में बार-बार दो दशक पुरानी बातें नहीं उठा सकती। आखिर उन्हीं बातों को बदलने के लिए तो जनता ने उसे चुना है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**विश्व में भारत ऐसा देश है, जहां सबसे अधिक युवा आबादी है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि अगर भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो उसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका हमारी युवा शक्ति ही निभायेगी। देश के विकास की रफ्तार युवाओं की ऊर्जा, विचार और संकल्प से ही तय होती है। लेकिन आज राष्ट्र के सामने सबसे बड़ी चुनौती है, अपने युवाओं को नशे की लत से दूर रखना। वर्तमान में युवा वर्ग नशे के घेरे में आता जा रहा है।**

# नशा मुक्त युवा, विकसित भारत का सारथी



डॉ मनसुख मांडविया

कहा जाता है कि अगर किसी देश को आगे बढ़ना है, विकसित होना है, तो उसका युवा सशक्त और समर्थ होना चाहिए। विश्व में भारत ऐसा देश है, जहां सबसे अधिक युवा आबादी है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि अगर भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो उसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका हमारी युवा शक्ति ही निभायेगी। देश के विकास की रफ्तार युवाओं की ऊर्जा, विचार और संकल्प से ही तय होती है। लेकिन आज राष्ट्र के सामने सबसे बड़ी चुनौती है, अपने युवाओं को नशे की लत से दूर रखना। वर्तमान में युवा वर्ग नशे के घेरे में आता जा रहा है।

यह नशा न केवल उनके स्वास्थ्य बल्कि करियर, सपनों और देश की ताकत को भी प्रभावित कर रहा है। एक स्टडी के मुताबिक, भारत में 10 से 24 वर्ष की उम्र के हर 5 में से 1 युवा ने कभी न कभी ड्रग्स का सेवन किया है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की रिपोर्ट के अनुसार, 8.5 लाख से अधिक बच्चे ड्रग्स की लत का शिकार हैं। ये आंकड़े बेहद डरावने और चिंतन योग्य हैं।

**देश को विकसित राष्ट्र बनाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी हमारी युवा शक्ति की है।**

ड्रग्स और अन्य नशीले पदार्थों के खात्मे के लिए भारत सरकार ने पिछले 11 वर्षों में कई प्रभावी कदम उठाये हैं। 2020 में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने 'नशा मुक्त भारत अभियान' की शुरुआत की। नशे की लत को रोकने और पीड़ितों की सहायता के लिए सरकार ने राष्ट्रीय नशा मुक्ति केंद्र और आउटरीच-कम-ड्रॉप-इन सेंटर की स्थापना की। स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए गए।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने ड्रग माफिया के विरुद्ध सशक्त ऑपरेशंस किए। साथ ही, देशभर में युवाओं की काउंसलिंग हेतु हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भी स्थापित किये गये। इसके अलावा विभिन्न राज्यों में भी स्थानीय प्रशासन, गैर-सरकारी संस्थाओं और सामाजिक कार्यकताओं के सहयोग से नशे के विरुद्ध कई बड़े अभियान चलाये जा रहे हैं। भारत इस लड़ाई को और मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में 'माई भारत' ने एक बड़ी पहल की है। बाबा काशी विश्वनाथ की धरती से 19 से 20 जुलाई तक 'युवा आध्यात्मिक समिट' का आयोजन किया जा रहा है। इसका थीम होगा 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत'।

**भारत इस लड़ाई को और मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में 'माई भारत' ने एक बड़ी पहल की है। बाबा काशी विश्वनाथ की धरती से 19 से 20 जुलाई तक 'युवा आध्यात्मिक समिट' का आयोजन किया जा रहा है। इसका थीम होगा 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत'।**



वाराणसी के पावन घाटों पर आयोजित होने वाले इस समिट का उद्देश्य, एक ऐसी राष्ट्रीय नीति बनाना है, जो युवाओं के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान को सशक्त बनाये।

इस समिट में देशभर की 100 से अधिक आध्यात्मिक संस्थाओं के युवा प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही स्वास्थ्य मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और अन्य महत्वपूर्ण संस्थाएं भी इसमें सहभागिता करेंगी। इसके माध्यम से युवाओं को एक ऐसा मंच मिलेगा, जहां वो अपनी आवाज को सरकार और नीति निमार्ताओं तक पहुंचा सकेंगे।

इस समिट में देश की नशे के विरुद्ध लड़ाई को मजबूत करने के लिए विभिन्न सेशन्स आयोजित किये जायेंगे। इसमें नशे की प्रवृत्ति, इसकी प्रकृति, प्रकार, पीड़ितों की जनसांख्यिकी, अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव और सरकार तथा 'माई भारत' के युवा स्वयंसेवकों की भूमिका जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श और चर्चा होगी। साथ ही नशे की लत से उबरने वाले युवाओं की प्रेरक कहानियां और उनके अनुभव भी साझा किये जायेंगे, ताकि अन्य युवा उनसे प्रेरणा ले सकें।

अंत में एक 'काशी डिक्लेरेशन' जारी किया जायेगा, जो अगले पांच वर्षों के लिए नशा मुक्ति अभियान का रोडमैप होगा। इसमें यह तय किया जायेगा कि युवाओं को किस प्रकार नशे से दूर रखा जाये, नशे की गिरफ्त में आये लोगों की कैसे सहायता की जाये और पूरे देश में जागरूकता अभियान को किस तरह तेज किया जाये।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा देश की अमृत पीढ़ी के सपनों का भारत बनाने की बात करते हैं। उनके विजन के अनुरूप, युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा उठाया गया यह कदम, एक समग्र और प्रभावशाली पहल का उदाहरण बनेगा। यह पहल न केवल युवाओं को नशे से दूर रखने में मदद करेगी, बल्कि उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा में भी सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगी।

देश को विकसित राष्ट्र बनाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी हमारी युवा शक्ति की है। काशी में आयोजित होने वाला 'युवा आध्यात्मिक समिट' इस लक्ष्य की दिशा में केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय चेतना का प्रारंभ स्थल बनेगा।

यह नशे के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी अभियान को नयी दिशा और ऊर्जा देगा। साथ ही, युवाओं में नैतिक मूल्यों, सामाजिक ज़िम्मेदारी और आत्म-संयम का ऐसा भाव जागृत करेगा, जो न केवल उन्हें अपने जीवन में सार्थकता देगा, बल्कि देश को भी आत्मनिर्भर, सशक्त और विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का माध्यम बनेगा। काशी की पवित्र धरती से उठने वाली यह पुकार, हर युवा के मन में जागृति और देशभक्ति का नया प्रकाश भर देगी और यही संकल्प 2047 के विकसित भारत की मजबूत नींव बनेगा।

**(लेखक : केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री, भारत सरकार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# जुगसलाई विधायक ने जमीन विवाद और मुआवजा अड़चन पर तत्परता से की पहल, मरम्मत कार्य शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत घोड़ाबांधा से लुआबासा होते हुए पिपला चांदनी चौक तक जाने वाली सड़क पर चल रहे निर्माण कार्य का जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने निरीक्षण किया।शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं की जानकारी ली और मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं स्थानीय ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर समस्याओं का समाधान करने की दिशा में तत्परता दिखाई।विधायक ने घोड़ाबांधा के ग्वालाडेरा में सड़क निर्माण को लेकर उत्पन्न जमीन संबंधी अड़चन पर संबंधित जमीनदाताओं से बातचीत की और सहमति प्राप्त कर कार्य को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। वहीं लुआबासा क्षेत्र में मुआवजा न मिलने के कारण रुके निर्माण कार्य पर भी उन्होंने सक्रियता दिखायी। विधायक ने स्थानीय जमीनदाताओं को आश्वस्त करते हुए कहा शनिवार को वे स्वयं डीसी के साथ बैठक कर मुआवजा से जुड़ी समस्या पर वार्ता करेंगे। भारी बारिश के कारण सड़क पर जलजमाव और गड्ढे उभरने की समस्या को देखते हुए विधायक ने मौके पर ही जेसीबी मशीन लगवाकर मरम्मत कार्य शुरू करवाया। ताकि आम राहगीरों को परेशानी से निजात मिल सके।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो और तय समयसीमा के अंदर पूर्ण किया जाए।विधायक मंगल कालिंदी की तत्परता व मौके पर ही समस्या का समाधान से स्थानीय ग्रामीणों ने संतोष जताया और विधायक के प्रयासो की सराहना की।



# गम्हरिया स्वास्थ्य केंद्र में दिव्यांग वृद्ध की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवा की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। इलाज के अभाव में एक दिव्यांग वृद्ध की ओपीडी के सामने मौत हो गयी। जिससे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है।

ग्रामीणों का आरोप है वृद्ध बीते तीन-चार दिनों से इलाज के लिए केंद्र का चक्कर काट रहा था। लेकिन किसी ने उसकी सुध नहीं ली। स्थानीय पूर्व पार्षद सचिन सिंह ने स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराते हुए कहा यदि समय पर इलाज मिलता, तो वृद्ध की जान बच सकती थी। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने आरोपों से पल्ला झाड़ते हुए दावा किया कि वृद्ध को कहीं और से लाकर स्वास्थ्य केंद्र के बाहर छोड़ दिया गया। हालांकि स्थानीय ग्रामीणों का कहना है दिव्यांग वृद्ध पिछले कई दिनों से स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में ही मौजूद था। मदद की गुहार लगा रहा था। लेकिन उसे अनदेखा किया गया। इस घटना ने गम्हरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की कार्यप्रणाली और स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस मामले की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की।

## बाइक ने सुरक्षाकर्मी को मारी टक्कर, दो घायल

**गम्हरिया (आजाद सिपाही)।** गम्हरिया थाना क्षेत्र के उषा मोड़ के पास एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने सर्विस रोड से ड्यूटी के लिए पैदल जा रहे सुरक्षा कर्मी सतीश चंद्र मंडल को जोरदार टक्कर मार दी। बीते रात हादसे में सतीश चंद्र मंडल गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं मोटरसाइकिल सवार महमद फिरोज, जो जुगसलाई के निवासी हैं वह भी गिरकर घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही गम्हरिया पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए तत्काल एमजीएम अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार सतीश चंद्र मंडल के सिर में गंभीर चोटें आई हैं और उनका एक पैर फैक्चर हो गया है। वहीं बाइक चालक महमद फिरोज को भी माथे पर चोट लगी है। फिलहाल घायल सतीश चंद्र मंडल को बेहतर इलाज के लिए शिवा नरसिंह होम लाया गया।वही पुलिस मोटरसाइकिल को जब्त कर मामले की जांच कर रही है।

## पीवीटीजी परिवारों का सर्वे शुरू, 827 परिवारों से संपर्क



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन द्वारा मिशन उत्थान के तहत विशेष रूप से संवेदनशील जनजाति समूह परिवारों की पहचान, सामाजिक–आर्थिक स्थिति के मूल्यांकन और सरकारी योजनाओं से आच्छादन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक ग्राउंड सर्वे अभियान शुरू किया गया।डीसी कर्ण सत्यार्थी के मार्गदर्शन में बोड़ाम, धालभूमगढ़ और बहरागोड़ा प्रखंडों के 45 गांवों में अब तक 827 परिवारों से सीधा संपर्क किया गया। इस अभियान का कुल लक्ष्य 5024 परिवारों का सर्वे करना है।सर्वे के दौरान टीमों द्वारा यह जाना जा रहा है किन योजनाओं का लाभ इन परिवारों को मिला है और उन्हें किस प्रकार की अन्य सरकारी सहायता की आवश्यकता है। साथ ही स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, आय–सृजन और आवास से जुड़ी जरूरतों का भी आकलन किया जा रहा है।जिला प्रशासन की यह पहल समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने, उनकी आजीविका को सशक्त करने और जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में एक अहम कदम है।

# टाटा स्टील यूआइएसएल ने चलाया नाला सफाई अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर शहर की स्वच्छता,जन स्वास्थ्य और मानसून के दौरान जलजमाव की समस्या से निपटने के लिए टाटा स्टील यूआइएसएल ने नाला सफाई अभियान चलाया।



शुक्रवार को कंपनी की सतत बुनियादी ढाँचा के तहत प्रबंधन ने सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए यह अभियान शहर के कई प्रमुख इलाकों में सफलता पूर्वक चलाया। साफ-सफाई अभियान में मूलचंद सिंह बागान बड़ा नाला, साकची गुरुद्वारा के पीछे, नेहरू कॉलोनी, सीतारामडेरा पुलिया, भालूबासा पुलिया, स्लैग रोड,भालूबासा हरिजन बस्ती,गंगोत्री कॉम्प्लेक्स, आरडी टाटा गोलचक्कर, कालीमाटी रोड टीसीआइ और रिफ्यूजी कॉलोनी जैसे महत्वपूर्ण जल निकासी बिंदुओं को शामिल किया गया।

अभियान में विशेष उपकरणों और प्रशिक्षित कर्मियों की मदद से नालों से गाद, कचरा और मलबा हटाकर जल प्रवाह को सुचारू किया गया। इसके जरिए बाढ़ की आशंका काफी हद तक कम होने की उमीद है। टाटा स्टील यूआइएसएल ने नागरिकों से अपील की वे जुस्को सहयोग केंद्र से संपर्क बनाये रखें और जल निकासी से जुड़ी किसी भी समस्या की तुरंत सूचना संबंधित अधिकारियों को दें। ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। यह पहल शहर की बुनियादी संरचनाओं को मजबूत बनाने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर आजसू का सांकेतिक विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के छोटा गोविंदपुर-चांदनी चौक मार्ग में लुवाबासा के पास सड़क की जर्जर हालत के विरोध में आजसू पार्टी ने जोरदार सांकेतिक प्रदर्शन किया। शुक्रवार को कार्यकताओं ने सड़क पर जमा पानी में धान की रोपनी कर सरकार के खिलाफ विरोध जताया।प्रदर्शन की अगुआई कर रहे आजसू के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा सड़क की दुर्दशा के कारण स्कूली बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और आम लोगों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से अविलंब सड़क मरम्मत की मांग की।जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने चेतावनी दी यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आजसू पार्टी सड़क पर हल चलाने का आंदोलन करेगी और यह विरोध तब तक जारी रहेगा जब तक समस्या का समाधान नहीं होता। मौके पर संजय मलाकार, अप्पू तिवारी, अमल महतो, श्रवण सिंह सरदार, मंजू राज, मनोज ठाकुर, अरुप मलिक, मृत्युंजय सिंह, संगीता सिंह, शैलेन्द्र सिन्हा, राजा दत्ता, नीलेश मलाकार व पुष्पा देवी सहित अन्य शामिल रहे।



## सड़क पर धान रोपना आजसू का राजनैतिक स्टंट : डॉ परितोष सिंह

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** गोविंदपुर से चांदनी चौक तक निमार्णाधीन सड़क के एक छोटे से हिस्से पर आजसू पार्टी द्वारा धान रोपण किए जाने को लेकर पूर्वी सिंहभूम जिला परिषद सदस्य डॉ. परितोष सिंह ने कड़ा पलटवार किया। उन्होंने इसे आजसू का ₹राजनैतिक स्टंट₹ करार देते हुए कहा क्षेत्र में विधायक मंगल कालिंदी के नेतृत्व में जिस तरह से सड़क निर्माण कार्य हो रहा है, उससे आजसू पार्टी राजनीतिक कोमा में चली गई है। अपनी डूबती राजनीतिक पर जमीन तलाशने के लिए ऐसे हथकंडे अपना रही है।डॉ. सिंह ने कहा जिस सड़क योजना पर आजसू आज सवाल उठा रही उसका शिलान्यास 7 वर्ष पूर्व भाजपा–आजसू गठबंधन सरकार के दौरान हुआ था। उस समय नेताओं के दबाव में दो बार डीपीआर में बदलाव किया गया, जिससे सड़क की चौड़ाई 80 फीट से घटाकर 30 फीट कर दी गई। यह बदलाव स्थानीय नेताओं के मकान को बचाने के उद्देश्य से किया गया, जिसका खामियाजा आज गोविंदपुर की जनता रोजाना जाम की समस्या झेल कर भुगत रही है।

## भवनाथपुर डीएवी स्कूल में शिक्षण व्यवस्था में होगा सुधार: प्राचार्य



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक प्लस टू विद्यालय भवनाथपुर टाउनशिप में पदस्थापित नए प्राचार्य राजेश कुमार सिंह ने पत्रकार वार्ता में विद्यालय की स्थिति में सुधार का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि यहां के विद्यार्थियों का भविष्य संवारने के लिए वे शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करेंगे। इसके तहत प्रत्येक शनिवार को गर्मी की छुट्टियों में विद्यालय के शिक्षक छात्रों को कोचिंग देंगे। आवश्यकता होने पर विषय विशेषज्ञों को बाहर से बुलाया जायेगा। प्राचार्य सिंह ने बताया कि विद्यालय में पद ग्रहण करने के बाद उन्हें शिक्षकों के बीच गुटबाजी की जानकारी मिली है, जो विद्यालय के हित में नहीं है। विद्यालय के विकास में वे स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी लेंगे।

## मूसलाधार बारिश से किसानों का टूटा कमर, अब लगाये हैं धान पर आस



केतार (आजाद सिपाही)। तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लगातार बारिश होने के चलते खेती पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। वहीं अब किसानों को सिर्फ धान फसल पर ही भरोसा रह गया है। गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के प्रमुख नदी सोन एवं पंडा खतरे के निशान से ऊपर बह रहा थी। रात भर तटीय लोग रात भर जाग रहे है। इसको लेकर प्रशासन के द्वारा अलर्ट जारी किया गया था। सोनटतीय इलाके के परती कुशवानी, बत्तो, पाचाडूमर, चांदडीह, बीजडीह, खैरवा, कधवन, कोसडीहरा, मेरौनी गांव में प्रचार प्रसार कराया गया। इधर सूचना मिलते ही सीओ प्रशांत कुमार, थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी दल बल के साथ दौरा कर लगातार लोगों को सुरक्षित स्थान पर रहने का निर्देश दे रहे थे। बताते चलें कि बाढ़ के चलते किसानों की सैकड़ों एकड़ फसल को भारी नुकसान हुआ है। स्थिति सामान्य होने पर ग्रामीणों ने अनहोनी से निपटने के लिए एन डी आर एफ के टीम बुलाने की मांग कर रहे है।

## आरके पब्लिक स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। आरके पब्लिक स्कूल, अधौरा, श्रीबंशीधर नगर ने शुक्रवार को वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें कक्षा 1 से 10 तक के छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, प्रशासनिक अधिकारी पीके झा और प्रधानाचार्य एलके ओझा ने स्वस्थ पर्यावरण और स्थिर भविष्य के लिए वृक्षारोपण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने, ऑक्सीजन छोड़ने, जलवायु परिवर्तन को कम करने, मिट्टी के क्षरण को रोकने और वन्यजीवों के लिए आवास प्रदान करने में पेड़ों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

## कांडी में डेढ़ महीने से बंद एसबीआइ एटीएम, ग्रामीण परेशान




कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का एटीएम पिछले डेढ़ महीने से बंद पड़ा है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। खासकर इस समय जब खेती-बारी का मौसम है, किसानों को खाद-बीज खरीदने के लिए पैसों की जरूरत है, लेकिन एटीएम से पैसा नहीं निकल पा रहा। ग्रामीणों का कहना है कि सीएसपी से निकासी करने पर अतिरिक्त चार्ज देना पड़ता है, जिससे आम लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। पतरिया पंचायत के बीडीसी अमरजीत कुमार ठाकुर उर्फ प्रिंस कुमार ने बताया कि वह पैसा निकालने आये थे, लेकिन एटीएम बंद मिला। उन्होंने मांग की कि एटीएम जल्द चालू किया जाये। इस संबंध में एसबीआई शाखा प्रबंधक देवेश नारायण ने बताया कि नया एटीएम मशीन आ चुका है और इसे चालू करने के लिए इंजीनियर को सूचना दी गयी है, लेकिन इंजीनियर के नहीं आने से काम रुका हुआ है।

## शहरी बिजली उपभोक्ताओं को अब मिलेगी निर्बाध बिजली



रमना (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय बिजली उपभोक्ताओं को अब निर्बाध रूप से बिजली मिलेंगी, उक्त बाते विधायक प्रतिनिधि रोहित वर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस जारी कर किया। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व में भागोडीह सुपर पावर ग्रीड के समीप 33/11 केवी से रमना प्रखंड मुख्यालय सहित दर्जनों गांव एक साथ जुड़े हुए थे। कहा कि बर्षा के दिनों में तार पोल में हमेशा फॉल्ट होने के कारण मुख्यालय को भी बिजली काटनी पड़ जाती थी। जिसे लेकर स्थानीय बिजली उपभोक्ताओं ने विधायक अनंत प्रताप देव से अलग फीडर के माध्यम से बिजली आपूर्ति करने की मांग की थी। जिसे विधायक प्राथमिकता के आधार पर अपने संज्ञान में लेते हुए उक्त कार्य को करवाने का कार्य किया। उन्होंने विधायक अनंत प्रताप देव सहित बिजली विभाग को बधाई दी। मौके पर युवा मोर्चा अध्यक्ष मुन्ना पासवान, संदीप चंद्रवंशी, रामचंद्र राम, गंगा राम, नरेश गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# विधायक नरेश ने कांडी के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

विधायक ने कहा कि कोयल और सोन नदी में तटबंध का निर्माण अत्यंत आवश्यक है



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को कांडी प्रखंड के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया और ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सुंडीपुर, बरवाडीह, नारायणपुर, सोनपुरा, बनकट, ढेलकाडीह और कांडी समेत कई गांवों का दौरा कर बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लिया। सुंडीपुर में ग्रामीणों से संवाद करते हुए विधायक ने कहा कि कोयल और सोन नदी में तटबंध का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वे इस मुद्दे से पहले से ही अवगत हैं और विधानसभा में इस पर प्रश्न भी उठा चुके हैं। विधायक ने कहा कि वे राज्य और केंद्र सरकार से लगातार संपर्क में हैं, ताकि तटबंध निर्माण जल्द शुरू हो। उन्होंने बताया कि तटबंध के अभाव में हर वर्ष किसानों की सैकड़ों एकड़ उपजाऊ भूमि नदी में समा जाती है। अब तक लगभग एक दर्जन गांव सोन नदी की धारा में विलीन हो चुके हैं, जिससे वे बेचिरागी हो गये हैं। विधायक अपने दौरे के क्रम में प्रखंड मुख्यालय कांडी भी पहुंचे, जहां पंचायत मुखिया विजय राम के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने कार्यपालक अभियंता प्रमोद कुमार से बातचीत की है और निर्देश दिया है कि बारिश खत्म होने से पहले सभी निर्माण कार्य ठीक करा लिए जाएं। मुखिया विजय राम ने बताया कि कांडी पंचायत के समग्र विकास के लिए सात सूत्रीय मांग पत्र पहले ही विधायक को सौंपा गया है। विधायक ने आश्वासन दिया कि इन सभी मांगों पर प्राथमिकता के साथ कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर राजद प्रखंड अध्यक्ष जगदीश यादव, मुखिया विजय राम, डॉ. अनिल प्रसाद, हरिनाथ चंद्रवंशी, गड़ाखुर्द पंचायत मुखिया प्रतिनिधि नीरज सिंह, दीनानाथ प्रसाद, पप्पू ठाकुर, बबन चौधरी, विनय पासवान, नरेश राम, उदल, शालिक, धर्मेंद्र, विजय, नुरुल, रामनरेश सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## कांडी के खेतों में सोन और पंडी नदी की बाढ़ का कहर, सैकड़ों किसानों की मेहनत डूबी

कांडी। प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों किसानों की मेहनत इस बार फिर पानी में बह गयी है। सोन और पंडी नदी में अचानक आई बाढ़ से बेलहत, नारायणपुर, बलियारी, चोका, बरवाडीह सहित दर्जनों गांवों के हजारों एकड़ खेत जलमग्न हो गये हैं। खेतों में लगा धान का बिचड़ा पिछले दो दिनों से पानी में डूबा हुआ है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गयी है। किसानों का कहना है कि अगर जल्द जलस्तर नहीं घटा तो धान का बिचड़ा गल जायेगा और उनकी पूरी फसल चौपट हो जायेगी। बाढ़ की वजह से कई किसानों के डीजल पंप और बिजली मोटर भी पानी में डूब गये हैं, जिससे उनकी क्षति और बढ़ गयी है।

# झामुमो का संगठन विस्तार, सभी मोर्चा की जिला कमिटी गठित

## नयी उर्जा के साथ तेजी से और आगे बढ़ेगा संगठन : जिलाध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा का संगठन विस्तार किया गया है। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए पार्टी के सभी मोर्चा की जिला समिति का गठन कर लिया गया है। केंद्रीय समिति ने नवगठित समिति की औपचारिक घोषणा कर दी है। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष शंभु राम ने बताया कि झामुमो जिला समिति के अनुशंसा के आलोक में केंद्रीय कार्यालय से सभी मोर्चा के पदाधिकारियां की घोषणा कर दी गयी है। इसके तहत झामुमो युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह उर्फ छोटू, उपाध्यक्ष धर्मराज पासवान, हरिओम यादव, सचिव मो अतहर अली, संगठन सचिव अनुज चंद्रवंशी तथा कोषाध्यक्ष मो सरफराज खान को बनाया गया है। जबकि महिला मोर्चा का जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, उपाध्यक्ष चंदा देवी, सचिव दीपमाला कुमारी, कोषाध्यक्ष किरण देवी, छात्र मोर्चा का जिलाध्यक्ष निशांत चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष किरण कुमारी, सचिव विकास चंद्रवंषी, संगठन सचिव मो. शमशेर अंसारी, सह सचिव आर्यन सिंह, विक्की रोशन, कोषाध्यक्ष सुरज तिवारी, अल्पसंख्यक मोर्चा का जिलाध्यक्ष मोजीबुर्रहमान अंसारी, उपाध्यक्ष जगदीश टोप्पो, रेयाज खान, सचिव शौकत अंसारी, कोषाध्यक्ष हिफाजत अंसारी, क्रीड़ा मोर्चा का जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, उपाध्यक्ष इनरदेव सिंह खरवार, सचिव मो सदाब खान, कोषाध्यक्ष मो आजाद अंसारी, व्यवसायी मोर्चा का जिलाध्यक्ष राजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष मनीष कमलापुरी, सचिव दिव्य प्रकाश केशरी, संगठन सचिव शुभम प्रकाश, कोषाध्यक्ष मो शमशाद खान, बुद्धिजीवी मोर्चा का जिला अध्यक्ष गौतम कृष्णा सिन्हा उर्फ बुल्लू बाबू, उपाध्यक्ष राजेश यादव, सचिव अशर्फी राम, कोषाध्यक्ष राजनाथ राम, किसान मोर्चा का जिला अध्यक्ष सूर्यदेव मेहता, उपाध्यक्ष रामसागर यादव, सचिव राजेंद्र मेहता तथा कोषाध्यक्ष बाबूलाल मेहता को बनाया गया है।

जिलाध्यक्ष श्रीराम ने बताया कि केंद्रीय समिति व जिला समिति के पदाधिकारियां ने सभी मोर्चा की नवनियुक्त पदाधिकारियों को वरिष्ठ नेताओं व कार्यकताओं के सहयोग से अपने-अपने मोर्चा संगठनों का विस्तार करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सभी को संगठन के मूलभूत सिद्धांतों एवं अनुशासन का पालन करते हुए आमजनों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने व समाधान का कार्य करने का भी निर्देष दिया गया है। जिलाध्यक्ष एवं जिला समिति के अन्य पदाधिकारियां ने सभी नवनिर्वाचत पदाधिकारियां को बधाई दी है।

# 291 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण

## चलाने लायक नहीं मिली साइकिल, बच्चों को पैदल खींच कर लेकर जाना पड़ा घर

सभी साइकिल को दो-ढ़ाई सौ रुपये लगाकर कराना पड़ेगा रिपेयरिंग : मिस्त्री



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय में कल्याण विभाग द्वारा शुक्रवार को सात विद्यालयों के 291 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, प्रभारी बीडब्लूओ दिलीप कुमार रजक एवं भाजपा नेता रुपू महतो, मनोज जायसवाल, चंद्रमणि पाठक, रोहित कुमार के द्वारा किया गया। जिसमें वर्ग 8 के 140 छात्राएं तथा 151 छात्रों को साइकिल उपलब्ध कराया गया। साइकिल प्राप्त करने वाले विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में कन्या एवं आदर्श मध्य विद्यालय मेराल, उत्क्र मध्य विद्यालय सोहबरिया, कुंभी, गोंदा, कजराठ एवं प्रखंड परिसर विद्यालय का नाम शामिल है। मौके पर बीडब्लूओ ने बताया कि वर्ग 8 में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को झारखंड सरकार के द्वारा कल्याण विभाग से निःशुल्क साइकिल दिया जा रहा है, ताकि बच्चों को स्कूल आने जाने में सुविधा हो।

**चलाने लायक नहीं मिला साइकिल, बच्चों को पैदल लेकर जाना पड़ा घर :** चलने लायक साइकिल नहीं मिलने के कारण सभी छात्र-छात्राओं को साइकिल लेकर पैदल जाना पड़ा। बिना हवा और ठीक से सेटिंग किये बिना ही साइकिल का वितरण किये जाने से छात्र-छात्राओं में गुस्सा देखा गया। कई छात्र-छात्राओं ने बाहर साइकिल दुकान पर मिले साइकिल का रिपेयरिंग दो ढाई सौ रुपये लगाकर कराया, परंतु जिनके पास पैसा नहीं था उन छात्र-छात्राओं को साइकिल लेकर पैदल ही घर जाना पड़ा। साइकिल मिस्त्री रघुनाथ विश्वकर्मा तथा विनोद राम ने कहा कि जितना भी साइकिल वितरण किया गया है सभी को रिपेयरिंग करना पड़ेगा। क्योंकि साइकिल को ठीक तरह से सेट नहीं किया गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर सोहबरिया के शिक्षक कुंदन कुमार रंजन ने कहा कि साइकिल पाने वाले सभी बच्चों को सौ दो सौ रुपये लगाकर रिपेयरिंग करना पड़ता है, जिनके पास पैसा नहीं था वह बच्चे साइकिल लेकर पैदल ही घर चले गये।

## दिव्यांगों को मिलनी चाहिए शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज में बेहतर सुविधा : डॉ कुलदेव

बरडीहा में दिव्यांग बच्चों के लिए जांच शिविर एवं सहायक उपकरण वितरण का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरडीहा।** झारखंड शिक्षा परियोजना, गढ़वा के द्वारा समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रखंड संसाधन केंद्र, बरडीहा में दिव्यांगता जांच शिविर सह सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी, दिव्यांग विशेषज्ञ डॉ अमित कुमार एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक आर्शी मुतुर्जा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस शिविर में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों का दिव्यांगता जांच किया गया। जिसमें तीन वर्ष से अठारह वर्ष आयु वर्ग के हड्डी व शारीरिक रूप से कमजोर, नेत्र, मुक-बधिर, कान, मानसिक एवं शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चों की जांच हुई। तत्पश्चात दिव्यांग बच्चों के बीच ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, रोलेटर, मानसिक मंदता किट, रोलेटर किट, हियरिंग एड, सीपी चेयर का वितरण किया गया। जिसमें केशर अंसारी, विमलेश यादव, अर्चना कुमारी, अनिता कुमारी, धर्मदेव प्रजापति, जयप्रकाश विश्वकर्मा, मधु कुमारी, पूनम कुमारी, आदि शामिल थे। डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज में बेहतर सुविधएं मिलनी चाहिए।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर में संस्कृति ज्ञान महाअभियान की शुरूआत

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर नगरी में गुरुवार को 'संस्कृति ज्ञान महाअभियान' सत्र की औपचारिक शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण और दीप प्रज्वलन के साथ की गयी। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में आचार्यगण, अभिभावक, अतिथि और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, भारतीय जीवन-दर्शन और संस्कारों का विकास अत्यंत आवश्यक है। भारतीय संस्कृति कोई सीमित धार्मिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह एक जीवन शैली है जो व्यक्ति को सामाजिक, पारिवारिक और राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाती है।

**Jhumri Telaiya Nagar Parishad**
**Near Bazar Samiti, Koderma Block,**

Reference No.- ULB/NIT/JHUMRI-TELAIYA SEPTAGE/TENDER/1910/2025
Date:- 17.07.2025
Tender Notice (6th Call) IMPORTANT INFORMATION

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 30 m3/day at Jhumri Telaiya (Jharkhand) and Operation and Maintenance for 5 years |
| 2 | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: ₹ 4,60,47,370<br>Operation & Maintenance Cost: ₹1,83,39,514<br>Total:- ₹ 6,43,86,884 |
| 3 | Bid Security (INR) | ₹6,44,000/- (Rupees Six Lakhs Forty Three Thousands Only) |
| 4 | Cost of Bid Document (INR) | ₹ 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable |
| 5 | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6 | Date of e-publication of tender | 28-07-2025 , 17:00 Hrs |
| 7 | Document downloading start Date | 28.07.2025 , 17:00 Hrs |
| 8 | Start date for seeking clarification | 28.07.2025 , 17:00 Hrs |
| 9 | End date for seeking clarification | 08.08.2025 , 17:00 Hrs |
| 10 | Pre bid meeting date, Time & Venue | 04.08.2025 , 14:00 Hrs at Chamber of Office of Executive Officer, Nagar Parishad, Jhumri Telaiya Jharkhand – 825409 |
| 11 | Bid submission end date | 08.08.2025 , 17:00 Hrs |
| 12 | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 08.08.2025 , 17:00 Hrs |
| 13 | Bid opening date (online) | 11.08.2025 , 17:30 Hrs |

Complete bid document is available on website http://Jharkhandtenders.gov.in Other details can be seen in the bidding documents.
*Bid security 1% of Bid amount.

Administrator
Jhumri telaiya Nagar Parishad.

PR 357676 (Urban Development)25-26*D

कार्यालय– समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लोहरदगा।
(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)
ई–कल्याण पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति लोहरदगा के लिए महत्वपूर्ण सूचना।
PR No.- 356344
शैक्षणिक सत्र– 2024–25

ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा :–

| क0 | प्रक्रियात्मक कार्रवाई | प्रारम्भ होने की तिथि | निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 17.07.2025 | 30.07.2025 |
| 2. | DNO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की समय सीमा। | 17.07.2025 | 31.07.2025 |

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा।

PR 357699 Lohardaga(25-26)D

# थाना दिवस पर 15 वर्षों से चल रहा भूमि विवाद सहित 10 मामलों का हुआ निपटारा : सीओ जसवंत

भूमि विवाद का निपटारा होने पर लोगों में न्याय मिलने की उम्मीद जगी, उमड़ रही लोगों की भीड़




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** थाना सभागार में शुक्रवार को आयोजित थाना दिवस पर 15 वर्षों से चल रहा भूमि विवाद सहित 10 मामलों का निपटारा किया गया साथ ही अन्य सात मामलों में व्यवहार न्यायालय में जाने की सलाह दी गयी। सीओ यशवंत नायक और थाना प्रभारी विष्णु कांत द्वारा रजहारा गांव के राजीव कुमार सिंह और बनुआ गांव के रामदास सिंह के बीच 15 वर्षों से चल रहा भूमि विवाद को आपसी सुलह समझौता कराकर मामले का निपटारा किया गया। सीओ श्री नायक ने बताया कि शिविर में भूमि विवाद से संबंधित कुल 17 मामला आया, जिसमें विभिन्न गांवों के 10 मामलों को आपसी सुलह समझौता करा कर निपटारा किया गया। जबकि सात मामले में व्यवहार न्यायालय गढ़वा जाने की सलाह दिया गया। बता दें कि थाना दिवस के अवसर पर सीओ यशवंत नायक और थाना प्रभारी विष्णु कांत के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव से अधिक से अधिक भूमि विवाद मामले का निपटारा होने पर लोगों में न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। शिविर में सीआई जॉनसन गिद्दी, राजस्व कर्मचारी संजीव कुमार पांडे, संजीव कुमार, मुकेश किसको, मुखिया रामसागर महतो सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

## जमीन से जुड़े विवादों पर हुई सुनवाई

डंडई (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को डंडई थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर प्रभारी अंचलाधिकारी देवलाल करमाली और थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। थाना दिवस के दौरान कुल 16 मामलों को देखा गया, जिनमें से कुछ मामलों में मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई की गई, जबकि कुछ जटिल मामलों को लोक अदालत में भेजने का सुझाव दिया गया। कार्यक्रम में पुलिस पदाधिकारी, अंचल निरीक्षक व अन्य लोग मौजूद थे।

## तीन मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

केतार (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को केतार थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार और थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी मुख्य रूप से उपस्थित थे। अंचलाधिकारी ने कहा कि भूमि विवाद के कारण अक्सर विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है। ऐसे मामलों का समाधान अगर स्थानीय स्तर पर हो जाये, तो न केवल न्याय मिल सकता है। थाना दिवस के दौरान 16 आवेदन आये, जिसमें तीन मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन दोनों पक्षों की आपसी सहमति से किया गया।

झारखण्ड सरकार
भू–अर्जन वाद संख्या–80/2022–23
राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
(जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)

**अधिघोषणा**
(अधिनियम– 30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)
**LINK LINE BETWEEN LODHMA-PISKA BY PASSING HATIA/RANCHI PROJECT**

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा LINK LINE BETWEEN LODHMA-PISKA BY PASSING HATIA/RANCHI PROJECT हेतु ग्राम– टुण्डुल थाना– नगड़ी, थाना संख्या– 231, अंचल– नगड़ी जिला– राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश कुल रकबा– 0.062 एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश कुल रकबाः–0.062 एकड़ है, जो ग्राम–टुण्डुल थाना–नगड़ी, थाना संख्या–231, अंचल–नगड़ी, जिला–राँची में है, जिसकी विवरणी निम्नलिखित हैः–

मौजा–टुण्डुल

| क्र० | खाता सं० | सर्वे प्लॉट सं० | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ० | द० | पू० | प० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 86 | 745 | | 0.062 | अधनु वगैरह पेशरान बलकाहा कुम्हार रघुनाथ कुम्हार पिता–अधुन कुम्हार | 843 | 748 | 843 | 745 |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :–

ग्राम–XXX, थाना संख्या–XXX, अंचल–XXX, जिला–XXX, क्षेत्रफल–XXX एकड़, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

अमीन, जि०भू०अ०का०, राँची। | कानूनगो जि०भू०अ०का०, राँची। | जिला० भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची। | अपर समाहर्त्ता, राँची। | उपायुक्त, राँची।

PR 357700 Land Reforms (25-26)_D

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 19 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


## बरवाडीह से कांवरियों का जत्था हुआ रवाना



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र से कांवरियों का जत्था देवघर के लिए हुआ रवाना। जहां इस दौरान कांवरियों ने इसकी शुरुआत पहाड़ी शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर की। उसके बाद कावरियों ने बस स्टैंड स्थित आदि शक्ति महबीर मंदिर मे पूजा अर्चना करने के बाद अपने वाहन से देवघर के लिए रवाना हो गये। इस दौरान रेलकर्मी उपेन्द्र प्रसाद ने कहा कि यह जत्था बोल बम के नारों के साथ सुल्तानगंज के लिए रवाना हुआ है। जहां से वे जल भरकर देवघर के लिए पैदल यात्रा करेंगे और बाबा बैद्यनाथ को जलार्पण करेंगे। इस जत्थे में श्रद्धालु रविन्द्र प्रसाद, ईश्वरी प्रसाद, रवि गुप्ता, महेंद्र प्रसाद उपेन्द्र उर्फ ओपी मनीष कुमार शामिल हैं। जो हर साल बाबा बैद्यनाथ की यात्रा करते हैं। वे बाबा धाम में दर्शन और जलाभिषेक करके पूरे वर्ष के लिए शांति और सुकून की कामना करते हैं। कांवरियों का कहना है कि वे इस यात्रा को तब तक जारी रखेंगे जब तक उनके शरीर में दम है।

## ट्रैक्टर और पंप सेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में भूमि संरक्षण विभाग के द्वारा कृषि कार्य हेतु 50 प्रतिशत अनुदान पर ट्रैक्टर और पंप सेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वितरण कार्यक्रम में जहां स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के साथ-साथ जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा ने शिरकत की। विधायक के अनुशंसा पर जहां प्रखंड के खुरा पंचायत अंतर्गत बभडी ग्राम की विश्वकर्मा स्वयं सहायता समूह को 50 प्रतिशत अनुदान पर कृषि कार्य हेतु महिंद्रा ट्रैक्टर किसान कृषि यंत्र उपलब्ध कराया गया वहीं इसके साथ-साथ लात पंचायत के विष्णु देव प्रसाद को अनुदान दर पर 8100 में पंपसेट उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम के दौरान मौजूद किसानों और आने लोगों को संबोधित करते हुए विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड के साथ-साथ विशेष तौर पर लातेहार जिले को कृषि के क्षेत्र में आगे ले जाने को लेकर कार्य कर रही है वहीं इसके तहत महिला समूह के साथ-साथ किसान मित्रों को अनुदान पर ट्रैक्टर केसाथ-साथ कृषि यंत्र उपलब्ध कराने का भी काम किया जा रहा है। उधर कृषि पदाधिकारी ने कहा कि क्षेत्र के जरूरतमंद किसानों को सरकार के माध्यम से अनुदान पर सभी तरह के सिंचाई यंत्र और कृषि सामग्री उपलब्ध करायी जा रही है जिसका लाभ क्षेत्र के अंतिम किसान तक मिले इसको लेकर लगातार विभाग कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव, मनरेगा प्रभारी बीपीओ कमलेश कुमार सिंह, बीस सूत्री के अध्यक्ष नसीम अंसारी, अजय चंद्रवंशी, रविंद्र राम, प्रेम सिंह, एटीएम सपना कुमारी, किरण ज्योति, समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## शिक्षा के क्षेत्र में कल एक कदम और आगे बढ़ेगा लातेहार, मिलेगी यह सौगात



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार शिक्षा के क्षेत्र में लातेहार जिला लगातार प्रगति की ओर अग्रसर है। इसी क्रम में कल लातेहार सदर प्रखंड को एक और सौगात मिलने जा रही है। सदर प्रखंड के नेगाई में नवनिर्मित एकलव्य विद्यालय का उद्घाटन चतरा सांसद कालीचरण सिंह, स्थानीय विधायक प्रकाश राम और जिप अध्यक्ष पूनम देवी संयुक्त रूप से इस विद्यालय को लातेहार के लिए समर्पित कर देंगे। इस विद्यालय के खुलने से इस क्षेत्र में रहने वाले बच्चों को उच्च कोटि के शिक्षा मिल पायेगा। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई ने कहा कि इस विद्यालय के चालू हो जाने से क्षेत्र के बच्चों को उच्च कोटि के शिक्षा के साथ साथ अभिभावकों को भी लाभ होगा। उनको आर्थिक बोझ बढ़ने के स्थान पर यह और कम हो जायेगी, जिसकी उनके बच्चों को उच्च कोटि के शिक्षा इस विद्यालय में दिया जायेगा। साथ ही यहां रहने वाले बच्चों को शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रखने के लिए व्यायाम आदि की व्यवस्था इस स्कूल में उपलब्ध है। ज्ञात हो कि इस विद्यालय को चालू कराने के लिए प्रवीण कुमार गागराई के द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा था, जिसके परिणाम स्वरूप कल लातेहार वासियों को यह सौगात मिलने जा रही है।

## खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री वितरित



**कुडु/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडु प्रखंड के उप प्रमुख सह कैरो प्रखंड के कांग्रेस पर्यवेक्षक ऐनुल अंसारी ने खेल के क्षेत्र में खिलाड़ियों को बढ़ावा मिले इसे लेकर कृतसंकल्पित हैं। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के कड़ाक और अन्य गांवों के बच्चों को फुटबॉल और जर्सी देकर हौसला बढ़ाया। कांग्रेसी नेता सह कुडु प्रखंड के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में बेहतर प्लेटफार्म मिले और अपने अंदर की प्रतिभा को निखारने के लिए खेल सामग्री बाधा न बने इसके लिए हमेशा कृतसंकल्पित रहेंगे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी निरंतर प्रयास जारी रखें ताकि आने वाले समय में अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु किसी तरह की कोई व्यवधान न हो सके। उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि खेल के क्षेत्र में राज्य सरकार काफी सराहनीय कार्य कर रही है और खिलाड़ियों को रोजगार से जोड़ने का कार्य कर दिखा रही है, जरूरत है खिलाड़ी अनुशासन और समय को पहचानते हुए नियमित प्रदर्शन करें, निश्चित रूप से एक न एक दिन सफलता मिलेगी। उन्होंने कुडु प्रखंड के अलावा लोहरदगा जिला के सभी खेलों में अपनी तैयारियां करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि राज्य में खेल के क्षेत्र से आज देश विदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके महेंद्र सिंह धोनी, वरूण आरोन, शाहबाज नदीम, ईशान किशन, विश्व की पटल पर अपनी महत्वपूर्ण छाप छोड़ने वाली तीरंदाजी दीपिका कुमारी, हॉकी की सुपरस्टार खिलाड़ी सलीमा टेटे, निक्की प्रधान और रॉबिन मिंज जैसे महान खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर परिश्रम करें, आने वाले दिनों में आपको मंजिल की प्राप्ति अवश्य होगी।

## करियर काउंसिलिंग 19 जुलाई को

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन लोहरदगा अंतर्गत होमी जहांगीर भाभा कोचिंग सेन्टर, लोहरदगा (अभियांत्रिकी/मेडिकल प्रवेश परीक्षा तैयारी हेतु) के तत्वावधान में 19 जुलाई, 2025 दिन शनिवार को 11.00 बजे पूर्वाह्न से वर्ग 11वीं, 12वीं, 12वीं उत्तीर्ण और बीकॉम व अन्य संकाय के विद्यार्थियों के लिए एक कॅरियर काउंसिलिंग सत्र विशेष कर वाणिज्य क्षेत्र में कंपनी सेक्रेटरी (सीएस), चार्टर अकाउंटेंट, कॉस्ट अकाउंटेंट का आयोजन टॉउन हॉल, लोहरदगा में किया गया है। उक्त करियर काउंसिलिंग सत्र में विशिष्ट आमंत्रित अतिथि के रूप में श्री सतीश कुमार/सीएस रांची भाग लेंगे। उक्त करियर काउंसिलिंग में वर्ग 11वीं, 12वीं, 12वीं उत्तीर्ण और बीकॉम व अन्य संकाय के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। उक्त जानकारी धीरज दुबे, निदेशक, होमी जहांगीर भाभा कोचिंग सेंटर, लोहरदगा-सह- उप निर्वाचन पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा दी गयी।

### उपायुक्त ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा, दिये निर्देश

# विकास योजनाओं को जल्द पूरा करायें अधिकारी : डॉ ताराचंद



**आंगनबाड़ी केंद्र नियमित रूप से हों संचालित, योजनाओं को पूर्ण करने के निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने सेन्हा प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, स्वेटर उत्पादन केंद्र सेन्हा और बरही स्थित कोल्ड स्टोरेज का स्थल निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त द्वारा सेन्हा प्रखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा प्रखंड कार्यालय स्थित सभाकक्ष में की गयी। इसमें मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाएं, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बाबा साहब भीम राव अंबेडकर योजना, कृषि विभाग अंतर्गत बीज वितरण की योजनाएं, जनवितरण प्रणाली की दुकानों से खाद्यान्न का वितरण की योजना, सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना समेत अन्य पेंशन की योजनाएं, आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति आदि की समीक्षा की। सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को नियमित खोले जाने और सीडीपीओ और महिला पर्यवेक्षिकाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण का निर्देश दिया। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्रो में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण आहार उपलब्ध कराने, बच्चों का शारीरिक माप लिये जाने का निर्देश दिया गया। आपूर्ति विभाग को ससमय व निर्धारित मात्रानुसार खाद्यान्न वितरण का निर्देश दिया गया। गत वित्तीय वर्ष की आवास योजनाओं को जल्द पूर्ण कराये जाने व किस्त की राशि हस्तांतरित कराये जाने का निर्देश प्रखंड समन्वयक को दिया गया। मौके पर अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला सहकारिता पदाधिकारी विजय तिर्की, प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मु, अंचल अधिकारी मंसुरी मोदस्सर समेत अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आत्मनिर्भर बनें, व्यवसाय को आगे बढ़ायें

उपायुक्त द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर में अधिष्ठापित स्वेटर उत्पादन केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। इसमें उत्पादक समूह की दीदीयों से बातचीत करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, कहा कि उत्पादन समूह का रजिस्ट्रेशन कंपनी एक्ट के तहत करायें जिससे कई अन्य लाभ मिलेंगे और उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### कोल्ड स्टोरेज का किया निरीक्षण

उपायुक्त द्वारा सेन्हा के बरही स्थित कोल्ड स्टोरेज का भी निरीक्षण किया गया जिसमें वहां कोल्ड स्टोरेज में आवश्यक मूलभूत संरचनाओं, आवश्यक मशीन और उपकरण आदि का अवलोकन किया। इसमें तकनीकी कमियों को दूर करने का निर्देश दिया गया।

## छात्रों का आरोप: ना बिजली, ना पानी कैसे देंगे परीक्षा, प्रबंधन ने कहा सब है दुरूस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिले के विशुनपुर गांव में अवस्थित मॉडल डिग्री महिला कॉलेज को यूजी समेस्टर वन परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परंतु पहले दिन कॉलेज में भारी अव्यवस्था का सामना छात्र छात्राओं को करना पड़ा। अव्यवस्था का आलम ऐसा था कि परीक्षा से पूर्व कुछ छात्रों ने अफवाह फैला दी कि परीक्षा रद्द कर दी गयी है। परंतु परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने पर परीक्षार्थियों को पता चला की परीक्षा ली जा रही है। परीक्षा केन्द्र में सभी परीक्षार्थी निर्धारित समय नौ बजे पहुंच गये थे। परंतु परीक्षार्थियों के लिए कॉलेज प्रबंधन के द्वारा कोई व्यवस्था नहीं दी गयी। आलम यह रहा की परीक्षा एक घंटे विलंब से शुरू हो हुआ। परीक्षा केंद्र में मौजूद परीक्षार्थी श्याम कुमार, आरती



कुमार, शहीद अंसारी, डिंपल कुमार, स्वेता कुमारी सोनम कुमार, श्याम कुमार आदि ने बताया कि परीक्षा हॉल में झाड़ू तक नहीं लगाया गया था। ना ही परीक्षा केंद्र में बिजली, पानी आदि की कोई व्यवस्था नहीं थी। जनरेटर होते हुए भी परीक्षार्थियों ने अंधेरे में परीक्षा लिखी। परीक्षर्थियों ने कहा कि कॉलेज में कोई व्यवस्था नहीं है। कॉलेज को कैसे परीक्षा केंद्र बनाया गया यह समक्ष से परे है। छात्र छात्राओं ने कहा कि अव्यवस्था के कारण एक घंटे विलंब से परीक्षा हुई। सिटिंग अरेंजमेंट भी सही तरीके से नहीं किया गया था, जिसके चलते परीक्षार्थियों को अपना स्थान खोजने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। वहीं उत्तर पुस्तिका भी विलंब से मिला और परीक्षा लिखने के लिए पूरा समय भी नहीं मिल पाया।

### क्या कहा कॉलेज के प्राचार्या

कॉलेज के प्राचार्या डॉ मनोरमा सिंह ने कहा कि कॉलेज प्रबंधन के द्वारा परीक्षार्थियों के लिए उचित व्यवस्था की गई थी। पानी बाहर से मंगवाया गया था। दो जनरेटर में से एक खराब है जिसकी सूचना एक माह पूर्व विवि प्रबंधन को दिया गया है। परंतु विवि स्तर से बिजली और पानी की व्यवस्था दुरूस्त नहीं कराया गया। परीक्षा का पहला दिन होने के कारण परीक्षार्थियों को कुछ कठिनाईयों का सामना करना पड़ा।

## 23 जुलाई को पलामू प्रमंडलीय कांग्रेस कमेटी का प्रशिक्षण

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** आगामी 23 जुलाई को बेतला स्थित जनता लॉज में कांग्रेस प्रदेश कमेटी के नेतृव मे पलामू प्रमांडलीय एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजन किया गया है। उक्त प्रशिक्षण मे लातेहार, पलामू और गढ़वा जिले कांग्रेस कार्यकता भाग लेंगे। उक्त जानकारी विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि रांची में संगठन की मजबूती को लेकर राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा पलामू प्रमंडल स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम लातेहार जिले के साथ-साथ पलामू और गढ़वा जिले के कांग्रेस कमेटी अंतर्गत जिला से लेकर प्रखंड के पार्टी पदाधिकारी शामिल होंगे। वही प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी नेता और कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने को लेकर प्रदेश प्रभारी के राजू के साथ-साथ प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, लातेहार जिला प्रभारी पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू समेत पार्टी की कई विधायक और मंत्री होंगे।

## पहाड़ी मंदिर से युवक लापता



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र के हटिया गार्डेन निवासी अजय साहू उर्फ गोलू जिनकी उम्र 37 वर्ष लंबाई 5 फीट रंग गोरा जो दिनांक 14 जुलाई 2025 दिन सोमवार को पहाड़ी मंदिर रांची के पास से लापता हुए हैं जिनकी सूचना अभी तक नहीं मिल पा रही है अजय साहू ने नारंगी रंग का कुर्ता पहना हुआ है। उक्त व्यक्ति की कोई भी जानकारी मिलने पर मोबाइल नंबर 9110168014 पर सूचना दें।

### बीसीसीआइ की टीम ने बीएस कॉलेज क्रिकेट मैदान का किया निरीक्षण

## स्टेडियम को देख कर की सराहना

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** बीसीसीआइ की टीम लोहरदगा के बलदेव साहु महाविद्यालय क्रिकेट मैदान का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ड्रेसिंग रूम दोनों पवेलियन सेंटर विकेट और प्रेक्टिस विकेट का निरीक्षण किया। साइट स्क्रीन जहां पर लगा है उसको भी उन्होंने देखा और लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी को चार सेंटर विकेट बढाने और और चार प्रैक्टिस बनाने के लिए कहा। इसके अलावा उन्होंने कुछ और दिशा निर्देश देकर कहा कि से जल्द से जल्द इन्हें पूरा कर ले और उम्मीद है इस साल आपको बीसीसीआइ का बोर्ड मैच मिल




जायेगा। उन्होंने स्टेडियम के इंफ्रास्ट्रक्चर की काफी सराहना की। इस अवसर पर लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारीयों ने उनको गुलदस्ता और टी शर्ट भेंट किया। मैदान के निरीक्षण के उपरांत उन्होंने शहर के विभिन्न होटलों का मुआयना किया और सारी जानकारियां ली। खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था उनके खाने पीने की व्यवस्था और जिम वगैरह को उन्होंने गौर पूर्वक देखा और उससे संतुष्ट हुए। बीसीसीआइ की टीम की ओर से अमित कुमार, झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसियेशन के पूर्व रणजी खिलाड़ी और पूर्व सचिव राजेश वर्मा उर्फ बॉबी दा और राजीव रंजन साथ में आये हुए थे। इस अवसर पर आलोक राय, भास्कर दास गुप्ता, नेयाज मल्लिक, सतीश वर्मा, प्रवीण प्रसाद, मुकेश दुबे, आशीष कुमार, अमित कुमार, जय जीत चौबे आदि उपस्थित थे।

## बिंदेश्वर उरांव को मिला राष्ट्रपति से मिलने का आमंत्रण

**इस ऐतिहासिक भेंट के दौरान उरांव आदिवासी समाज की समस्याएं, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों को राष्ट्रपति के समक्ष रखेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के लिए यह एक अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है, जब जिले के प्रतिष्ठित समाजसेवी और भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव को



21 जुलाई 2025 को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में औपचारिक मुलाकात के लिए आमंत्रण प्राप्त हुआ है। यह आमंत्रण न केवल श्री उरांव के सामाजिक योगदान का सम्मान है, बल्कि झारखंड की आदिवासी संस्कृति, ग्रामीण विकास और जनसमस्याओं की राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व का अवसर भी है। इस ऐतिहासिक भेंट के दौरान श्री उरांव आदिवासी समाज की समस्यायें, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों को महामहिम राष्ट्रपति के समक्ष रखेंगे। श्री उरांव ने इस अवसर पर कहा, यह मुलाकात मेरे लिए नहीं, बल्कि मेरे क्षेत्र की जनभावनाओं की अभिव्यक्ति है। राष्ट्रपति महोदया स्वयं झारखंड के पड़ोसी राज्य ओड़िशा की पुत्री हैं, ऐसे में उनसे अपनी बात कहना मेरे जीवन का सबसे अमूल्य क्षण होगा। इस ऐतिहासिक आमंत्रण को लेकर लोहरदगा सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। सामाजिक संगठनों, युवाओं, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने इसे झारखंड के आत्मसम्मान और गौरव का प्रतीक बताया है।

## योजनाओं को जल्द पूर्ण करें : बीडीओ

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में पंचायत कर्मियों की बैठक हुई। बैठक में अपूर्ण योजनाओं को गति देते हुए पूरा करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखंड विकास प्राधिकारी प्रतिमा कुमारी ने प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी योजना को एक सप्ताह के अंदर पूरा करते हुए अभिलेख बंद करने का निर्देश संबंधित पंचायत कर्मियों को दिया है। उन्होंने प्रखंड में मैया सम्मान समृद्धि योजना से वंचित लाभार्थियों का सत्यापन करने को लेकर पंचायत सचिव को आवश्यक निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि सभी पंचायत सचिव अपने-अपने क्षेत्र में रोजाना कम से कम 30 लाभार्थियों का सत्यापन करना सुनिश्चित करें ताकि उन्हें मैया सम्मान समिति योजना का लाभ लेने में किसी भी तरह की परेशानियों का सामना करना ना पड़े। मौके पर बीपीओ अभिषेक किशोर मनीष अग्रवाल राजेश उरांव नितलेन्द्र कुमार, जेई रविशंकर भगत, पंचायत सचिव महिपाल भगत, रेखा कुमारी, अजय भगत, रोजगार सेवक हेमंत कुमार, बीरबल महली, राम उरांव, झुनिया उरांव सहित पंचायत के कर्मी मौजूद थे।

## मुखिया को प्रशिक्षित करना उद्देश्य: उपायुक्त



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार पंडित दीन दयाल उपाध्याय, नगर भवन लातेहार में सशक्त पंचायत नेत्री अभियान विषय पर एक दिवसीय उद्घाटन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांस, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, जिला मत्स्य पदाधिकारी स्वर्णलता मधु लकड़ा और सम्मानित मुखियागण के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जब तक महिलाएं नेतृत्व में सक्रिय भागीदारी नहीं निभायेंगी, तब तक वास्तविक सशक्तिकरण संभव नहीं है। न पति न रिश्तेदार, महिला ग्राम प्रधान के कामकाज पर नहीं होगा किसी का दखल ये बात महिलाओं को समझने की जरूरत है। इस अभियान का उद्देश्य पंचायतों में महिला नेतृत्व को सशक्त बनाना है ताकि वे स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, जल और स्वच्छता जैसे विषयों पर प्रभावी निर्णय ले सकें। कार्यशाला में आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगरायी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांस, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता विभाग दीपक कुमार महतो, जिला मत्स्य पदाधिकारी स्वर्णलता मधु लकड़ा, कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद् अजय कच्छप, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू, जिले के विभिन्न पंचायतों की महिला मुखिया और महिला वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## भारी वर्षा से सड़क और पुलिया मरम्मत करने की मांग




**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा झारखंड विकास समिति के बैनर तले सामाजिक कार्यकर्ता रवि कुमार डे ने चंदवा के प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल विकास पदाधिकारी आवेदन देकर कहां है कि के विभिन्न मोहल्ले में सड़क भारी वर्ष से जल जमा हो गया कई पुल पुलिया ध्वस्त हो गये हैं। जिससे बहुत ही कठिनाइयों आम लोगों को तो है ही परंतु स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें सरोज नगर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास पुल टूट जाने के कारण आवागमन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उसी रास्ते में लगभग प्राइवेट और सरकारी स्कूल अधिकतर चंदवा के क्षेत्र में है वहीं दूसरी चंदवा स्थित गायत्री मंदिर सड़क में वर्षा होने के बाद लगभग चार महीने जल जमाव होने से उसे रास्ते से लोग आना-जाना बंद कर देते हैं जिनके घर मुख्य सड़क से नजदीक होने के बावजूद भी वह दूसरी तरफ से जाने के लिए मजबूर हैं। इसके साथ ही चंदवा के देवी मंडप सड़क की भी वही कमो बेस स्थिति है जिससे आम लोगों में सांसद विधायक के प्रति काफी रोज व्याप्त है लातेहार जिला प्रशासन की प्रमुख मोहल्ले की सड़कों को बनाने का कार्य करें अगर प्रशासन सड़क और पुल पुलिया की मरम्मत नहीं करती है तो आने वाले दिनों में जिला प्रशासन और सांसद विधायक के खिलाफ आंदोलन किया जायेगा, जिसकी सारी जवाब दे ही यह सभी लोगों की होगी। इस अवसर पर शंकर कुमार, रामवृक्ष प्रजापति, इंद्रजीत कुमार, पंचायत समिति सदस्य नीलम देवी, विकास कुमार, सत्येंद्र प्रसाद यादव, अंकित कुमार तिवारी समेत कई लोग ने प्रखंड प्रशासन को मुखातिब करते हुए आवेदन सौंपा है।

## मां उग्रतारा मंदिर में चोरी कार्रवाई करने की मांग

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार(आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड के नगर ग्राम में स्थित मां उग्रतारा का मंदिर संपूर्ण राज्य और पूरे देश में लोक आस्था का केंद्र है इसमें जरा भी संदेह नहीं। गत दिनों इस मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पूरे क्षेत्र के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। कल दिनांक 18 जुलाई 2025 को अज्ञात अपराधियों ने मंदिर में रखी दान पेटी का डाला तोड़कर उसमें से धनराशि की चोरी कर ली उसके बाद से पूरे चंदवा शहर में चिंता फैल गयी और तमाम लोगों ने इस घटना पर गहरा दुख प्रकट किया। देवनद दामोदर सेवा समिति चंदवा के अध्यक्ष मनु कुमार गुप्ता ने कहा कि मां उग्रतारा मंदिर परिसर में चोरी पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है और इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्यवाही करने की आवश्यकता है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अंकित तिवारी ने कहा की पहले मंदिर में पुलिस विकेट की व्यवस्था थी जिससे मंदिर सुरक्षित था लेकिन पीकेट के हटने के बाद से ही मंदिर की सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लगाते रहे हैं प्रशासन को त्वरित संज्ञान लेना चाहिए।

चंदवा के समाजसेवी रवि डे ने कहा की नगर मंदिर में हुई चोरी से दिल मर्माहत है और इस पर प्रशासन जल्दी कार्यवाही करें। समाजसेवी रामनाथ गुप्ता ने कहा मां भगवती मंदिर से पूरे क्षेत्र की आस्था जुड़ी हुई है और यहां की सुरक्षा पर प्रश्न



चिन्ह समाज के लिए खतरा है।

देवनद दामोदर सेवा समिति के सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि महानगर भगवती के मंदिर प्रांगण में हुई अप्रिय घटनाएं इशारा करती हैं कि अपराधियों के मन से प्रशासन यहां तक की ईश्वर का भय भी निकल गया है और एक सभ्य समाज को इस पर संज्ञान लेते हुए इस प्रकार की घटनाओं को रोकने का प्रयास करना चाहिए। चंदवा के शौंडीक समाज के अध्यक्ष प्रमोद साहू ने कहा मां भगवती की सुरक्षा पूरे चंदवा शहर की जिम्मेदारी है और लोगों को इसके प्रति सजग होने की आवश्यकता है। मंदिर में कल की हुई चोरी की घटना पर समाज के हर तबके से विरोध के स्वर उठ रहे हैं और लोगों में गहरी चिंता है। यहां यह बताना महत्वपूर्ण है कि कल देवनद दामोदर सेवा समिति चंदवा का एक प्रतिनिधिमंडल लातेहार के पुलिस कप्तान से मिलकर मंदिर में स्थाई सुरक्षा व्यवस्था बहाल करने का ज्ञापन भी सौंपने वाला है।

कुल मिलाकर कल की हुई इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से पूरे चंदवा शहर में चिंता और रोष का माहौल है और आने वाले दिनों में अगर इस व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में प्रशासन ने ठोस कदम नहीं उठाए तो चंदवा क्षेत्र से भारी विरोध का सामना भी करना पड़ सकता है।

## केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना की और देश की खुशहाली की कामना की



देवघर (आजाद सिपाही)। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला में जहां देश के कोने-कोने से श्रद्धालु बाबा धाम पूजा अर्चना करने के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं केंद्रीय राज्य मंत्री मध्य प्रदेश की सावित्री ठाकुर बाबा मंदिर हाजिरी लगाने के लिए पहुंची, जहां पर मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त के द्वारा विधिवत संकल्प कराकर अरघ के माध्यम से बाबा पर जलालपन कराया गया। इसके बाद उन्होंने बाबा मंदिर प्रांगण में बाबा से मंगल कामना की और कहा कि देश की जनता खुशहाल रहे, बच्चे पढ़े और काबिल बने। अभी सावन का महीना चल रहा है इसलिए बाबा के दरबार में मत्था टेकने के लिए आई हूं। बाबा मंदिर में पूजा अर्चना के बाद में देवघर सदर अस्पताल पहुंची, जहां पर अस्पताल में व्यवस्था का जायजा लिया एवं स्वास्थ्य पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।

## हुसैनाबाद से दो दर्जन कांवरियों का जत्था जलार्पण के लिए देवघर हुए रवाना




हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। प्रतिनिधि हुसैनाबाद शहरी क्षेत्रों से दो दर्जन से अधिक कांवरियों ने पवित्र श्रावण मास में शुक्रवार को देवघर के लिए भगवान शिव पर जलाभिषेक करने के लिए रवाना हो गये। इस कांवरियों के जत्था में युवा कांवरिया शामिल है। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने कहा कि यात्रा सुखद हो सभी कांवरिया देवघर में बाबा भोलेनाथ के दर्शन के बाद बासुकीनाथ धाम तथा रजरप्पा और बोधगया जायेंगे। इसमें मुख्य रूप से सभी कांवरियों का नेतृत्व कंचन सोनी के साथ बोलबम देवघर, प्रयागराज, खाटू श्याम, अयोध्या के लिए कांवरियों का ग्रुप निकला। इस मौके पर बबलू गुप्ता, राजीव ठाकुर उर्फ कल्लू, मिक्कू ठाकुर, अखिलेश चौधरी राजा, मोनू, शिवम, रणजीत सिंह, मनोज गुप्ता, रामा, अरबिंद, भानु, दिनेश के अलावा महिलाएं कांवरियों का भी नाम शामिल हैं।

## तेंदुआ पीपरा गांव में शोभा बढ़ा रही जलमीनार, 6 साल बाद भी नहीं हुई चालू

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। पीपरा प्रखंड क्षेत्र के तेंदूई पंचायत अंतर्गत तेंदुआ पीपरा गांव में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा लगायी गयी जलमिनार सिर्फ शोभा की वस्तु बन कर रह गयी है। जलमीनार का निर्माण करीब 6 साल पहले किया गया था, लेकिन आज तक यह जलमीनार चालू नहीं हो पायी है। जलमीनार लगाने का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना था, लेकिन इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। इसके अलावा, जलमीनार के रखरखाव के अभाव में यह शोभा की वस्तु बनकर रह गयी है।

## त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का धरना प्रदर्शन संपन्न



मनातू (पलामू) (आजाद सिपाही)। मनातू प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनातू प्रखंड प्रमुख गीता देवी एंव संचालन विशुदेव यादव ने किया। यह प्रदर्शन विभिन्न मांगों को लेकर किया गया था, जिसमें मुख्य रूप से पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकारों और सुविधाओं में वृद्धि, वित्तीय सशक्तिकरण और विकास कार्यों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना शामिल था। धरना प्रदर्शन में सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य और ग्राम पंचायत सदस्य सहित त्रिस्तरीय पंचायत प्रणाली के सभी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से पंचायत राज अधिनियम में संशोधन कर त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान, प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की और सरकार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ही सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। मौके पर मनातू प्रमुख गीता देवी ने कहा कि जिस आशा और उम्मीद के साथ जनता हमलोगों को जीताकर भेजी है हम जनप्रतिनिधि जनता के प्रति खरा नही उतर पा रहे है क्योंकि राज्य सरकार की ओर से जो पैसा मिलना चाहिए वह नहीं मिल पा रहा है। मौके पर मुखिया किरण देवी, प्रमिला देवी, बंधु भुईयां, अनुज प्रसाद,कुसमी देवी, भीम सिंह, प्रदीप कुमार, प्रमोद सिंह,धनमंती देवी, संजू पासवान, पूनम देवी, कर्णदेव उरांव के अलावा पंचायत जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जलसहियाओं ने जल जनित बीमारी से बचाव को किया जागरूक



हैदरनगर(पलामू) (आजाद सिपाही)। जिले के हैदरनगर में प्रखंड वॉश समन्वयक के निर्देशन में जल जमाव से क्षति और प्रति वर्षा काल से लोगों के बीच पनपती बीमारी से बचाव को लेकर गांवों में स्वच्छता सभा का जागरूकता अभियान चलाया। स्वच्छता के प्रति जागरूकता गति बढाने कै लेकर ग्राम जल स्वच्छता समिति खरगाडा के अध्यक्ष सह मुखिया कुसुम देवी, जलसहिया सह कोषाध्यक्ष आरती देवी एवं सदस्यों ने बैठक कर लोगों को जल जनीत बीमारी मलेरिया, फाइलेरिया, डायरिया से बचाव हेतु जागरूकता फैलाने को घर घर भ्रमण किया। जलसहिया आरती देवी ने लोगों को साफ जमा पानी में मलेरिया मच्छर एवं गंदे पानी में फाइलेरिया के मच्छरों पलते बढते हैं। भ्रमण में समिति सदस्य सुषमा, सुनैना देवी, कालो देवी, धनेश्वर मेहता, सत्येंद्र, संजय भी उपस्थित थे।

# 54 किलो चांदी लगा कांवर बना आकर्षक का केंद्र, सेल्फी लेने के लिए मची होड़

**पटना सीटी के मारूकगंज से करीब 400 की संख्या में शिव भक्तों ने 54 किलो चांदी से तैयार 54 फीट के कांवर को लेकर कांवरिया मार्ग में चल रहे हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



देवघर। देवघर विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले में कांवरिया पथ में एक से बढ़कर एक शिवभक्त विभिन्न वेश धारण कर और कांवर को लेकर यात्रा कर रहे हैं। इसी क्रम में पटना सीटी के मारूकगंज से करीब 400 की संख्या में शिव भक्तों ने 54 किलो चांदी से तैयार 54 फीट के कांवर को लेकर कांवरिया मार्ग में चल रहे हैं। इस संबंध में कांवर लेकर चल रहे विनोद बाबा ने बताया कि 2008 से श्रावण मास में कांवर लेकर चल रहा हूं। सुल्तानगंज से जल लेकर पैदल यात्रा करते हुए कांवर को 54 घंटा में बाबा बैजनाथ लेकर पहुंचते हैं। कांवर में बैधनाथ धाम का मंदिर, बाबा भोलेनाथ का पूरा परिवार का प्रतिमा, मां दुर्गा, काली, राधा-कृष्ण एवं मां लक्ष्मी व गणेश जी प्रतिमा चांदी से बना हुआ है, जो करीब एक करोड़ की लागत से पूरे कांवर को तैयार किया गया है, जबकि बाबा भोलेनाथ के कृपा से प्रत्येक वर्ष कांवर में और चांदी सहित अन्य चीजों को लगाकर सजाया जा रहा है। वहीं आकर्षक कांवर को देखकर लोग कांवर के साथ सेल्फी लेने के लिए जुट जाते है। शुक्रवार को बाबा धाम में पहुंचकर बाबा की पूजा अर्चना कर सभी कांवरियों ने बाबा से मंगल कामना की और बासुकीनाथ के लिए रवाना हो गये।

## एआइ कैमरों की मदद से खोये परिजनों से मिल रहे कांवरिये डिजिटल सुविधा से कांवरियों को मिल रही बड़ी राहत




देवघर (आजाद सिपाही)। देवघर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार संपूर्ण मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के साथ हाईटेक तकनीक पर काफी जोड़ दिया गया दिया है, जो कांवरियों के लिए काफी सुविधाजनक साबित हो रही है और प्रशासन का काम भी इससे आसान हो रहा है। पहली बार मेले में डिजिटल व्यवस्था के जरिये जहां भीड़ को नियंत्रित करने में प्रशासन की बड़ी राहत मिल रही है, वहीं अपने परिजनों से बिछड़े श्रद्धालुओं को मिलाने में एआइ कैमरे भी अहम भूमिका निभा रहा है। रोजाना एआइ तकनीक की मदद से श्रद्धालुओं को सकुशल उनके परिजनों से मिलाया। इसके अलावा आइएमसीआर से इसकी निगरानी की जाती हैं। साथ ही मंदिर परिसर में 30 और कतार रूटलाइन पर दुम्मा समेत आसपास के इलाकों 170 एआई तकनीक से लैस हाई रेजोल्यूशन वाले कैमरे लगाये गए हैं, ये कैमरे हर गुजरने वाले श्रद्धालु की तस्वीर को स्कैन कर सुरक्षित कर रहे है, जब किसी कांवरियों के बिछड़ने की सूचना मिलती है, तो उस स्थान के फुटेज की खंगाला जाता है और संबंधित व्यक्ति की फोटो निकाली जाती है। इसके बाद उस तस्वीर की एआइ स्कैनर में अपलोड किया जाता है, जिससे यह तुरंत पता चल जाता है कि वह व्यक्ति अंतिम समय में कहा दिखायी पड़ा था और उसकी वर्तमान लोकेशन क्या है। एलईडी स्क्रीन से होती है पहचान का ऐलान जब एआय सिस्टम से खोये हुए व्यक्ति की लोकेशन का पता चल जाता है, तो उसकी फोटो की एलइडी स्क्रीन पर फ्लैश किया जाता है, इसके साथ ही उस इलाके के सूचना केंद्र व ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को सतर्क कर दिया जाता है।

## पलामू सांसद ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री को आवास प्लस 2018 में प्रतीक्षारत लाभार्थियों को आवास मुहैया कराने को लेकर लिखा पत्र

**राज्य की आवास प्लस की सूची में दो लाख 22 हजार 69 पात्र लाभार्थी शेष हैं, जिन्हें घर दिया जाना अति आवश्यक है**

आजाद सिपाही संवाददाता



मेदिनीनगर। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को 17 जुलाई 2025 को पत्र लिखकर झारखंड राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 'आवास प्लस 2018' में प्रतीक्षारत लाभार्थियों को आवास मुहैया कराने हेतु अनुरोध किया है। श्री राम ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में केन्द्र सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हो रहा है। इसके लिए मैं उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया है। विदित है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की योजना अंतर्गत 'आवास प्लस 2018' की सूची से झारखंड राज्य को अब तक 8 लाख 15 हजार दो सौ 10 घरों का लक्ष्य आवंटित किया गया, जिसके विरुद्ध 7 लाख 40 हजार 9 सौ 73 लाभार्थियों को आवास स्वीकृत किया गया और 3 लाख 89 हजार 2 सौ 21 आवास पूर्ण हुए हैं। परंतु अभी भी राज्य की आवास प्लस की सूची में दो लाख 22 हजार 69 पात्र लाभार्थी शेष हैं, जिन्हें घर दिया जाना अति आवश्यक है। सांसद ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा बजट 2024-25 के घोषणा पत्र अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ अतिरिक्त आवासों का निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे कि सभी के लिए आवास के संकल्प को साकार किया जा सके। उन्होंने झारखंड राज्य के लिए आवास प्लस की सूची में 2 लाख 22 हजार 69 आवासों का शीघ्र आवंटित करने की मांग किया है।

## देवघर में बाबा दरबार की कतार में लगे कांवरिया की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

देवघर। सावन महीने में देशभर से लाखों श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ धाम में जलार्पण करने के लिए पहुंच रहे हैं। इसी बीच एक दुखद घटना सामने आयी है। उत्तर प्रदेश के महाराजगंज निवासी प्रमोद दुबे नामक कांवरिया की कतार में खड़े होने के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि प्रमोद दुबे सुबह बाबा दरबार में जल चढ़ाने के लिए कतार में खड़े थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गयी और वे बेहोश होकर नीचे गिर पड़े। मौके पर मौजूद अन्य श्रद्धालुओं और परिजनों ने तत्काल उन्हें देवघर सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

प्राथमिक जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट हो पायेगा। अस्पताल प्रशासन ने संबंधित पुलिस थाने को मामले की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रशासन श्रद्धालुओं से अपील कर रहा है कि वे यात्रा के दौरान स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें और किसी भी अस्वस्थता की स्थिति में तत्काल सहायता लें।

## विश्रामपुर पंचायत समिति सदस्यों की बैठक में छाया रहा सिंचाई कूप में भुगतान का मामला

**पौधरोपण के लिए खोदे गये गढ्ढे का जबाब नहीं दे पाये मनरेगा के जेई सदस्यों ने लगाया मनमानी का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता



विश्रामपुर (पलामू)। प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक हुयी। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख रम्भा कुमारी व संचालन बीडीओ राजीव कुमार सिंह ने किया। बैठक में सिचाई कूप में लाभुकों को किये गये भुगतान में बरती गयी अनियमितता का मामला गरमाया रहा। प्रमुख रंभा कुमारी ने सिचाई कूप में किये गये लाभुकों को भुगतान के मामले के साथ सूची भी उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि उसमें बरती गई अनियमितता की जांच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। प्रमुख रंभा कुमारी ने कहा कि आवास योजना में भी वैसे कई लाभुकों को पैरवी, पहुंच व आर्थिक लाभ लेकर अयोग्य लोगों को आवास मुहैया कराया गया है। आवास चयन में जरूरतमंदों को अनदेखी कर संपन्न लोगों को उसका लाभ दिया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से आवास योजना के लाभुकों की सूची उपलब्ध कराने को कहा,ताकि वैसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित कराया जा सके। बीडीओ राजीव कुमार सिंह ने भी सदस्यों से वैसे लोगों की सूची उपलब्ध कराने को कहा है, ताकि उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किया जा सके। इसी तरह शिक्षा विभाग के अधिकारी से बच्चों के बीच बांटे गये किट की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। वहीं मनरेगा के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार से पौधरोपण के लिये गर्मी के दिनों में पंचायतों में गढ्ढा खोदा गया है, इसकी भी विस्तृत जानकारी मांगी गयी। लेकिन कनीय अभियंता प्रदीप कुमार इसका कोई जवाब नहीं दे पाये। जिससे सदस्य काफी नाराज दिखे। प्रमुख ने कहा कि प्रखंड के सभी पंचायतों में सबसे बदतर स्थिति नल जल योजना की है। बैठक में उपप्रमुख सत्येंद्र नारायण सिंह सहित पंचायत समिति के सभी सदस्यों के अलावे कई विभाग के अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद थे।

## सेवा की मिसाल बनीं महामंडलेश्वर राजेश्वरीनद गिरी कांवरियों की सेवा के साथ कर रही भोलेनाथ का रुद्राभिषेक

आजाद सिपाहीद संवाददाता



देवघर। श्रावणी मेले के दौरान एक ओर जहां लाखों श्रद्धालु कांवर लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम की ओर बढ़ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर महामंडलेश्वर राजेश्वरीनद गिरी सेवा और भक्ति दोनों का अनुपम उदाहरण पेश कर रही हैं। देवघर के कांवरिया पथ पर उनके द्वारा लगाये गये शिविर में ना केवल कांवरियों के लिए भंडारा, चाय-पानी और प्राथमिक चिकित्सा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, बल्कि हर दिन भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक, हवन और पूजन भी विधिवत रूप से किया जा रहा है। राजेश्वरीनद गिरी ने बताया कि यह श्रावण मास केवल भक्ति का ही नहीं, सेवा का भी अवसर है। उनका मानना है कि कांवरियों की सेवा स्वयं भोलेनाथ की सेवा के समान है। उनके शिविर में बड़ी संख्या में साधु-संत और श्रद्धालु एकत्र होकर हर दिन सामूहिक रुद्राभिषेक में भाग लेते हैं। इसके साथ-साथ महिला श्रद्धालुओं के लिए अलग से पूजा की व्यवस्था और सत्संग का आयोजन भी किया जाता है। शिविर में स्वच्छता, सुरक्षा और आध्यात्मिक वातावरण का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। महामंडलेश्वर स्वयं सुबह से लेकर शाम तक हर सेवा कार्य की निगरानी करती हैं।भक्तों का कहना है कि राजेश्वरीनद गिरी का शिविर श्रद्धा, सेवा और साधना का अद्भुत संगम है, जो कांवर यात्रा को और भी पुण्यमय बना रहा है। यह शिविर श्रावणी मेले में एक प्रेरणा बनकर उभरा है।

## संत तुलसीदास कॉलेज में शोक सभा का आयोजन

**दिवंगत संस्थापक सदस्य को दी गयी श्रद्धांजलि**



विश्रामपुर (आजाद सिपाही)। रेहला बीमोड़ स्थित संत तुलसीदास इंटर महाविद्यालय में शुक्रवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के संस्थापक सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे के आकस्मिक निधन पर दुख व्यक्त करते हुये उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। उनके आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। प्राचार्य अर्चना कुमारी ने कहा कि इस महाविद्यालय की स्थापन में स्व. टिकैत चौबे की महत्वपूर्ण भूमिका थी।

## मेला क्षेत्र में कचड़ा उठाव के साथ फोगिंग और बिलीचिंग से जुड़े कार्यों की हो रही निगरानी

आजाद सिपाही संवाददाता



देवघर। राजकीय श्रावणी मेला, 2025 के दौरान मेला क्षेत्र में 750 की संख्या में सफाई मित्र 247 साफ-सफाई, कचड़ा उठाव व निष्पादन, और हाइजीन पर विशेष फोकस किया जा रहा है, ताकि देवतुल्य श्रद्धालुओं को एक साफ-सुथरा और स्वच्छ माहौल मुहैया कराया जा सके।

इसके अलावे ने संपूर्ण मेला क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान के तहत चौबीसों घंटे पलिवार तरीके से सफाई कर्मियों की प्रतिनियुक्ति किया गया है, ताकि सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ मेला क्षेत्र में स्वच्छता को बनाए रखने हेतु शौचालय, स्नानागार के साथ-साथ रूट लाईन मेला क्षेत्र में बायोटॉयलेट, चलन्त शौचालय एवं स्थायी शौचालय की सफाई के अलावा फोगिंग, ब्लीचिंग छिड़काव को लेकर चौबिसों घंटे साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की गयी हैं।

## कन्या पूजन से सृष्टि और पौधारोपण से ब्रह्मांड की होगी सुरक्षा : पर्यावरण धर्म गुरु

**ट्री मैन डॉ कौशल ने आड़िशा और सिमडेगा के स्कूलों में वितरित किया दस हजार पौधे**

आजाद सिपाही संवाददाता



पौधा वितरण और रोपण करते वनराखी मूवमेंट के नेता डॉ कौशल।

मेदिनीनगर। ओड़िशा के राउरकेला बांडा मुंडा और सिमडेगा बानों स्थित स्कूलों के प्राचार्य की ओर से आयोजित वन महोत्सव के बतौर मुख्य अतिथि विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने कार्यक्रम का उद्घाटन कन्या पूजन व पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधारोपण कर किया। पर्यावरणविद ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाया। वहीं बच्चों को पर्यावरण के संबंध में उन्होंने 58 वर्षों का अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण, प्रदूषण, जल संकट और जलवायु परिवर्तन दुनिया के लिए बड़ी समस्या है। इसका निदान केवल सरकार के भरोसे रहने से नहीं होगा। इसमें दुनिया के बुढे से बच्चे तक को अपना धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों को अपनाना होगा। डॉ कौशल की ओर से पांच स्कूलों में 10,000 फलदार एवं इमारती पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के समय मुख्य अतिथि को मांदर व नगाड़ा बजाकर पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। ततपश्चात स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरन प्रिंसिपल अलेक्जेंडर कुल्लू ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य ने कहा कि हम लोग तो पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल को अबतक अखबारों में छपी खबरों और गूगल के माध्यम से जानते थे।

## एसपी माइंस चितरा कोलियरी के विस्तारीकरण को लेकर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को दिये महत्वपूर्ण निर्देश

## बकाया रॉयलटी का भुगतान जल्द से जल्द सुनिश्चित करें : उपायुक्त

**देवघर और जामताड़ा की संयुक्त टीम की निगरानी में कोयला परिचालन करें शुरू : उपायुक्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



देवघर। देवघर उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा व पुलिस अधीक्षक अजित पीटर डुंगडुंग की संयुक्त अध्यक्षता में एसपी माईंस चितरा कोलियरी से कोयला परिचालन व विस्तारीकरण हेतु किये जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने चितरा कोलियरी के विस्तारीकरण व राजस्व वृद्धि के अलावा विभिन्न अहम बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ बेहतर कार्य करने का निदेश दिया। साथ हीं जिला स्तर पर चितरा कोलियरी द्वारा बकाये को जल्द से जल्द भुगतान करने का निदेश महाप्रबंधक एसपी माईंस चितरा कोलियरी को दिया गया।

इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने चितरा कोलियरी से कोयला परिचालन को लेकर आ रही समस्या पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों व चितरा माईनस के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही कोयला परिचालन को शुरू करने के अलावा कोयला चोरी को रोकने के उद्देश्य से देवघर एवं जामताड़ा के अधिकारी व पुलिस थाना को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि सुरक्षित तरीके से कोयले का परिचालन चले। इस दौरान उपरोक्त के अलावे अपर समाहर्ता, जीएम चितरा माईनस, अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सारठ, अंचलाधिकारी सारठ व पालोजोरी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, एवं संबंधित विभाग व चितरा कोल माईंस, डीएमएफटी की टीम के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## चापाटोली आवासीय विद्यालय में बाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत अनुसूचित जनजाति बालिका आवासीय विद्यालय, चापाटोली में शुक्रवार को एक बाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विद्यालय की कुल 206 बच्चियों का स्वास्थ्य परीक्षण, नि:शुल्क उपचार तथा स्वास्थ्य कार्ड प्रविष्टि किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के अंतर्गत बच्चियों की बीपी, रक्त जांच, ऊंचाई, वजन आदि की जांच की गयी और उनकी आवश्यकता अनुसार नि:शुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। शिविर में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। डॉ जहीन खान ने बच्चियों को बरसात के मौसम में गीले कपड़े न पहनने, गर्म पानी पीने तथा बारिश के पानी से दूर रहने की सलाह दी। वहीं डॉ पीपी सिन्हा ने त्वचा रोगों एवं मौसमी संक्रमण से बचाव के लिए साफ-सफाई बनाये रखने और किसी भी लक्षण पर तत्काल चिकित्सकीय सलाह लेने का सुझाव दिया। मौके पर सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार मनोज चौधरी सहित कई हिंडालको कर्मी मौजूद थे।

## घाघरा से कांवरियों का जत्था बाबाधाम गये



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा से कांवरियों का जत्था भोलेनाथ के जयकारों के साथ शुक्रवार को देवघर के लिए रवाना हुए। रवाना होने से पहले श्रद्धालुओं में घाघरा मुख्यालय से दो किलोमीटर दूरी पर प्रसिद्ध देवाकी बाबा धाम मंदिर में माथा टेका और यात्रा की सफलता की कामना की कांवरियों का जत्था भगवा वस्त्र धारण किए श्रद्धालु निजी वाहन से सुल्तानगंज पहुंचेंगे जहां से गंगा स्नान के बाद जल लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक करेंगे उसके बाद कांवरिया का जत्था बासुकीनाथ के अलावे कई धार्मिक स्थलों का दर्शन करते हुए सभी लोग अपने निवास स्थान घाघरा पहुंचेंगे। जत्था में शामिल होने वाले में प्रवीण साहू, नीरज साहू, अमित ठाकुर, विक्की साहू, निखिल गुप्ता, संजय साहू, शुभम साहू व पवन टिंकू गुप्ता शामिल है।

## एपी सिंह के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर लायंस क्लब ऑफ गुमला ने मनायी खुशी




**गुमला (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गुमला ने 17 जुलाई को लायंस भवन में एक बैठक आयोजित की। जिसकी अध्यक्षता लायन मुरली मनोहर प्रसाद ने की। इस बैठक में अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष लायन एपी सिंह के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर एक समारोह आयोजित किया गया था।लायन एपी सिंह, जो झारखंड राज्य के डाल्टनगंज से हैं, के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर क्लब ने अपनी खुशी जाहिर की। उनके सम्मान में एक नए सदस्य, रीता लाल जी, को लायंस क्लब ऑफ गुमला की सदस्यता ग्रहण करायी गयी। रीजन चेयरपर्सन लायन अशोक कुमार जायसवाल ने नये सदस्य को शपथ दिलायी। इस अवसर पर अध्यक्ष ला. मुरली मनोहर प्रसाद, सचिव योगेंद्र प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष गुलाबचंद प्रसाद और अन्य सदस्य उपस्थित थे। अध्यक्ष ने मंच का संचालन किया और सभी का स्वागत किया।सचिव ने प्रतिवेदन पढ़ा कोषाध्यक्ष ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर अध्यक्ष ला. मुरली मनोहर प्रसाद, सचिव योगेंद्र प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष गुलाबचंद प्रसाद, रीजन चेयरपर्सन अशोक कुमार जायसवाल, मनमोहन केसरी, महेश प्रसाद गुप्ता, दामोदर कसेरा, अरुण कुमार केसरी, शिव कुमार लाल, अनुराधा प्रसाद, शशि किरण जयसवाल और रीता लाल आदि उपस्थित थे।

## जमशेदपुर कलाकार मंच ने अभिनेता धीरज कुमार को दी श्रद्धांजलि

गुमला (**आजाद सिपाही**)। जमशेदपुर कलाकार मंच की बैठक शिल्पा नमता के आवास पर शुक्रवार को हुई। बैठक में फिल्म अभिनेता धीरज कुमार के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। प्रदेश मंत्री सह प्रवक्ता सपना गुप्ता, व शकुंतला देवी ने भी नमन किया। मौके पर भभई चक्रवर्ती व डिंपल जायसवाल मौजूद थे।

## परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज में फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर में तीन दिवसीय इंटर हाउस फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज के चार हाउस - पटेल हाउस, गांधी हाउस, नेहरू हाउस और शास्त्री हाउस ने भाग लिया। सभी टीमें एक दूसरे से लीग मैच खेलीं और सबसे अधिक अंक पाकर और गोल मारकर फाइनल मुकाबले के लिए क्वालीफाई किया। लड़कों के वर्ग में गांधी हाउस और नेहरू हाउस की टीमें फाइनल मुकाबले में पहुंचीं। फाइनल मैच में गांधी हाउस की टीम ने नेहरू हाउस की टीम को 3-2 के अंतर से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। गांधी हाउस के खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लड़कियों के वर्ग में नेहरू हाउस की टीम ने शास्त्री हाउस की टीम को 4-3 के गोल से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। नेहरू हाउस की लड़कियों ने अपने शानदार खेल से सबको प्रभावित किया। टूनार्मेंट के अंत में सभी टीमों को पुरस्कृत किया गया। अनुज लकड़ा और नीति साक्षी टोप्पो को पूरे टूनार्मेंट में अच्छे प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट का खिताब दिया गया। बेनेदिक्त लकड़ा और आलमिन केरकेट्टा को फाइनल मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। कॉलेज के प्राचार्य फादर अगस्तुस एक्का ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के इस टूर्नामेंट के माध्यम से हमें यह समझने का अवसर मिला है की खेलकूद कितना महत्वपूर्ण है। यह न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि यह हमें टीम वर्क, अनुशासन और खेल भावना की भावना भी सिखाता है। मैं सभी छात्रों को बधाई देता हूं जिन्होंने इस टूनार्मेंट में भाग लिया और अपने शानदार प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया। मैं विशेष रूप से गांधी हाउस और नेहरू हाउस की टीमों को बधाई देता हूं जिन्होंने अपने-अपने वर्ग में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस मौके पर खेल समिति और कॉलेज के प्राध्यापक गण मौजूद थे।

## नियमों को ताक पर रख कर बॉक्साइड की हो रही है धड़ाधड़ ढुलाई

# उपायुक्त ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** बॉक्साइट उत्खनन में बरसों से चली आ रही अनियमितता को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर खनन पदाधिकारी एवं खान निरीक्षक द्वारा गुमला में अब उजागर किया जा रहा है। जिले में संचालित बॉक्साइट खनन पट्टा क्षेत्र के औचक निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं प्रकाश में आयी हैं। खान प्रबंधक, फोरमेन एवं अन्य कर्मियों की उपस्थिति में खनन पट्टा क्षेत्र का भौतिक परीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि खनन कार्य अनुमोदित खनन योजना के अनुरूप नहीं हो रहा है और कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों की स्पष्ट अनदेखी की जा रही है।

**अंबाकोना के कथित स्टॉक यार्ड में जमा कर वहीं से परिवहन के लिए लोड किया जा रहा है बॉक्साइट :** खनन केवल खनिज के उत्खनन तक सीमित है, जबकि श्रमिकों और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय अनुपस्थित मिले उत्खनित खनिज को अंबाकोना मौजा स्थित कथित स्टॉक यार्ड में जमा कर वहीं से परिवहन के लिए ट्रकों पर लोड किया जा रहा था।

**रैयतों ने पूर्व में की थी उपायुक्त से शिकायत :** गौरतलब है कि 16 जुलाई 2025 को उपायुक्त के गुरदरी भ्रमण के दौरान भी स्थानीय नागरिकों एवं रैयतों ने खनन कंपनी के विरुद्ध शिकायत सौंपी थी। पूर्व में भी 6 दिसंबर 2024 एवं 2 जनवरी 2025 को इसी कंपनी को कारण पृच्छा नोटिस जारी किया गया था, जिनका समुचित उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।



### मूलभूत सुविधाएं नहीं, फिर भी जबरन रोका जाता है ड्राइवरों को

ट्रक चालकों ने यह भी शिकायत की कि कंपनी के ठेकेदार द्वारा जानबूझकर रातभर रोका जाता है, जबकि उन्हें किसी प्रकार की मूलभूत सुविधा जैसे पानी, बिजली, शौचालय या विश्राम स्थल उपलब्ध नहीं है, जिससे उन्हें अत्यंत कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है।

### ट्रकों पर तिरपाल और सील लगाने की प्रक्रिया केवल खानापूर्ति

वाहनों की जांच के दौरान यह भी पाया गया कि तिरपाल एवं सील लगाने की प्रक्रिया केवल खानापूर्ति तक सीमित है, जिससे प्रदूषण की स्थिति उत्पन्न हो रही है। स्थानीय रैयतों ने भी खनन के बाद भूमि की पुनर्स्थापना नहीं किए जाने पर आपत्ति जताई और कहा कि ऐसे क्षेत्र खुले पड़े रहने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### पट्टा धारकों के विरुद्ध अंतिम कारण पृच्छा नोटिस जारी

निरीक्षण के आधार पर जिला प्रशासन ने खनिज (अन्य खनिजों का अभिसंपादन) नियमावली 2016 के नियम-2(1)(एन) तथा एमएमडीआर अधिनियम 1957 की धारा 4(1) एवं 4(1)(अ) के उल्लंघन को दृष्टिगत रखते हुए अंतिम कारण पृच्छा नोटिस जारी किया है। साथ ही यह स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित अवधि में संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होता है, तो खनन पट्टे के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

## संप्रति पारा शिक्षक के प्रखंड प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार की बैठक



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख ममता सोरेंग की अध्यक्षता में सहायक अध्यापक संप्रति पारा शिक्षक के प्रखंड प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय रूकरूम के सहायक अध्यापक पर शिक्षक लगन महतो जो कि न्यायालय केस में जेल में बंद थे अब वह दोष मुक्त हो चुके हैं, उन्हें विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा योगदान स्वीकृत कर लिया गया है उनके इस योगदान को प्रखंड प्राधिकार ने स्वीकृत करते हुए उनकी अनुपस्थिति विवरणी के आधार पर उनके लंबित मानदेय भुगतान हेतु जिला को पत्र प्रेषित करने का निर्देश दिया। राज्य परियोजना निदेशक झारखंड शिक्षा परियोजना रांची के पत्रांक 864 के आलोक में फर्जी गैर मान्यता प्राप्त संस्थान से शैक्षणिक प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले सहायक अध्यापकों को कार्य मुक्त करने का निर्देश प्राप्त है इस संबंध में प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय तेतरटोली केमटे में कार्यरत निरंजन सिंह के बीएड का सर्टिफिकेट फर्जी पाया गया एवं उन्हें तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त किया गया। बैठक में में प्रखंड प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी, उप प्रमुख, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी,क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी चैनपुर एवं अंचल निरीक्षक एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हड्डी और मस्तिष्क विशेषज्ञ आज गुमला में

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड के सुप्रसिद्ध नस हड्डी और मस्तिष्क विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार शनिवार को गुमला में रहेंगे। पालकोट रोड स्थित निलेश मेडिकल हॉल में प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक वे रोगियों की जांच करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए निलेश मेडिकल हॉल के संचालक दिलीप निलेश ने बताया कि ससमय पहुंच कर रोगी डॉ अनिल से मिल कर रोग संबंधी परामर्श ले सकते हैं।

## चेंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश बैठक में भाग लेने के लिए साहिबगंज रवाना हुए

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चेंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी साहिबगंज में 20 जुलाई को आयोजित बैठक में भाग लेंगे। इस बैठक में भाग लेने के लिए वे रेल मार्ग से रवाना हो चुके हैं। इस बैठक में भाग लेने के लिए चेंबर फेडरेशन के अध्यक्ष की पूरी टीम साहबगंज के लिए रवाना हो चुकी है। रमेश कुमार ने बताया कि वे इस महत्वपूर्ण बैठक में अपने क्षेत्र के व्यापारियों की समस्याओं को रखेंगे।

## लायंस क्लब ने 'फूड फॉर हंगर' का किया आयोजन

नर सेवा में ही सच्चा सुख है: शिशिर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** लायंस क्लब गुमला फैमिली ने गुरुवार को ह्लफूड फॉर हंगरह्व कार्यक्रम का आयोजन किया। बताया जा रहा है कि यह कार्यक्रम अपने आप में एक अनूठा कार्यक्रम था। जिस रेस्टोरेंट के दरवाजे तक असहाय, गरीब और वंचित बच्चे जाने की सोच नहीं सकते शहर के उस प्रसिद्ध रेस्टोरेंट में इन बच्चों के साथ शहर के प्रतिष्ठित लोगों का भोजनपान एक अनूठी पहल के रूप में देखी जा रही है।

**उत्सव के वातावरण में आयोजित किया गया कार्यक्रम :** इस बार कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसे सामान्य औपचारिकता से अलग हटकर अनसूचित जाति बहुल बस्ती अंबेडकर नगर के वंचित बच्चों के साथ संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने खाना खाया। संस्था ने इन वंचित बच्चों को गुमला के प्रसिद्ध रेस्टोरेंट चूल्हानी में आमंत्रित किया। जहां उन्हें गरमागरम स्वादिष्ट भोजन परोसा गया। खास बात यह रही कि क्लब के सभी सदस्यों ने बच्चों को केवल भोजन नहीं परोसा, बल्कि उनके साथ बैठकर, मुस्कुराकर, बातें कर, और खाना खाकर एक आत्मीय वातावरण रच दिया। **भूख केवल पेट की नहीं, आत्मसम्मान की भी होती है :** यह आयोजन उस सोच का प्रतीक था, जो कहती है कि भूख केवल पेट की नहीं होती, कभी-कभी आत्मा भी सम्मान की भूखी होती है। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पेट नहीं, आत्मा को भी तृप्त करना भी था।




**पदाधिकारियों ने क्या कहा :** लायंस क्लब गुमला फैमिली के चार्टर प्रेसिडेंट लायन शिशिर गुप्ता ने इस मौके पर कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ भूख मिटाना नहीं है, बल्कि इन नन्हें बच्चों को यह एहसास कराना है कि वे अकेले नहीं हैं। वे भी समाज के उतने ही जरूरी अंग हैं जितने हम। उन्हें स्नेह, अपनापन और सम्मान देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। क्लब की ब्रांडिंग चेयरपर्सन लायन नेहा नारसरिया एवं लायन निखिल नारसरिया ने भावुक स्वर में कहा कि बच्चों की खिलखिलाहट और उनके साथ बिताया गया हर पल हमारे जीवन की अमूल्य पूंजी बन गया। मौके पर चार्टर प्रेसिडेंट लायन शिशिर गुप्ता, सचिव लायन सुमित जाजोदिया, कोषाध्यक्ष लायन अभिनंदन जायसवाल, लायन निखिल नारसरिया, लायन नेहा नारसरिया, लायन विनीत लाल, लायन लता लाल, लायन श्वेता गुप्ता, लायन उज्ज्वल केसरी, लायन तृप्ति केसरी, लायन अरुण गोयल, लायन अंकिता गोयल, लायन रंजीत गुप्ता, लायन अर्चना गुप्ता, लायन नितेश गुप्ता, लायन शिवानी गुप्ता, लायन शिखा जाजोदिया, लायन मोनी जयसवाल ने सक्रिय उपस्थिति दर्ज करायी।

## मार्गदर्शन सत्र में विद्यार्थियों को करियर विकल्पों के बारे में दी गयी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा में एक दिवसीय कैरियर एवं परामर्श मार्गदर्शन सत्र का सफल आयोजन किया गया। इस सत्र में विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार सिंहा, आचार्य जी और भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह मार्गदर्शन सत्र भैया बहनों को उनके भविष्य के कैरियर विकल्पों के बारे में जानकारी देने और सही दिशा चुनने में मदद करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। विशेषज्ञों ने विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों, आवश्यक कौशल और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। सत्र के दौरान, विद्यार्थियों को उनके रुचि के अनुसार विभिन्न पाठ्यक्रमों और व्यावसायिक प्रशिक्षण विकल्पों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।



प्रधानाचार्य ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह हमारे विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। ऐसे सत्र उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने और सही निर्णय लेने में सहायक होते हैं। भैया बहनों ने भी इस सत्र को बेहद उपयोगी बताया। श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मार्गदर्शक डॉक्टर सूरज प्रसाद ने बताया कि उनका उद्देश्य युवाओं को रोजगारपरक कौशल से लैस करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। ऐसे मार्गदर्शन सत्रों का आयोजन भविष्य में भी जारी रहेगा ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।

## खबर का असर : भरनो प्लस टू स्कूल रोड से हटायी गयी मिट्टी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भरनो।** गुमला जिले के भरनो प्लस टू स्कूल रोड के जर्जर स्थिति की खबर आजाद सिपाही अखबार मे प्रमुखता से छापने के बाद प्रखंड प्रशासन ने अपनी जागरूकता दिखाते हुए शुक्रवार को सक्रियता दिखायी। इस खबर को सोशल मीडिया व्हाट्सएप ग्रुप पर भी लगातार प्रसारित किया। इस समस्या के समाधान को लेकर बीडीओ अरुण कुमार सिंह, पत्रकार अभिषेक कुमार, भगवती केशरी और एनएच आई कर्मी नेगी के सहयोग से अभियान चलाया गया। इस प्लस हाई स्कूल रोड की सड़क पर जमीं मिटी को हटाया गया और सड़क को दुरुस्त किया गया। इसमें स्कूल चौक के ग्रामीनो ने भी पूरा सहयोग किया।



**अभिषेक कुमार को दिया धन्यवाद :** भरनो प्लस टू स्कूल के एचएम वरदानी टोप्पो और स्कूल के शिक्षक शिक्षिका के द्वारा आजाद सिपाही और न्यूज दस्तक भरनो सिसई ग्रुप के एडमिन पत्रकार अभिषेक कुमार को सड़क को दुरुस्त करवाने पर धन्यवाद दिया।

Government of Jharkhand
DEPARTMENT OF AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE
(ANIMAL HUSBANDRY DIVISION)
Jharkhand, Ranchi

"Corrigendum"

This is with the reference to e-Tender notice-01/2025-26 published by Advertisement PR. No.-357505 Date 17-07-2025 for Selection of Livestock & Poultry Insurance Intermediaries to provide Technical & Operational Support through Nationalized Insurance Company under Mukhyamantri Pashudhan Vikash Yojna (MMPVY). The particulars Sl. no. 5 of the part-A of said tender has been mentioned as below:-

"Download of Tender document will start from 26-07-2025" In this context, Corrigendum is being issued for rectification regarding download of tender document as under:-

**"Download of Tender document will start from 19-07-2025"**

Other context will remain same.

**Director,**
Directorate of Animal Husbandry,
Jharkhand, Ranchi-834003

PR 357628 Animal Husbandry (25-26)_D

कार्यालयः- जिला सहकारिता पदाधिकारी, हजारीबाग

कृषक बंधुओं के लिए आवश्यक सूचना

बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2025-26 (खरीफ)

विभागीय अधिसूचना सं0-916, दिनांक-14.08.2024 के आलोक में ऋणी किसानों एवं गैर ऋणी किसानों के लिए बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2025-26 (खरीफ) की नामांकन की अंतिम तारीख 31.07.2025 निर्धारित है।

| क्र0 | बीमा की ईकाई | बीमित राशि (रू0/हेक्टेयर) | | कृषक द्वारा टोकन देय राशि | बीमा कराने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | हजारीबाग | अगहनी धान | भदई मकई | | |
| 02 | | 68,827.50 | 53,287.50 | 1.00 रू0 | 31 जुलाई 2025 |

गैर ऋणी किसानो के लिए बीमा कराने हेतु निम्न आवश्यक दस्तावेज निर्धारित है-
1. आधार कार्ड 2. बैंक पासबुक 3. राजस्व पदा0 द्वारा निर्गत भूमि प्रमाण पत्र (नवीनतम) तत्काल उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में मुखिया/प्रधान से सत्यापित वंशावली एवं भूमि विवरणी 4. बटाई प्रमाण पत्र (नोटराईज्ड शपथ पत्र) 5. स्वसत्यापित फसल बुआई प्रमाण पत्र 6. मोबाईल नम्बर।

कृषक बंधु अपने नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र (CSC) एवं योजना के पोर्टल www.pmfby.gov.in पर स्वत: ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

संबंधित किसी भी जानकारी के लिए निम्नलिखित पर सम्पर्क कर सकते है।
:-कार्यालय जिला सहकारिता पदाधिकारी, हजारीबाग (9431108778)
:- Bajaj Allianz General Insurance Ltd.- Helpline No. 14447

जिला सहकारिता पदाधिकारी
हजारीबाग

PR 357639 Co-opretive(25-26)#D

कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग

-:आम सूचना:-

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अत: उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस-विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

स्व0 बिनायक नेमीचन्द

सुशील जैन, संगीता जैन (पत्नी) | सुनील कुमार जैन (पुत्र) | संजय जैन (पुत्र) | भौलेश जैन विनायक (पुत्र) | (पुत्री)

PR 357621 (District)25-26*D

अनुमण्डल पदाधिकारी,सदर, हजारीबाग

## बीपीएल कोटे में नामांकन को लेकर विभाग सुस्त, कार्रवाई की मांग

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बीपीएल कोटे में नामांकन को लेकर विभाग सुस्ती में है। 2025 बीपीएल कोटे की नामांकन प्रक्रिया जुलाई बीतने के है और अभी भी अधर पर लटकी हुई है। अगले वर्ष भी बीपीएल नामांकन प्रक्रिया सितंबर -अक्टूबर तक चली गयी थी, जबकि बच्चों की पढ़ाई अप्रैल से ही प्रारंभ हो जाती है। भाजपा भागा मंडल के महामंत्री तारकेश्वर तिवारी ने सांसद को एक लिखित आवेदन देकर गरीब और असहाय बच्चों को बीपीएल कोटे के तहत सही से नामांकन नहीं होने एवं अभी तक लिस्ट जारी नहीं करने एवं बीपीएल से आने वाले परिवार को इस लाभ से वंचित रखने, सूची को सार्वजनिक नहीं करने तथा बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने जैसे गंभीर आरोप शिक्षा विभाग पर लगाया है। धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने उपायुक्त को आवेदन प्रेषित करते हुए उचित कार्रवाई करने की मांग की है। अगले साल भी नामांकन प्रक्रिया में गड़बड़ी एवं भ्रष्टाचार को लेकर कई शिकायतें एवं धरना तथा उपायुक्त को लिखित शिकायत दी गयी थी, लेकिन अभी तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब इस वर्ष भी इस मामले को लेकर शिक्षा विभाग कोई तेजी नहीं दिख रहा है, जबकि बीपीएल कोटे से आने वाले अभिभावक हर दिन लिस्ट जारी होने का इंतजार कर रहे है. आयुष कुमार जिला शिक्षा अधीक्षक बीपीएल कोटे का लिस्ट कब तक जारी होगा अभी बता नहीं सकते हैं जांच चल रही है पूरी प्रक्रिया होने के बाद ही लिस्ट निकाला जायेगा।

## जेपी हॉस्पिटल में सर्पदंश और गले पर वार से जख्मी मरीजों का इलाज



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बलियापुर रोड कोला कुसमा स्थित जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में दो गंभीर मरीजों का इलाज अस्पताल के डॉक्टर्स ने सफलता पूर्वक किया। इस संदर्भ में अस्पताल के मैनेजर अजय मंडल ने कहा गिरिडीह के बरवाडीह के रहने वाले मोहम्मद असबाब गर्दन में वार से गंभीर अवस्था में अस्पताल में अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उनकी इलाज प्रक्रिया शुरू की। वही बोकारो के जरवा क्षेत्र के रहने वाले गोल महतो सर्वप्रथम से अचेता अवस्था में अस्पताल पहुंचे जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों ने उन्हें टॉयलेट दवा इलाज और दवा देकर खतरे से बाहर किया। दोनों मरीज इलाज के पश्चात अब पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं।

## पेशम प्लस टू विद्यालय में मुखिया ने किया पुस्तक वितरण



**बिरनी/ गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को बिरनी प्रखण्ड के पेशम पंचायत में उत्क्रमित प्लस +2 उच्च विद्यालय पेशम में कक्षा 11वीं एवं 12वीं में नव नामांकित बच्चों के बीच सरकार द्वारा मिलने वाली नि:शुल्क पुस्तक का वितरण पेशम पंचायत के मुखिया रागिनी सिन्हा के द्वारा किया गया। साथ ही साथ इनके द्वारा विद्यालय के छात्राओं को अपने मद से सेनेटरी पैड खरीद कर भी दिया गया। इस बाबत मुखिया रागिनी सिन्हा ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क किताब उपलब्ध कराना समाज को शिक्षित करने की सकारात्मक दिशा है। विद्यार्थियों से मेरा अपील होगा कि सही वातावरण में उच्च शिक्षा प्राप्त अपने भविष्य के साथ-साथ अपने देश को विश्व पटल पर बनाये रखने का भी प्रयास करें। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे।

## वेदांता इएसएल में मल्टी स्किल ट्रेनिंग के पहले बैच को किया सम्मानित



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** हुनर सिखाना ही असली सेवा है। वेदांता इएसएल हमेशा यह कोशिश करता है कि गांव के युवा कुछ नया सीखें और अपने पैरों पर खड़े हों। हमें अपने छात्रों पर गर्व है और हम आगे भी ऐसे प्रयास करते रहेंगे। यह कहना है लिमिटेड के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा का। वे विश्व युवा कौशल दिवस के मौके पर वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड की ओर से आयोजित सम्मान समारोह उपस्थित छात्रों को संबोधित कर रहे थे। समारोह में होम अप्लायंसेस रिपेयर की ट्रेनिंग पूरी करने वाले पहले बैच के 30 छात्रों को सम्मानित किया गया। इन छात्रों ने एक तय कोर्स के तहत तकनीकी ट्रेनिंग ली थी और 10 जुलाई 2025 को उनकी आखिरी परीक्षा (असेसमेंट) हुई थी।। सभी छात्रों ने यह कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण किया। कार्यक्रम में डॉ प्रवीण पिट्टा (मुख्य चिकित्सा अधिकारी) और कुणाल दरिपा (सीएसआर प्रमुख) मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थें। इनके साथ सीड्स संस्था और सीएसआर विभाग की टीम भी उपस्थित थी। सभी ने छात्रों को बधाई दी और कहा कि ऐसे स्किल्स युवाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद करते हैं। छात्रों ने भी मंच से अपने अनुभव साझा किये और वेदांता ईएसएल और सीएसआर टीम का धन्यवाद किया कि उन्हें यह सीखने का मौका मिला। यहां मौजूद वक्ताओं ने कहा कि यह आयोजन सिर्फ एक ट्रेनिंग के अंत का नहीं, बल्कि छात्रों के नए सफर की शुरूआत का संकेत था। इससे वेदांता इएसएल की यह सोच भी सामने आई कि वह अपने आस-पास के गांवों और इलाकों में कुशल और आत्मनिर्भर समाज बनाना चाहता है।

## बीसीसीएल के वित्त निदेशक को इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन ने किया सम्मानित



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के निदेशक (वित्त) राकेश कुमार सहाय को उनके उत्कृष्ट वित्तीय नेतृत्व और पारदर्शी कार्यशैली के लिए इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान कोयलानगर स्थित बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन में एक सादे लेकिन गरिमामय समारोह में प्रदान किया गया। संस्था के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एम अली और राष्ट्रीय महासचिव मो जहांगीर ने श्री सहाय को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न (ट्रॉफी) भेंट कर सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह का उद्देश्य ऐसे प्रशासनिक अधिकारियों को प्रोत्साहित करना था, जो सार्वजनिक क्षेत्र में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और नैतिक प्रशासन को बढ़ावा देते हैं। राकेश कुमार सहाय को यह सम्मान कोयला क्षेत्र में लंबे समय से वित्तीय अनुशासन और सुशासन की दिशा में किये गये उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान किया गया। राकेश कुमार सहाय ने बीसीसीएल में वित्तीय मामलों को सुव्यवस्थित करते हुए कंपनी को आर्थिक रूप से मजबूत करने में अग्रणी भूमिका निभायी है।

# धनबाद में राष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 'काला हीरा' शुरू

**22 जुलाई तक 13 राज्यों समेत स्थानीय कलाकार पेश करेंगे नृत्य, गायन, संगीत और नाट्य अभिनय की दर्शनीय प्रस्तुतियां**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** 9वां ऑल इंडिया मल्टीलिंगुअल ड्रामा, डांस, ड्राइंग एंड म्यूजिक कंपटीशन फेस्टिवल 'काला हीरा' का उद्घाटन मुख्य अतिथि धनबाद विधायक राज सिन्हा, विशिष्ट अतिथि 99 ग्रुप के महेश मोदी, काला हीरा के संस्थापक राजेंद्र प्रसाद समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। राजेंद्र प्रसाद ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित कर स्वागत किया। तत्पश्चात आयोजित कवि सम्मेलन में हिंदी के प्रख्यात कवियों में डॉ संगीता नाथ, अगम अनु, प्रीति कर्ण, रीना यादव, सुनील वर्मा, बरनवाल मनोज अंजन अपनी दमदार प्रस्तुति देकर दर्शकों की वाहवाही लूटी। सभी कवियों को स्मृति चिन्ह देकर एवं अंग वस्त्र ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। कवि सम्मेलन का संचालन अनंत महेंद्र ने बखूबी किया। इसके पश्चात नृत्य गायन की प्रस्तुतियां स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गयी। ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल के संरक्षक राजेंद्र बगेड़िया और अवधेश कुमार सिंह, एआइटीसी के महासचिव सतीश कुंदन, नाट्य संस्था कला निकेतन के वशिष्ठ प्रसाद सिन्हा, आरोही नाट्य मंच के संजय भारद्वाज, अनुभूति एक एहसास की महासचिव सरसी चंद्रा, त्रिपुरा के एआइटीसी के सलाहकार प्रदीप बाजपेई, राजस्थान के ड्रामा आर्टिस्ट अशोक शर्मा, उड़ीसा के एआइटीसी वाइस प्रेसिडेंट राजगोपाल पाढ़ी, एआइटीसी के अशोक मानव, क्लब इंडिया के संतोष रजक, हैदराबाद की सुरभि जयवर्धने, सिवान के विजय कुमार श्रीवास्तव, आगरा की आर्टिस्ट अलका शर्मा और आगरा के बॉलीवुड फिल्म से जुड़े गौरव शर्मा और आइटीसी के प्रवीर कुमार जैना की टीम की महत्वपूर्ण भागीदारी एवं योगदान है। 5 दिनों के कार्यक्रम में तीन दिन सांस्कृतिक कंपटीशन में नृत्य, गीत संगीत ड्राइंग पेंटिंग स्थानीय कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत किये जायेंगे, चौथे और पांचवें दिन 13 राज्य से आये नाट्य मंचों द्वारा नाट्य की प्रस्तुति की जायेगी। नाट्य मंचों में एमपी के आइटीएम नाट्य मंच, यूपी के युथ टीचर ग्रुप, वेस्ट बंगाल के बांकुड़ा से जॉय की टीम, उड़ीसा से नटराज थियेटर गिरिडीह से तीन टीम कलासंगम, वरंग और महेश अमर की टीमें नाटक की प्रस्तुति करेंगे, डाल्टनगंज के मसम आर्ट की प्रस्तुति होगी। गुजरात से दो डांस की टीमें में अपनी शानदार और मनमोहक प्रस्तुतियां पेश करेंगे। शाहजहांपुर की टीम हर साल की भांति अपनी प्रस्तुति देंगे। अंतिम दिन 22 जुलाई को सभी प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं एवं नाट्य विजेता टीमों में विजेता टीम एवं सर्वश्रेष्ठ कलाकारों घोषणा निर्णायक मंडली द्वारा की जायेगी और सभी को मुख्य अतिथि बीसीसीएल के सीएमडी समीरण दत्ता उनकी धर्मपत्नी, दीक्षा मंडल की अध्यक्ष मिली दत्ता, बीसीसीएल डायरेक्टर एमके रमैया उनकी पत्नी, दीक्षा मंडल की उपाध्यक्ष पुरविता रमैया एवं अन्य अतिथियों के द्वारा मेडल प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। साथ ही स्थानीय कलाकारों को संदेश दिया कि काला हीरा में भाग लेने के लिए स्टील गेट स्थित सीसीडब्लूओ कार्यालय में संपर्क करें। काला हीरा कार्यक्रम की व्यवस्था में सचिव हेमंत कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष नरेश राय वाइस प्रेसिडेंट मिताली मुखर्जी, देवनारायण, उत्तम विश्वकर्मा, सतीश कुमार, रविकांतआर कुमार शिवानी, दीक्षा, वशिष्ठ प्रसाद सिन्हा, सरसी चंद्रा,संजय चंद्रा, यूसी मिश्रा की सक्रिय योगदान है।

## जिला प्रशासन ने मुख्य सचिव अलका तिवारी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी शुक्रवार को सर्किट हाउस पहुंची। इस अवसर पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य सचिव का स्वागत किया। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग पवन कुमार तथा खान निदेशक राहुल कुमार सिन्हा ने भी मुख्य सचिव को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद जिला प्रशासन की ओर से मुख्य सचिव को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने पूर्व मुख्य सचिव, झारखंड, डीके तिवारी, आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग, पवन कुमार तथा खान निदेशक राहुल कुमार सिन्हा का भी पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मौके पर ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा सहित अन्य प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## सेल फुटबॉल एकेडेमी के ग्राउंड में पौधरोपण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** 18 जुलाई को मुख्य महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) कुंदन कुमार की अगुवाई में बोकारो शहर के अंदर हरियाली और जैव-विविधता बढ़ाने तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से बीएसएल के ट्रेनीज हॉस्टल में सेल फुटबॉल एकेडेमी के ग्राउंड में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) सीआरके सुधांशु, सहायक महाप्रबंधक (स्पोर्ट्स) सुभाष रजक एवं कर्मचारीगण के साथ सेल फुटबॉल एकेडेमी के बच्चे उपस्थित थे।

# जनता दरबार में 51 मामलों पर डीडीसी ने की सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 51 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/ शिकायतों पर सुनवाई हुई। डीडीसी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, भूमि पर कब्जा, सिविल सर्जन कार्यालय, अपर नगर आयुक्त चास, बीएसएल, श्रम अधीक्षक कार्यालय, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, जिला कृषि कार्यालय, डीवीसी चंद्रपुरा, पीएम आवास, जिला कल्याण पदाधिकारी, डीसीएलआर चास/ बेरमो, अबुआ आवास, अनुमंडल पदाधिकारी चास, अंचल कार्यालय चंद्रपुरा, प्रखंड विकास पदाधिकारी नावाडीह, अंचल कार्यालय चंदनकियारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे।

# विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखयी प्रतिभा, 58 मॉडल किये प्रस्तुत

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** दि पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल के विज्ञान संकाय की ओर से शुक्रवार को विद्यालय परिसर में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना था। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रशासनिक अधिकारी डैनियल माइकल प्रसाद और विद्यालय की प्राचार्या डॉ करुणा प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। प्रदर्शनी में कक्षा नौवीं और दसवीं से 36 तथा ग्यारहवीं और बारहवीं से 22 मॉडल प्रस्तुत किये गये। जिन्हें भौतिक शास्त्र, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और कंप्यूटर विज्ञान के विद्यार्थियों ने तैयार किया था। ऑर्गेनिक साबुन निर्माण के माध्यम से वैज्ञानिक अवधारणाओं के वास्तविक जीवन में उपयोग और उनके अनुप्रयोग को दर्शाया गया। मॉडलों का मूल्यांकन विज्ञान संकाय के शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा बाहरी निर्णायक मंडली के सदस्य मुस्कान कुमारी, सुजल कुमार, कीर्ति तथा प्रिया कुमारी द्वारा किया गया। सर्वश्रेष्ठ नवाचार, सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति एवं सर्वश्रेष्ठ कार्यशील मॉडल के लिए प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये गये। प्राचार्य डॉ करुणा प्रसाद ने कहा कि इस विज्ञान प्रदर्शनी में स्कूली छात्रों ने को कल्पनाशीलता, कड़ी मेहनत और नवाचार का परिचय दिया है, वह अत्यंत सराहनीय है। प्रशासनिक अधिकारी डैनियल माइकल प्रसाद ने कहा कि बनाये गये मॉडल न केवल ज्ञान का परिचय हैं, बल्कि यह भी दर्शा रहें हैं कि बच्चे भविष्य के वैज्ञानिक, शोधकर्ता और नवप्रवर्तक बनने की दिशा में अग्रसर हैं। मुख्य शैक्षिणिक अधिकारी रीता प्रसाद ने विज्ञान के प्रति छात्र -छात्राओं की रुचि और उनके प्रयास की प्रशंसा की।

# पहला कदम ने रक्षाबंधन और उपहार स्टॉल शुरू किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित पहला कदम विद्यालय में रक्षाबंधन एवं उपहार सामग्री के स्टॉल का भव्य उद्घाटन मैथन एम्प्लॉय के सीएमडी एससी अग्रवाल के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने न केवल स्टॉल का उद्घाटन किया, बल्कि बच्चों द्वारा बनायी गयी सुंदर राखियाँ एवं उपहार सामग्री को क्रय कर सभी को यह संदेश दिया कि दिव्यांग बच्चों का प्रोत्साहन करना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने समाज को प्रेरणा देते हुए कहा कि ये बच्चे किसी भी रूप में कम नहीं हैं, ये वास्तव में भगवान के विशेष बच्चे हैं और इनका हमारे समाज की मुख्यधारा से जुड़ना अत्यंत आवश्यक है। हमें चाहिए कि हम इनकी प्रतिभा को पहचानें और अपने हर छोटे-बड़े उत्सव में इनके द्वारा निर्मित वस्तुओं को प्राथमिकता दें। अनिता अग्रवाल का दिव्यांग बच्चों के प्रति समर्पण और उनका सतत प्रयास अत्यंत सराहनीय है। उनकी पूरी टीम की मेहनत और समर्पण ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। परंतु यह भी आवश्यक है कि हम सभी समाज के लोग मिलकर इन बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए साथ आये।

**कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार।**
**(अ०ज०जा०, अ०जा०, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

**"निविदा"**

लातेहार जिलान्तर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एवं अन्य आवासीय विद्यालयों के लिए ड्यूल डेस्क, एल0ई0डी0 टी0भी0, कम्प्युटर डेस्कटॉप सेट, प्रिंटर, फोटोकॉपी मशीन, वेट मशीन, पेयजल हेतु RO with Chiller (150 Ltr.), डिजी सेट एवं सी0सी0टी0वी0 कैमरा इत्यादि का क्रय हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक– 01.08.2025 को 12:30 बजे अपराह्न तक परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, लातेहार के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है।

निविदा दिनांक– 01.08.2025 को 03:00 बजे अपराह्न में अध्यक्ष क्रय समिति के कार्यालय कक्ष में निविदादाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। निविदा का **"तकनीकी बिड"** एवं **"वित्तीय बिड"** अलग–अलग होगा। तकनीकी बिड विधिवत् पाए जाने के उपरांत ही संबंधित निविदादाता का वित्तीय बिड खोला जाएगा।

**(क) निम्नलिखित दस्तावेज तकनीकी अहर्त्ता पूर्ण करने के लिए अनिवार्य होगा। तकनीकी बिड का लिफाफा सील बन्द करके अलग देना होगा।**

1. निविदादाताओं को निविदा के साथ अग्रधन की राशि के रूप में जिला कल्याण पदाधिकारी, लातेहार के पदनाम से 1,00,000 (एक लाख रूपये) का बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा।
2. GST का वित्तीय वर्ष 2025–26 का अद्यतन GSTR-1 एवं GSTR-3B जमा करना अनिवार्य होगा।
3. वित्तीय वर्ष 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 का आयकर रिर्टन जमा करना अनिवार्य होगा।
4. निर्माता कंपनी/प्राधिकृत विक्रेता, निविदादाता या एजेन्सी को इस आशय का शपथ–पत्र/Undertaking मूल रूप में देना होगा कि उनकी कंपनी/संस्थान केन्द्र सरकार, राज्य सरकार एवं अन्य के द्वारा काली सूची में दर्ज नहीं है तथा MRP से अधिक दर अंकित नहीं है।
5. निर्माता कंपनी का ISO Certificate संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. निर्माता कंपनी का CE Certificate संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. निर्माता कंपनी का ROHS Certificate संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8. निविदादाता का विगत तीन वर्ष का औसत टर्नओवर 250.00 (दो करोड़ पचास लाख रूपये) होना अनिवार्य होगा, जिसके लिए ऑडिट रिपोर्ट (with UDIN No.) जमा करना होगा।
9. निविदादाता को उद्योग कार्यालय से निबंधित होने का प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. किसी भी निविदा को स्वीकृत करने, संशोधित करने तथा निविदा को अंशतः या पूर्णतः रद्द करने का अधिकार अध्यक्ष, क्रय समिति के पास सुरक्षित होगा, जिसपर किसी प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

**(ख) वित्तीय निविदा :– वित्तीय बिड का लिफाफा अलग से सील बंद कर जमा करना होगा।**

1. निविदादाताओं को सामग्रियों से संबंधित दर सभी करों सहित लिफाफे में मुहरबंद कर जमा करना अनिवार्य होगा।
2. निविदा समर्पित कर देने के बाद प्रस्तुत कोई दर मान्य नहीं होगा।

नोटः– आपूर्त्ति किये जाने वाले सामग्रियों की सूची एवं Technical Specification लातेहार जिला के Website (latehar.nic.in) से प्राप्त किया जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, लातेहार।

PR.NO.357645 Welfare(25-26):D

**JHARKHAND INDUSTRIAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**
**(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)**
**Office of the M.D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001**

**NOTICE INVITING TENDER**
**(through e-procurement mode only-www.jharkhandtenders.gov.in)**
**NIT No.- JIIDCO/RAMP/RFP/11/2025-26**

**Letter no.395** **Date:18.07.2025**

1. JIIDCO, Ranchi intends to select an Agency for Onboarding of specialized Experts to conduct Capacity Building and Skill Development training of MSMEs in Jharkhand under RAMP (Raising and Accelerating MSME's Performance) Programme. and invites bids from eligible agencies, in providing the services mentioned in this Request for Proposal (RFP).
2. To participate in the e-tendering process, the bidder/agencies are required to get themselves registered with Jharkhand Government e-Procurement portal, i.e., https://jharkhandtenders.gov.in
3. Designation and Address of the Advertiser: - Managing Director, JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001
4. Schedule of Events:
a. Mode of submission of tender :- Online through www.jharkhandtenders.gov.in
b. Date of publishing on portal and website :- 18.07.2025
c. Start date for downloading of the Bid Documents :- 21.07.2025, 11:00 A.M onwards
d. Last date for submission of Pre-bid queries :- 28.07.2025, upto 6:00 P.M.
e. Date of Pre-bid meeting :- 29.07.2025 at 3:00 P.M.
f. Date of publication of Pre-bid queries clarification :- 04.08.2025 upto 6:00 P.M.
g. Last date for downloading of Bidding Documents :- 11.08.2025, upto 6:00 P.M.
h. Last date for submission of Bid Documents :- 12.08.2025 at 12:30 P.M.
i. Bid opening date (Technical) :- 12.08.2025 at 14:30 P.M.
j. Date of Technical Presentation :- to be communicated to bidders on a later date.
k. Date of opening of Financial bid :- to be communicated to qualified bidders.
5. Details of works:-

| Bid No. | Tender reference No- | Name of work | Amount of Earnest money (Rs.) | Cost of BOQ (Non-refundable in Rs.) | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | JIIDCO/RAMP/RFP/11/2025-26 | Selection of Agency for Onboarding of specialized Experts to conduct Capacity Building and Skill Development training of MSMEs in Jharkhand under RAMP (Raising and Accelerating MSME's Performance) Programme | 10,00,000.00 | 11,800.00 (Inclusive GST) | 20 months from signing of the Contract |

6. Tender fee (non-refundable) & EMD is to be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of Tender fee. Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from https://jharkhandtenders.gov.in portal. Refund will only be issued to Originated bank account used for the payment of EMD. So, bidders are advised NOT to close the above Bank Account used for online payment, NEFT/RTGS of EMD.
No Hardcopy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/evaluation. However, Department may ask original documents for verification before award of contract.
7. Bid Validity :- 180 days
8. Place of opening of Technical Bid :- Conference Hall, JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001
9. For any information/complaints the department helpline no. M.no. +91-9631903105 may be contacted.
10. Further details can be seen on website- www.jharkhandtenders.gov.in and JIIDCO website: https://www.jiidco.co.in/tenders.
11. Any Corrigendum or Addendum will be notified on website: - www.jharkhandtenders.gov.in only.

**Note: (i) Any change can be seen on website** www.jharkhandtenders.gov.in
**(ii) Any other information can be seen on** www.jharkhandtenders.gov.in

**Sd/-**
**Managing Director**
**JIIDCO, Ranchi**

**PR 357698 Jharkhand Industrial Infrastructure Dev Co Ltd(25-26).D**

## लगातार कस रहा शिकंजा

# छांगुर के कॉम्प्लेक्स को इडी ने किया सीज



- मुंबई में भी इमारत का हुआ था सौदा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बलरामपुर।** यूपी के बलरामपुर में शुक्रवार को एक बार फिर प्रर्वतन निदेशालय (इडी) की टीम पहुंची। गोपनीय तरीके से पहुंची टीम ने छांगुर का कॉम्प्लेक्स सीज कर दिया। यहां पर नोटिस चस्पा किया गया है। इसमें कई महत्वपूर्ण बातों का जिक्र किया गया है। इससे इस बात अंदाजा लगाया जा सकता है कि जलालुद्दीन उर्फ छांगुर कितने शातिर किस्म का अपराधी है। अवैध धर्मांतरण एवं राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के सरगना छांगुर के गिरोह से जुड़े नीतू और नवीन रोहरा से जुड़े कई रिकार्ड इडी के हाथ लगे हैं। इडी की ओर से आसवी बुटीक पर चस्पा किये गये नोटिस से कई राज खुल रहे हैं। छांगुर ने मुंबई में रनवल ग्रींस नामक एक कांप्लेक्स का सौदा भी कर रखा था। इसके साथ ही कई अन्य संपत्तियों का ब्योरा इडी ने जब्त किया है।

इससे पहले गुरुवार के अवैध धर्मांतरण के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर और उसके करीबियों के बलरामपुर, मुंबई और लखनऊ के 15 ठिकानों पर इडी ने मनी लॉन्ड्रिंग और हवाला नेटवर्क से जुड़े मामलों में बड़ी कार्रवाई की। इडी की 15 टीमों ने छांगुर बाबा के 12 ठिकाने पर एक्शन लिया। यह कार्रवाई सुबह 6 बजे पूरी प्लानिंग के तहत एक साथ शुरू की गयी, ताकि किसी को भागने का मौका नहीं मिले। इस कार्रवाई में कई चौंकाने वाले सुराग इडी के हाथ लगे हैं। बलरामपुर में लगभग 13 घंटे तक बाबा के ठिकानों को खंगाला गया। बताया जा रहा है कि इस दौरान करोड़ों की संपत्तियों की जांच की गयी थी। जमीनों की खरीद-फरोख्त से जुड़े लोगों के घरों पर भी छापेमारी की गयी, इस दौरान लेनदेन का ब्योरा जुटाया।

# भारत में बना डाइविंग सपोर्ट जहाज आइएनएस निस्तार नौसेना में शामिल

- 10 हजार टन वजन का यह वेसल 300 मीटर गहराई में भी रेस्क्यू कर सकता है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विशाखापत्तनम।** देश में बना पहला डाइविंग सपोर्ट जहाज आइएनएस निस्तार शुक्रवार को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। इसे समुद्र के अंदर 300 मीटर तक रेस्क्यू अभियान के लिए बनाया गया है। इस जहाज का वजन 10,000 टन से ज्यादा है। साथ ही 118 मीटर लंबा है। आइएनएस निस्तार को हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने तैयार किया है। विशाखापट्नम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी की मौजूदगी में आइएनएस निस्तार नौसेना को सौंपा गया। ऐसा जहाज दुनिया के चुनिंदा देशों के पास है। डाइविंग सपोर्ट जहाज गहरे समुद्र में डाइविंग और रेस्क्यू ऑपरेशनों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह जहाज गोताखोरों को समुद्र की गहराई तक सुरक्षित ले जाने, वहां काम करने और वापस लाने में मदद करता है। इसमें ऑक्सीजन सप्लाई, दबाव नियंत्रण वाले चेंबर, रोबोटिक उपकरण और रेस्क्यू करने वाली नावें होती हैं। यह पनडुब्बियों में फंसे लोगों को बचाने में भी काम आता है।





### भारत इस क्षेत्र का सबमरीन रेस्क्यू पार्टनर बना : नौसेना प्रमुख दिनेश के त्रिपाठी

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने कहा कि आइएनएस निस्तार सिर्फ एक तकनीकी प्लेटफॉर्म नहीं, बल्कि भारतीय नौसेना की ऑपरेशनल क्षमता को बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण कदम है। इसके कमीशन होने के बाद भारत क्षेत्र का 'सबमरीन रेस्क्यू पार्टनर' बन गया है।

### भारत इंटरनेशनल लेवल के वॉर-शिप भी बना सकता है : रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि आइएनएस निस्तार आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक है। इस जहाज के निर्माण में 120 टरटएर (लघु उद्योग) और 80% से अधिक स्वदेशी सामग्री का योगदान है। भारत की शिपयार्ड इंडस्ट्री अब इतनी सक्षम हो चुकी है कि वह इंटरनेशनल लेवल के वॉर-शिप भी बना सकती है।

## रूसी महिला बच्चे के साथ लापता, सुप्रीम कोर्ट ने लुकआउट नोटिस जारी करने का दिया आदेश

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बच्चे की कस्टडी से जुड़े एक अनोखे केस में एक रूसी महिला के लिए लुकआउट नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। महिला 7 मई से बच्चे को लेकर गायब है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार से दोनों को ढूंढने का आदेश दिया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि रूसी महिला विक्टोरिया देश छोड़ कर नहीं जानी चाहिए। कोर्ट ने मां और बच्चे को ढूंढ कर बच्चे को उसके भारतीय पिता सैकत बसु को सौंपने का आदेश दिया। कोर्ट को बताया गया कि रूसी महिला और बच्चा जंगल में गायब हो गए हैं। सैकत और उनके परिवार को शक है कि विक्टोरिया भारत की जासूसी करके रूस लौटना चाह रही थी। वह 2019 से भारत में रह रही है। वह एक्स-1 वीजा पर भारत आयी थी।

## पाकिस्तान समर्थित 'टीआरएफ' को अमेरिका ने आतंकी संगठन घोषित किया

**वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** अमेरिका ने पाकिस्तान समर्थित द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) की लिस्ट में डाल दिया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शुक्रवार को बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। मार्को रुबियो ने बयान में लिखा, 'लश्कर-ए-तैयबा (एलइटी) का एक मुखौटा और प्रॉक्सी, टीआरएफ ने 22 अप्रैल, 2025 को भारत के पहलगाम में हुए हमले की जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गये थे। यह 2008 में मुंबई हमलों के बाद लश्कर का भारत में नागरिकों पर किया गया सबसे घातक हमला था। टीआरएफ ने भारतीय सुरक्षा बलों पर कई हमलों की जिम्मेदारी भी ली है, जिनमें 2024 का हमला भी शामिल है। अमेरिकी सरकार का यह फैसला राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से पहलगाम हमले के लिए न्याय दिलाने की कोशिश है। यह कदम दिखाता है कि ट्रंप सरकार देश की सुरक्षा को लेकर गंभीर है और आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से खड़ी है। टीआरएफएक आतंकी संगठन हैस जो मुख्य रूप से जम्मू-कश्मीर में सक्रिय है। यह अक्सर ऐसे लोगों को भर्ती करता है, जो आम नागरिकों जैसे दिखते हैं, लेकिन गुप्त रूप से आतंकी गतिविधियों में शामिल होते हैं। इन्हें हाइब्रिड आतंकवादी कहा जाता है। भारत सरकार ने 5 जनवरी, 2023 को टीआरएफ को आतंकी संगठन घोषित किया था।

## जस्टिस वर्मा की सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** इलाहाबाद हाइकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने कैश कांड केस में खुद को दोषी ठहराने वाली जांच रिपोर्ट को रद्द करने की मांग की है। जस्टिस वर्मा ने अपील में कहा कि उनके खिलाफ जो कार्यवाही की गयी, वह न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। मुझे खुद को साबित करने का पूरा मौका नहीं दिया गया। कार्यवाही में एक व्यक्ति और एक संवैधानिक अधिकारी दोनों के अधिकारों का उल्लंघन किया गया है।

## बिहार में बिजली गिरने से 24 घंटे में 17 लोगों की मौतें

**पटना (आजाद सिपाही)।** बिहार में पिछले 24 घंटों में बिजली गिरने से 17 लोगों की मौत हो गयी। सबसे ज्यादा 5 मौतें नालंदा में हुईं। वैशाली में 4, बांका और पटना 2-2 लोगों की जान चली गयी। बिहार के नालंदा जिले में बांध टूटने से निचले इलाकों में पानी भर गया है। राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की टीम को तैनात की गयी है।







































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**